दैनिक नव प्रदेश

आरित्यवर्णं तमसः परस्तात्

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर 3 | आंचलिक 4 | अभिव्यक्ति 6 | छत्तीसगढ़ 7 | खेल/बिजनेस

RNI NO.MPHIN/2020/81503 जबलपुर, गुरूवार 4 जनवरी 2024 वर्ष-3 अंक-332 पृष्ठ-08 मूल्य-4 रुपए जबलपुर, भोपाल, रायपुर, बिलासपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

आज बेबाक

अयोध्या स्थित श्री राम मंदिर में 22 जनवरी को भव्य प्राण प्रतिष्ठा समारोह होने जा रहा है। इसे लेकर पूरे देश में अपार उत्साह देखा जा रहा है। जो कुछ विपक्षी पार्टियों के स्वनाम धन्य नेताओं को फूटी आंख नहीं सुहा रहा है। वे इसका खुलकर विरोध तो नहीं कर पा रहे हैं। लेकिन इसे लेकर विवादास्पद बयान देने से बाज नहीं आ रहे हैं। कांग्रेस नेता अदित राज ने आयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को पांच सौ साल बाद मनुवाद की वापसी करार दिया है। ऐसे अहमक नेता ही लोकसभा चुनाव में अपनी पार्टी की खाट खड़ी करेंगे।

पीएम मोदी, सबका साथ, सबका विश्वास और सबका प्रयास को चरितार्थ कर रहे -राज्यपाल

विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य अब कोई वंचित ना रहें

राज्यपाल पटेल ने हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण किया

भोपाल/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने सारे परिवारो की दिक्कते दूर करने का जिम्मा उठाया है, वह सबका साथ, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र को चरितार्थ कर रहे हैं। विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य पात्रताधारी वंचित ना रहें। उक्त आशय के विचार राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने बुधवार को विदिशा जिले के ग्राम बागरी में आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किए है।

राज्यपाल पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने पहले गरीबो

के बैंक खाते खुलवाकर उनके खातो में ही सीधे राशि जमा करने की पहल की है। अब उन्होंने कोई भी पात्रताधारी वंचित न रहे, की मुहिम छेड़ते हुए विकसित भारत संकल्प यात्रा शुरू की है।

राज्यपाल पटेल ने महिला स्व-सहायता समूहो की महिला सदस्यों के आत्मबल को रेखांकित करते हुए कहा कि समूह की बहनों में हिम्मत आई है और बोलने से अब झिझकती नहीं है। आर्थिक प्रगति के द्वार भी समूहो की महिलाओं के खुले है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में एक समूह की बहन ने अपनी आय की बचत से अपने पति को ट्रेक्टर दिलाया है। महिलाओं की प्रगति से घर, बच्चों, परिवार और समाज, सभी प्रगति की ओर अग्रसर होते है।

राज्यपाल पटेल ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा में प्रधानमंत्री मोदी की गाड़ी हर घर तक संदेश पहुंचाने का काम कर रही है। इसके पीछे मंशा यही है कि कोई भी परिवार किसी भी प्रकार की दिक्कतों से ना जूझे। उन्होंने कहा कि आयोजन स्थलों पर शिविर लगाकर टीबी और सिकलसेल जैसी बीमारी के नियंत्रण के लिये जनजागरूकता और स्वास्थ्य पर ध्यान देने का संदेश दिया जा रहा है। वर्ष 2025 तक टीबी को और वर्ष 2047 तक सिकल सेल जैसी अनुवांशिक **शेष पृष्ठ 5 पर**

रानी अवंती बाई लोधी और रानी दुर्गावती के सम्मान में पुरस्कार शुरू करने का निर्णय

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद की बैठक आयोजित

रानी दुर्गावती श्रीअन्न प्रोत्साहन योजना लागू करने का निर्णय

तेंदूपत्ता संग्रहण दर अब 4 हजार रुपए प्रति बोरा

भोपाल/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में जबलपुर के शक्ति भवन में मंत्रि-परिषद की बैठक आयोजित की गई। मंत्री परिषद द्वारा जनहित के विभिन्न निर्णय लिए गए। मंत्रि-परिषद ने वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी और रानी दुर्गावती को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए उनके सम्मान में पुरस्कार शुरू करने का निर्णय लिया है। रानी अवंती बाई लोधी सम्मान और रानी दुर्गावती सम्मान हर वर्ष दिया जाएगा। विपरीत परिस्थितियों में संघर्ष कर सफल होने वाली समाजसेवी महिलाओं को यह सम्मान प्रदान किया जाएगा। दोनो वीरांगनाओं को आदर्श मानते हुए उनके जीवन पर अध्ययन करने वालो को प्रोत्साहित करने के लिए फेलोशिप शुरू की जाएगी। भावी पीढ़ी को रानी अवंती बाई लोधी और रानी दुर्गावती के आदर्श जीवन से परिचय कराने के लिए फिल्म बनाई जायेगी और साथ ही विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों और विद्यालयों के पाठ्यक्रम में प्रेरणादायी विषय शामिल किया जाएगा।

रानी दुर्गावती श्रीअन्न प्रोत्साहन योजना लागू करने का निर्णय

मंत्रि-परिषद ने श्रीअन्न के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए रानी दुर्गावती श्रीअन्न प्रोत्साहन योजना लागू करने का निर्णय लिया है। योजना के अंतर्गत श्रीअन्न - कोदो-कुटकी, रागी, ज्वार, बाजरा आदि के उत्पादन करने वाले किसानों को प्रति किलो 10 रुपए की राशि प्रदान की जाएगी। यह राशि सीधे किसानों के खाते में अंतरित की जाएगी। मध्यप्रदेश में कोदो- कुटकी की खेती मण्डला, डिण्डोरी, बालाघाट, छिन्दवाड़ा, अनूपपुर, सीधी, सिंगरौली, उमरिया, शहडोल, सिवनी और बैतूल जिलों में होती है। कोदो-कुटकी **शेष पृष्ठ 5 पर**

तेंदूपत्ता संग्रहण दर अब 4 हजार रुपए प्रति बोरा

मंत्रि-परिषद ने तेन्दूपत्ता संग्रहण दर में वृद्धि करने का निर्णय लिया हैं। तेंदूपत्ता संग्रहण की दर 3 हजार रुपए प्रति मानक बोरा से बढ़ाकर 4 हजार रुपए प्रति मानक बोरा की गई है। इस निर्णय से प्रदेश के 35 लाख तेन्दूपत्ता संग्राहकों को लगभग 165 करोड़ रुपए का अतिरिक्त पारिश्रमिक प्राप्त होगा। उल्लेखनीय है कि पूर्व वर्षो में तेंदूपत्ता संग्रहण दर 1 हज़ार 250 रुपए प्रति बोरा थी। वर्ष 2022 से इसे बढ़ाकर 3 हजार रुपए प्रति बोरा की गई थी। अब तेंदूपत्ता संग्रहण दर 4 हजार रुपए प्रति बोरा कर दिया गया है।

महुआ की याचिका पर लोकसभा महासचिव को सुको का नोटिस

नई दिल्ली (वार्ता)। उच्चतम न्यायालय ने तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता महुआ मोइत्रा की संसद सदस्यता रद्द करने के फैसले को चुनौती देने वाली उनकी याचिका पर बुधवार लोकसभा महासचिव को नोटिस जारी किया। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने कहा कि वह अधिकार क्षेत्र और न्यायिक समीक्षा की शक्ति सहित सभी मुद्दों की विचार करेगी। पीठ ने अपने आदेश में कहा कि कई मुद्दे उठाए गए हैं। वह इस स्तर पर किसी भी मुद्दे पर टिप्पणी नहीं करना चाहेगी। पीठ ने याचिकाकर्ता को फ़िलहाल किसी भी तरह की अंतरिम राहत पर विचार करने से इनकार कर दिया। सुश्री मोइत्रा को कथित तौर पर अडानी समूह से संबंधित सवाल पूछने के लिए दुबई के एक व्यवसायी के साथ अपने (संसद की सदस्यता से संबंधित) लॉगिन विवरण साझा करने के मामले में संसद की सदस्यता से निष्कासित कर दिया गया था।

कांग्रेस, लेफ्ट ने महिलाओं को कमजोर माना, हमने आरक्षण दिलाया : मोदी

त्रिशूर (एजेंसी)। बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एकदिवसीय केरल पर पहुंचे। यहां त्रिशूर में उन्होंने रोड शो किया। वहीं महिला सम्मेलन को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि आज कल देश में मोदी की गारंटी की चर्चा है, लेकिन मैं मानता हूं कि देश की नारी शक्ति विकसित भारत की सबसे बड़ी गारंटी है। आजादी के बाद से कांग्रेस और लेफ्ट ने नारी शक्ति को कमजोर माना। कांग्रेस और लेफ्ट की सरकारों ने

महिलाओं को लोकसभा और विधानसभा में आरक्षण देने का कानून लटकाए रखा। मोदी सरकार ने महिलाओं को वो अधिकार दिलाया। देश में कांग्रेस और लेफ्ट की सरकार थी, तो मुस्लिम बहनें तीन तलाक से परेशान थी। मोदी सरकार ने उसे खत्म करने की गारंटी दी थी और उसे खत्म करके भी दिखाया। बीजेपी सरकार के लिए चार जातियां सबसे ऊपर हैं, किसान, गरीब, युवा, महिला। इससे पहले पीएम ने त्रिशूल में एक रोड शो किया था। पीएम मोदी ने बुधवार सुबह लक्षद्वीप के कावारत्ती में 1150 करोड़ **शेष पृष्ठ 5 पर**

'इंडिया गठबंधन' के संयोजक बनाए जा सकते हैं नीतीश कुमार

पटना (एजेंसी)। इंडिया गठबंधन की पिछले साल जून से लेकर दिसंबर तक 4 बैठकें हो चुकी हैं। सीट शेयरिंग, संयोजक और प्रधानमंत्री का चेहरा तीन बड़े मुद्दों पर

अभी भी कोई फैसला नहीं हो पाया है। लोकसभा चुनाव से पहले विपक्षी गठबंधन के 4 बड़े नेताओं ने बुधवार को वर्चुअल मीटिंग की है। बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव, जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) अध्यक्ष और बिहार के सीएम नीतीश कुमार और एनसीपी सुप्रीमो शरद पवार शामिल हुए। सूत्रों के मुताबिक, मीटिंग में **शेष पृष्ठ 5 पर**

मुख्यमंत्री केजरीवाल ने ईडी के सामने पेश होने से किया इनकार

नई दिल्ली (वार्ता)। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल बुधवार को तीसरी बार दिल्ली उत्पाद शुल्क नीति मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के सामने पेश होने से इनकार कर दिया। दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री और आम आदमी पार्टी (आप) नेता सौरभ भारद्वाज ने आज यहां एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि ईडी के समन अवैध और राजनीति से प्रेरित हैं। उन्होंने नोटिस की टाइमिंग पर भी सवाल उठाए।

अडाणी-हिंडनबर्ग केस में सुको का एसआईटी जांच से इनकार

नई दिल्ली (एजेंसी)। अडाणी-हिंडनबर्ग मामले में सुप्रीम कोर्ट ने 3 जनवरी को सेबी को बचे हुए 2 मामलों की जांच के लिए 3 महीने का और समय दिया है। वहीं मामले की जांच को सेबी से लेकर एसआईटी को देने से भी इनकार कर दिया। चीफ जस्टिस डी वाई चंद्रचूड़, जस्टिस जे बी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की बेंच ने यह फैसला सुनाया। कोर्ट ने कहा कि सेबी के रेगुलेटरी फ्रेमवर्क में दखल देने की इस अदालत की शक्ति सीमित है। सेबी ने 24 में से 22 मामलों की जांच पूरी कर ली है। सॉलिसिटर जनरल के आश्वासन को ध्यान में रखते हुए, हम सेबी को अन्य दो मामलों में 3 महीने के

भीतर जांच पूरी करने का निर्देश देते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि ओसीसीपीआर रिपोर्ट को सेबी की जांच पर संदेह के तौर पर नहीं देखा जा सकता। सुप्रीम कोर्ट का मानना है कि जांच को सेबी से एसआईटी को ट्रांसफर करने का कोई आधार नहीं है। इन्वेस्टर और कारोबारी जॉर्ज सोरोस और रॉकफेलर ब्रदर्स जैसे लोगों की फंडेड 'ओसीसीपीआर' 2006 में बनी एक इन्वेस्टिगेटिव संस्था है। कोर्ट के इस फैसले के बाद अडाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडाणी ने कहा- 'कोर्ट के फैसले से पता **शेष पृष्ठ 5 पर**

सीएम सोरेन के करीबियों के 12 ठिकानों पर ईडी रेड

रांची/नवप्रदेश। झारखंड में सियासी हलचल के बीच प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बुधवार को सीएम हेमंत सोरेन के मीडिया सलाहकार अभिषेक प्रसाद उर्फ पिंटू के ठिकानों पर रेड की है। ईडी ने अवैध खनन से जुड़ें मनी लॉन्ड्रिंग मामले में रांची में मुख्यमंत्री के कुछ करीबी सहयोगियों के घर भी दबिश दी है। इसमें आईएएस और साहिबगंज डीसी रामनिवास यादव (राजस्थान, साहिबगंज), खोदनिया ब्रदर्स (साहिबगंज), पूर्व विधायक पप्पू यादव शामिल हैं। सीएम के प्रेस सलाहकार के घर के बाहर सुरक्षाबल तैनात है। प्रेस सलाहकार पिंटू के घर ईडी की टीम ने लॉकर तोड़ने वाले मिस्त्री

को बुलाया है। अहम दस्तावेज और अन्य समान होने की संभावना जताई जा रही है। वहीं, दूसरी ओर ईडी की टीम सीएम के करीबी विनोद सिंह और आर्टिटेक रौशन के रातू रोड के पिस्का मोड स्थित आवास पहुंचकर छापेमारी कर रही है। किसी को अंदर से बाहर और बाहर से अंदर नहीं जाने दिया जा रहा है। साथ ही डीएसपी राजेंद्र दुबे (हजारीबाग और अन्य स्थानों), अभय सरावगी **शेष पृष्ठ 5 पर**

विधायक प्रतिनिधि के यहां पहले की थी रेड

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बरहेट विधानसभा सीट से विधायक हैं। पंकज मिश्रा विधायक प्रतिनिधि हैं। ईडी ने पंकज मिश्रा के यहां पहले रेड की थी। इसी रेड में सीएम के मीडिया सलाहकार अभिषेक प्रसाद उर्फपिंटू का नाम सामने आया था। ईडी को दोनों के बीच वित्तीय लेनदेन के पुख्ता सबूत मिले थे। इसी आधार पर ईडी ने अभिषेक प्रसाद के घर पर रेड की है। अगस्त 2022 में ईडी ने अभिषेक प्रसाद पिंटू को पूछताछ के लिए बुलाया था। 3 अगस्त को अवैध खनन, खनन पट्टा आवंटन और मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में करीब 9 घंटे तक सवाल-जवाब हुए थे। इससे पहले पिंटू से उनके परिवार के सदस्यों के बारे में जानकारी ली गई थी।

कोर्ट रूम में वकील की ऊंची आवाज पर भड़के सीजेआई

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़ और एक वकील के बीच बुधवार को तीखी बहस हो गई। वकील एक याचिका की लिस्टिंग को लेकर चंद्रचूड़ से तेज आवाज में बोल बैठे। इसके बाद सीजेआई भड़क गए। चंद्रचूड़ ने वकील को फटकार लगाते हुए कहा- आप आवाज नीचे करके बात करें, नहीं तो कोर्ट से बाहर करवा दूंगा। मेरे 23 साल के करियर में किसी ने इस तरह से बात नहीं की। तो आगे भी न करें। बहस के दौरान सीजेआई चंद्रचूड़ थोड़े परेशान भी दिखे। उन्होंने वकील के कामकाज पर सवाल उठाते हुए कहा- आप पेशे से वकील हैं, आपको पता होता है कि कहां पेश हो रहे हैं। क्या आप हर

बार जस्टिस पर इसी तरह चिल्लाते हैं? इसके बाद सीजेआई ने वकील को मर्यादा में रहने पर जोर देते हुए कहा- कृपया पहले अपनी आवाज धीमी करें। अगर आपको लगता है कि आप अपनी आवाज उठाकर हमें डरा सकते हैं, तो आप गलत हैं। ऐसा 23 सालों में नहीं हुआ है और अपने करियर के आखिरी साल में भी ऐसा नहीं होने दूंगा। चीफजस्टिस की कड़ी चेतावनी के बाद वकील ने तुरंत माफी मांग ली और मर्यादित तरीके से अपनी बात कोर्ट के सामने रखी।

गरमा-गरम

समीक्षा बैठक ... मुख्यमंत्री ने कानून व्यवस्था की समीक्षा में प्रभावी और आदतन अपराधियों पर शिकंजा कसने के दिये निर्देश

15 जनवरी तक थानों की सीमाओं का करें निर्धारण- मुख्यमन्त्री डॉ. यादव

राष्ट्रीय पर्वों पर शासकीय बैंड आएंगे अस्तित्व में

जिलों में ओपन जेल बनाई जाय, अच्छे आचरण वाले कैदियों का मानवीय पक्ष देखें

भोपाल/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जबलपुर संभाग की कानून व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए कहा कि जिलों में पुलिस थानों की सीमाओं का निर्धारण 15 जनवरी तक पूरा कर लिया जाए। इसके लिए एसडीएम स्तर पर सभी जनप्रतिनिधियों की बैठक में विचार-विमर्श

कर थानों की सीमाओं के प्रारंभिक निर्धारण के बाद दावे-आपत्तियों का निराकरण किया जायेगा। इस प्रकार 15 जनवरी तक सीमा निर्धारण संबंधी सभी प्रक्रियाएं पूरी कर ली जाए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जबलपुर में संभागस्तरीय कानून व्यवस्था की समीक्षा के दौरान कहा कि प्रभावी और आदतन गुंडे और बदमाशों पर सख्त कार्रवाई की जाये। उन पर शिकंजा कसा जाना ज्यादा आवश्यक है। जिससे निचले स्तर तक यह संदेश पहुंचे कि प्रशासन द्वारा आपराधिक कृत्यों में लिप्त किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि आदतन अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। कानून व नियम का उद्देश्य भी यही है। साथ ही मुख्यमंत्री ने कहा कि खुले में मांस मछली के विक्रय पर सख्ती से प्रतिबंध लगायें। खुले में इसका व्यवसाय नही हो, इसके विक्रेताओं को जब तक पक्का निर्माण नहीं हो जाता तब तक अभी फिलहाल शेड युक्त मार्केट बना कर दिया जाय और समुचित स्थान उपलब्ध कराए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जेलों में सजा पूरी कर लेने वाले बंदियों के मानवीय पहलुओं पर विचार करते हुए जिला जेल और पुलिस बल मिलकर योजना बनायें। उन्होंने जिलों में ओपन जेल बनाने की दिशा में काम करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर जिले में पुलिस का बैंड होना चाहिए। जिससे राष्ट्रीय पर्वों पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में शासकीय बैंड का उपयोग हो इसके लिए जिन जिलों में बैंड दल नहीं है, वहां एसएएफ की कंपनियों और पुलिस बल में नई भर्ती के जवानो को प्रशिक्षण देकर पुलिस बैंड दल बनाया जाए।

इसके अलावा पुलिस द्वारा पूर्व में जिलों में प्रारंभ हुई लर्निंग कक्षाओं के संबंध में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने निर्देश दिये कि इस तरह सेवा और साख बढ़ाने का बेहतर काम करने वालों को सम्मानित **शेष पृष्ठ 5 पर**

■ न्यूज गैलरी

जापान: भूकंप में मरने वालों की संख्या बढ़कर 62 हुई

टोक्यो(वार्ता)। जापान के इशिकावा प्रान्त में आये शक्तिशाली भूकंप में बुधवार को स्थानीय समयानुसार सुबह आठ बजे तक मरने वालों की संख्या बढ़कर 62 हो गयी। जापान मौसम विज्ञान एजेंसी (जेएमए) के अनुसार, मध्य जापान और उसके आसपास के क्षेत्र में कई शक्तिशाली भूकंप के झटके महसूस किये गये। यहां स्थानीय समयानुसार आज सुबह करीब 10:54 बजे नोटो प्रायद्वीप में आये भूकम्प की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 5.5 मापी गयी। इशिकावा प्रान्त में नोटो प्रायद्वीप पर करीब 10 किमी की गहराई में सोमवार को तेज भूकंप के कई झटके महसूस किये गये। इनमें से एक प्रारंभिक तीव्रता 7.6 थी। जेएमए ने आधिकारिक तौर पर इसे 2024 नोटो प्रायद्वीप भूकंप का नाम दिया है। जेएमए ने भूकंप के बाद जापान सागर के किनारे सुनामी की सभी सलाह हटा ली है, लेकिन मौसम अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि सप्ताह में, खासकर अगले दो से तीन दिनों में फिर से तेज झटके आ सकते हैं।

न्यूजीलैंड में सड़क दुर्घटनाओं में करीब 19 की मौत

वेलिंगटन(वार्ता)। न्यूजीलैंड में क्रिसमस-नए साल की अवधि के दौरान सड़क हादसों में करीब उन्नीस लोगों की मौत हो गई, जो पांच साल पहले की तुलना में लगभग दोगुनी है। आधिकारिक आंकड़ों में बुधवार को यह जानकारी दी गयी। न्यूज़ीलैंड ऑटोमोबाइल एसोसिएशन (एए) के सड़क सुरक्षा प्रवक्ता डायलन थॉमसन ने कहा, 'देश में सड़क सुरक्षा पिछड़ रही है। अच्छे वाहन चालकों के साथ भी घातक दुर्घटनाएं हो सकती हैं।' उन्होंने चालकों को लापरवाह न होने की चेतावनी दी। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, 2023 में सड़क संबंधी मौतें 343 तक पहुंच गई, जो एक साल पहले 372 से कम है। स्थानीय परिवहन अधिकारियों ने कहा कि बड़ी संख्या में दुर्घटनाएं सड़कों पर वाहन चालकों के व्यवहार, जैसे सीट बेल्ट न पहनने के कारण होती हैं।

आईएसबीटी मामले में सुको का यथास्थिति बनाये रखने के निर्देश

नयी दिल्ली/ नैनीताल(वार्ता)। उच्चतम न्यायालय ने हल्द्वानी में

अंतरराज्यीय बस टर्मिनल के मामले में बुधवार को जारी अपने महत्वपूर्ण निर्णय में यथास्थिति बनाये रखने के निर्देश दिये। न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की युगलपीठ ने हल्द्वानी निवासी रवि शंकर जोशी की अपील पर यह आदेश जारी किया है। युगलपीठ ने सभी पक्षकारों को नोटिस भी जारी किया है। रवि शंकर जोशी की ओर से उत्तराखंड उच्च न्यायालय के 23 अगस्त, 2023 के उस आदेश को चुनौती दी गयी थी जिसमें मुख्य न्यायाधीश विपिन सांघी की अगुवाई वाली पीठ ने जनहित याचिका को खारिज करते हुए प्रदेश सरकार के निर्णय में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया था। याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि प्रदेश सरकार की ओर से पहले हल्द्वानी के गौलापार में आईएसबीटी के निर्माण का निर्णय लिया गया। इसके लिये वन भूमि का चयन भी कर लिया गया। वन भूमि का चयन इस आधार पर किया गया था कि चयनित भूमि पर आईएसबीटी के अलावा कोई अन्य निर्माण नहीं किया जा सकेगा। इसके बाद प्रदेश सरकार ने गौलापार के बजाय हल्द्वानी के तीन पानी में आईएसबीटी के निर्माण का निर्णय ले लिया। अपीलकर्ता की ओर से यह भी कहा गया कि आईएसबीटी के निर्माण के लिये प्रदेश सरकार ने चयनित भूमि से 2700 पेड़ भी काट दिये। इतनी बड़ी संख्या में पेड़ काटने के बावजूद आईएसबीटी का निर्माण नहीं किया जा रहा है। अपीलकर्ता की ओर से दायर अपील में यह तथ्य भी दिया गया कि गौलापार में आईएसबीटी का निर्माण तीन पानी के मुकाबले काफी कम लागत में किया जा रहा था जबकि तीन पानी में आईएसबीटी की लागत काफी बढ़ गयी है। तीन पानी में 110 करोड़ की लागत से सिर्फ सड़क का निर्माण किया जा रहा है। अपीलकर्ता के अधिवक्ता कार्तिक जयशंकर ने बताया कि एससी की

इसरो ने आदित्य एल-1 पर शिफ्ट किया फोकस, नए घर में एंट्री करने वाला है भारत का सूर्य मिशन

नई दिल्ली। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने स्पेस में ब्लैक होल की स्टडी करने में मदद करने वाले अपने पहले एक्स-रे पोलरिमीटर सैटेलाइट का सोमवार को सफलतापूर्वक प्रक्षेपण करने के साथ 2024 की शानदार शुरुआत की। एक्सपोसैट ऑब्जर्वेटरी को अंतरिक्ष में ले जाने वाले पीएसएलवी-सी58 मिशन के सफल प्रक्षेपण के बाद इसरो ने अपना फोकस अगले काम पर शिफ्ट कर दिया है। ये काम है बेहद खास मिशन आदित्य एल1 को लेकर। दरअसल आदित्य एल1 अपने नए घर में एंट्री करने वाला है। भारत का पहला सौर जांच, मिशन आदित्य-एल1, इस सप्ताह के अंत में अपने गंतव्य, लैग्रेंज प्वाइंट 1 पर पहुंचने के लिए तैयार है।

इसरो के प्रमुख एस. सोमनाथ ने बताया कि सौर मिशन आदित्य एल1 छह जनवरी को सूर्य-पृथ्वी प्रणाली के लैग्रेंज प्वाइंट 1



(एल1) पर पहुंचेगा, जहां से अंतरिक्ष यान बिना किसी बाधा के सूर्य का अध्ययन करेगा। यह मिशन इसी साल सितंबर में शुरू किया गया था। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), बंबई के वार्षिक विज्ञान और प्रौद्योगिकी कार्यक्रम 'टेकफेस्ट 2023' में सोमनाथ ने कहा, ''आदित्य एल1 अब करीब-करीब वहां पहुंच चुका है। आदित्य एल1 छह जनवरी को शाम चार बजे लैग्रेंज प्वाइंट पर पहुंच जाएगा। हम आदित्य एल1 के इंजन को बहुत नियंत्रित तरीके से संचालित करेंगे, ताकि वह 'हेलो ऑर्बिट' नामक कक्षा में प्रवेश कर सके।''

'लैग्रेंज प्वाइंट' वह क्षेत्र है जहां पृथ्वी और सूर्य के बीच गुरुत्वाकर्षण निष्क्रिय हो जाएगा। सोमनाथ ने कहा कि गुरुत्वाकर्षण पूरी तरह बेअसर होना संभव नहीं है, क्योंकि चंद्रमा, मंगल, शुक्र जैसे अन्य पिंड भी हैं। उन्होंने कहा कि सभी छह पेलोड का परीक्षण किया जा चुका है और वे 'अच्छे से काम कर रहे हैं।' उन्होंने कहा कि सभी से बहुत अच्छी जानकारी मिल रही है। भारत के चंद्रयान-3 के बारे में सोमनाथ ने कहा कि डेटा एकत्र करने में अपने योगदान के 14 दिनों के बाद प्रज्ञान रोवर चंद्रमा की सतह पर हमेशा के लिए सो गया। उन्होंने कहा, ''यह इतिहास में हमेशा के लिए सो गया है।

दुर्भाग्य से, हम उम्मीद कर रहे थे कि यह जाग जाएगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। जब हमने अपनी प्रयोगशाला में पूरे सिस्टम का परीक्षण किया, तो यह काम कर रहा था।'' सोमनाथ ने बताया कि प्रयोगशाला में काम करने वाली कुछ प्रणालियां विकिरण जैसे विभिन्न कारणों से चंद्र सतह पर काम नहीं कर पाती हैं।

बिहार में प्रखंड प्रमुख के पति की गोली मारकर हत्या

कटिहार(ए)। बिहार के कटिहार जिला के फलका थाना क्षेत्र में प्रखंड प्रमुख के पति के अज्ञात अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी। इस घटना में उनका एक कर्मचारी घायल हो गया। फलका प्रखंड प्रमुख दीपशिखा सिंह के पति कंचन मंडल बुधवार की रात अपने गिट्टी, बालू की दुकान कंचन दीप ट्रेडर्स पर बैठे थे, तभी अज्ञात अपराधियों ने पहुंचकर गोलीबारी शुरू कर दी।

नीतीश की भूमिका पर इंडिया में असमंजस

कांग्रेस का दावा- बैठक हुई; जेडीयू का इनकार

नई दिल्ली। नीतीश कुमार की इंडिया गठबंधन में क्या भूमिका होगी? इस सवाल का जवाब आज भी नहीं मिल रहा है। कांग्रेस ने दावा किया है कि आज इसी का जवाब ढूंढने और सीट शेयरिंग पर चर्चा करने के लिए बैठक हुई है। हालांकि, जेडीयू ने इस दावे का खंडन किया है। न्यूज-18 ने अपनी एक रिपोर्ट में नीतीश कुमार के करीबी मंत्री के हवाले से कहा है कि उन्हें इस बैठक की जानकारी नहीं है।

आज सुबह भी खबर सामने आई कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की नीतीश

कुमार और लालू यादव के साथ बैठक हुई। इस बैठक में सीट शेयरिंग के साथ-साथ नीतीश कुमार को इंडिया गठबंधन का संयोजक बनाने को लेकर चर्चा हुई। अब ऐसे में सवाल यह उठता है कि आखिर यह असमंजस की स्थिति क्यों बन रही है। नीतीश कुमार की बड़ी भूमिक तय करने के लिए जेडीयू नेताओं के द्वारा लगातार मांग की जा रही है। अब चुनाव के लिए चंद महीनों का इंतजार बचा है, इसके बाद भी तस्वीर साफ नहीं हो पा रही है।

इससे पहले मंगलवार को संजय झा ने इंडिया गठबंधन में नीतीश कुमार को मिलने वाली विशेष जिम्मेदारी (संयोजक) की चर्चा को लेकर कहा है कि उन्हें कोई जानकारी नहीं है। इसके अलावा आरजेडी सांसद मनोज झा ने नीतीश कुमार को संयोजक बनाए जाने की बात पर उन्होंने कहा कि उन्हें ऐसी कोई जानकारी नहीं है। वे भी खबरों में भी सुन रहे हैं। अभी तक कुछ ठोस नहीं है। इतना ही नहीं, नीतीश के एक और करीबी मंत्री विजय चौधरी ने भी इस बैठक की जानकारी नहीं होने की बात कही थी।

इस पूरे प्रकरण पर बीजेपी की भी प्रतिक्रिया सामने आई है। केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय ने मंगलवार को कहा कि नीतीश कुमार को इंडी गठबंधन संयोजक बनाए या ना बनाए, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। उन्होने कहा कि नीतीश कुमार का जनाधार खत्म हो चुका है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सामने कोई चेहरा ही नहीं है।

अजनबी को लिफ्ट देना पड़ा महंगा, गंवाई कार और 2.5 लाख रुपये

नई दिल्ली। हरियाणा में नेशनल हाईवे-44 पर अजनबियों को लिफ्ट देना एक व्यापारी को काफी महंगा पड़ गया। इसकी कीमत व्यापारी को अपनी कार गंवाकर और 2.5 लाख रुपये लुटाकर चुकानी पड़ी है। संजय नाम के जिस व्यापारी ने दो अजनबियों को अपनी कार में लिफ्ट दी थी, उन अजनबियों ने बंदूक की नोंक पर उन्हें ही लूट लिया। संजय स्पेयर पार्ट्स खरीदने के लिए दिल्ली आ रहे थे लेकिन रास्ते में करनाल के पास ये घटना हो गई। बदमाशों ने पैसे और कार छीनने के बाद व्यापारी को गोली मार दी। जख्मी हालत में व्यापारी को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है।

करणी सेना चीफ मर्डर केस में बड़ी कार्रवाई एनआईए ने 31 जगहों पर की छापेमारी

नई दिल्ली। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने पिछले महीने हुई करणी सेना के प्रमुख सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की हत्या केस की जांच के सिलसिले में बुधवार को राजस्थान और हरियाणा में 31 स्थानों पर छापेमारी की है। आपको बता दें कि 5 दिसंबर 2023 को गोगामेड़ी की उनके आवास पर तीन हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। इसके बाद राजस्थान में विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया।

लॉरेंस बिश्नोई गैंग से जुड़े गैंगस्टर रोहित गोदारा ने सोशल मीडिया पोस्ट पर हत्या की जिम्मेदारी ली थी। उसने कहा कि गोगामेड़ी अपने दुश्मनों का समर्थन कर रहा है।

गृह मंत्रालय ने बड़ी साजिश की जांच के लिए एनआईए को जांच अपने हाथ में लेने के लिए कहा था। ऐसा समझा जाता है कि एनआई ने मामला दर्ज करने के बाद कुछ संदिग्धों से पूछताछ की है और उनसे पूछताछ के आधार पर बुधवार को तलाशी ली जा रही है। एक अधिकारी ने नाम नहीं बताने की शर्त पर यह जानकारी दी है।

जयपुर पुलिस ने हत्याकांड में शामिल दो शूटरों को घटना के पांच दिन बाद चंडीगढ़ से गिरफ्तार किया था। आपको बता दें कि लॉरेंस बिश्नोई 2015 से पुलिस हिरासत में है। विभिन्न राज्यों की जेलों से अपने आतंकी-अपराध सिंडिकेट का संचालन कर रहा है।

राम मंदिर के बाद आ रहा सीएए, लोकसभा चुनाव से पहले लागू करने की तैयारी

नई दिल्ली। केंद्र की सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने लोकसभा की तैयारी शुरू कर दी है। चुनाव से पहले अयोध्या में राम मंदिर का उद्घाटन होने जा रहा है। साथ ही सरकार के सूत्रों ने मंगलवार को यह भी बताया कि नागरिकता अधिनियम के नियम को लोकसभा चुनाव की घोषणा से बहुत पहले अधिसूचित किया जाएगा। आपको बता दें कि इस विधेयक को दिसंबर 2019 में संसद द्वारा मंजूरी दे दी गई थी। इस विधेयक में पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश में धार्मिक उत्पीड़न के कारण भारत आए हिंदुओं, सिखों, बौद्धों, जैनियों, पारसियों और ईसाइयों को भारतीय नागरिकता देने की वकालत की गई है। वहीं, मुसलमानों को इससे अलग रखा गया है। कानून पारित होने के तुरंत बाद देश भर में इसके

खिलाफ व्यापक विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए। इस कानून के अधिनियमों को कभी भी अधिसूचित नहीं किया गया है। सरकार ने नियम बनाने के लिए बार-बार विस्तार की मांग की है। सूत्रों ने बताया है कि नियम अब तैयार हैं। ऑनलाइन पोर्टल भी तैयार है। सूत्रों ने यह भी बताया कि पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन होगी और आवेदक अपने मोबाइल फोन से भी आवेदन कर सकते हैं। सूत्रों ने कहा, ÷हम आने वाले दिनों में सीएए के लिए नियम जारी करने जा रहे हैं। एक बार नियम जारी होने के बाद कानून लागू किया जा सकता है और पात्र लोगों को भारतीय नागरिकता दी जा सकती है। यह पूछे जाने पर कि क्या लोकसभा चुनाव की घोषणा से पहले नियमों को अधिसूचित किया जाएगा, सूत्रों ने कहा, सभी चीजें जगह पर हैं और हां उन्हें चुनाव से पहले लागू किए जाने की संभावना है। आवेदकों को वह वर्ष बताना होगा जब उन्होंने यात्रा दस्तावेजों के बिना भारत में प्रवेश किया था। आवेदकों से कोई दस्तावेज नहीं मांगा जाएगा।

एक अधिकारी ने कहा, ''केंद्र ने नियम बनाने के लिए अब तक आठ तारीखों के विस्तार का लाभ उठाया है। पिछले दो वर्षों में नौ राज्यों के 30 से अधिक जिला मजिस्ट्रेटों और गृह सचिवों को नागरिकता अधिनियम 1955 के तहत अफगानिस्तान, बांग्लादेश और पाकिस्तान से आने वाले हिंदुओं, सिखों, बौद्धों, जैनियों, पारसियों और ईसाइयों को भारतीय नागरिकता देने की शक्तियां दी गई हैं।

ईडी-सीबीआई भाजपा का राजनैतिक हथियार: आतिशी

नई दिल्ली(वार्ता)। आप नेता आतिशी ने ईडी के समन पूरी तरह ग़ैरक़ानूनी और राजनीति से प्रेरित करार देते हुए बुधवार को कहा कि यह मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को लोकसभा चुनाव में प्रचार करने से रोकने की कोशिश है। सुश्री आतिशी ने कहा कि भाजपा यह हथकंडा अपनाकर लोकसभा चुनाव से पहले ईडी और सीबीआई का इस्तेमाल करके विपक्षी नेताओं को जेल भेजना चाहती है ताकि इंडिया गठबंधन सफल न हो। ईडी-सीबीआई आज सिर्फ़ भाजपा का राजनैतिक हथियार हैं, जिनका इस्तेमाल विपक्ष के नेताओं को डराने-धमकाने के लिए किया जा रहा है। अगर विपक्ष का कोई भी नेता भाजपा में शामिल हो जाता है तो समन-गिरफ़्तारियाँ बंद हो जाती हैं और ईडी कोर्ट में जाकर केस वापस ले लेता है। केंद्र सरकार की ईडी ने दिल्ली के मुख्यमंत्री को तीसरी बार एक ग़ैरक़ानूनी समन भेज कर पेश होने को कहा है।

भारत ने वापस भेजे म्यांमार के 151 सैनिक

➢ बिना वीजा वाली मुक्त आवाजाही भी होगी खत्म

आइजोल। म्यांमार के 150 से अधिक सैनिकों को भारत ने वापस भेज दिया है। ये सैनिक हथियारबंद लोकतंत्र समर्थक जातीय समूहों द्वारा उनके शिविरों पर कब्जा कर लिए जाने के बाद पिछले हफ्ते मिजोरम भाग गए थे। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि उन्हें म्यांमार के सैन्य विमान से घर वापस भेज दिया। सैनिकों को वापस लेने के लिए म्यांमार वायु सेना का एक विमान आज मिजोरम के लेंगपुई हवाई अड्डे पर उतरा। परिवहन विमान ने म्यांमार के मांडले से उड़ान भरी और मिजोरम में उतरा और दो उड़ानों में 151 सैनिकों को पड़ोसी देश के अक्याब में पहुंचाया। 29 दिसंबर को, म्यांमार के 151 सैनिक अपने शिविरों से भाग गए और अपने हथियारों के साथ मिजोरम के लांगतलाई जिले

में घुस गए। इन सैनिकों को 'तातमाडॉ' के नाम से भी जाना जाता है। भारत में घुसने पर उन्होंने असम राइफल्स से संपर्क किया। लड़ाई के दौरान भारत-म्यांमार सीमा के पास उनके शिविर पर म्यांमार में एक सशस्त्र लोकतंत्र समर्थक समूह, अराकान सेना के लड़ाकों ने कब्जा कर लिया था। असम राइफल्स ने म्यांमार के उन सैनिकों को चिकित्सा उपचार प्रदान किया जो शिविरों से भागते समय बंदूक की लड़ाई में गंभीर रूप से घायल हो गए थे। ये जवान लांगतलाई के पारवा में असम राइफल्स की हिरासत में थे। असम राइफल्स के एक अधिकारी ने पहले कहा था कि म्यांमार के सैनिकों को कुछ दिनों में उनके देश वापस भेज दिया जाएगा क्योंकि विदेश मंत्रालय और म्यांमार सैन्य सरकार के बीच बातचीत चल रही है। भारत-म्यांमार सीमा के आसपास रह रहे लोगों को एक -दूसरे देश में बिना वीजा के 16 किलोमीटर तक जाने की अनुमति देने वाली मुक्त आवाजाही व्यवस्था शीघ्र ही खत्म हो जाएगी। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। मिजोरम, मणिपुर, नगालैंड और अरूणाचल प्रदेश से गुजरने वाली 1,643 किलोमीटर लंबी भारत-म्यांमार सीमा पर फिलहाल एफएमआर है। इसे भारत की 'एक्ट ईस्ट पॉलिसी' के तहत 2018 में लागू किया गया था। एफएमआर के तहत पर्वतीय जनजाति का हर सदस्य, जो भारत या म्यांमार का नागरिक है एवं सीमा के किसी भी ओर 16 किलोमीटर के दायरे में रहता है, बॉर्डर पास दिखाने पर सीमा के आर-पार जा सकता है और दो सप्ताह तक वहां ठहर सकता है।

असम के डेरागांव में भीषण हादसा, ट्रक से भिड़ी बस, 14 लोगों की मौत, 27 गंभीर रूप से घायल

गुवाहाटी(ए.)। असम में बुधवार सुबह एक बड़ा हादसा हुआ। यहां के डेरागांव में 45 लोगों को ले जा रही एक बस ट्रक से भिड़ गई। इस हादसे में कम से कम 14 लोगों की मारे जाने की खबर है। वहीं, 27 लोग गंभीर रूप से घायल हैं। पुलिस का कहना है कि बस में बैठे लोग पिकनिक पार्टी के लिए अठखेलिया से बलिजान की तरफ जा रहे थे। रास्ते में ही यह बस एक ट्रक से टकरा गई। अधिकारियों ने बताया कि बस का सफर सुबह तीन बजे शुरू हुआ था। रास्ते में ही कोयले से लदे ट्रक से उसकी टक्कर हो गई।

''चार लेन राजमार्ग का एक हिस्सा क्षतिग्रस्त होने के कारण ट्रक गलत दिशा से जोरहाट की ओर से आ रहा था, जबकि बस सही लेन में थी। सुबह कोहरा था और दोनों वाहन तेज गति में थे।'' दुर्घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस और राहत-बचाव कर्मियों की एक टीम घटनास्थल पर पहुंच गई। घायलों को जोरहाट मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। एक अफसर ने कहा कि कई घायलों की स्थिति नाजुक बनी हुई है। घटना कैसे हुई पुलिस इसकी जांच में जुटी है। राष्ट्रपति मुर्मू और पीएम मोदी ने जताया शोक।

कुश्ती को कर दिया बर्बाद; साक्षी, विनेश और बजरंग के खिलाफ आंदोलन को उतरे सैकड़ों पहलवान

नई दिल्ली। भारतीय कुश्ती संघ को लेकर चल रहे विवाद ने बुधवार को नया मोड़ ले लिया। अब तक आंदोलन करने वाले और अपने सम्मान भी लौटाने वाले साक्षी मलिक, बजरंग पूनिया और विनेश फोगाट के खिलाफ ही प्रदर्शन शुरू हो गया है। बुधवार को जंतर-मंतर पर सैकड़ों पहलवान जुटे और उन्होंने इन तीनों का विरोध किया। इन लोगों के हाथों में बैनर भी थी, जिनमें नारे लिखे हैं। इनमें से एक में लिखा था- कर दिया देश की कुश्ती को बर्बाद, साक्षी मलिक, बजरंग पूनिया और विनेश फोगाट। ये जूनियर पहलवान बसों से यूपी, हरियाणा और दिल्ली से आए हैं। इन आंदोलनकारी जूनियर पहलवानों में

बागपत के छपरौली से आए 300 लोग हैं। इसके अलावा नरेला की वीरेंद्र कुश्ती अकादमी से भी कुछ लोग आए हैं। यही नहीं इन लोगों का कहना है कि अभी कुछ और पहलवान यहां आ रहे हैं। इन लोगों ने जंतर-मंतर पर ही प्रदर्शन का फैसला लिया, जहां एक महीने से ज्यादा समय तक साक्षी मलिक, बजरंग पूनिया और विनेश फोगाट डटे रहे थे। इन लोगों ने जंतर-मंतर पहुंचने के बाद तीनों सीनियर पहलवानों के खिलाफ नारेबाजी भी की। कुश्ती महासंघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ तीनों नामी पहलवानों ने आंदोलन किया था। यही नहीं बृजभूषण शरण सिंह को बेदखल किए जाने के बाद जब संघ का नया चुनाव हुआ तो उसमें भी उनके करीबी संजय सिंह को ही जीत मिल गई। इस पर भी तीनों पहलवान भड़क गए। इन पहलवानों में गुस्सा ऐसा था कि उन्होंने अपने सम्मान भी लौटा दिए। अब उनके ही खिलाफ जूनियर पहलवान उतर गए हैं। इन जूनियरों का कहना है कि आंदोलन के चलते उनके इवेंट नहीं हो रहे हैं और कुश्ती का खेल भारत में बर्बाद हो रहा है।

सीएए लागू होने से मुस्लिम-दलित और गरीबों के साथ अन्याय होगा : ओवैसी

नई दिल्ली। देश में नागरिकता संशोधन अधिनियम यानी कि सीएए लागू होने की सुगबुगाहट तेज हो गई है। माना जा रहा है कि इस साल कभी भी इस कानून को लागू किया जा सकता है। गृह मंत्री अमित शाह ने भी बंगाल की धरती से दो बार इस कानून को लागू करने की बात कर दी है। इस बीच एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने सीएए पर बड़ा बयान दिया है। ओवैसी ने कहा कि सीएए संविधान विरोधी है। यह एक कानून है जो धर्म के आधार पर बनाया गया है। सीएए को हक्क्र-हत्र्ष्ट के साथ पढ़ा और समझा जाना चाहिए जो इस देश में आपकी नागरिकता साबित करने के लिए शर्तें तय करेगा। यदि ऐसा होता है तो यह घोर अन्याय होगा, विशेषकर मुसलमानों, दलितों और भारत के गरीबों के साथ, चाहे वे किसी भी जाति या धर्म के हों। अब ये कोई पहली बार नहीं है जब ओवैसी द्वारा सीएए कानून का विरोध किया गया हो। वे शुरुआत से ही इसके खिलाफ बयानबाजी करते आ रहे हैं। कई दूसरे विपक्षी दल भी इस कानून को स्वीकार करने को तैयार नहीं है। इस एक सीएए की वजह से देश में दंगे जैसी स्थिति भी पैदा हो चुकी है, कई लोगों ने अपनी जान गंवाई है, कई जगह पर कर्फ्यू लगा है और हजारों गिरफ्तारियां भी देखने को मिली हैं। वैसे सीएए अगर कानून बन जाता है तो जो भारत के तीन मुस्लिम देश हैं- पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश, यहां रहने वाले हिंदू, सिख, ईसाई, जैन, बौद्ध और पारसी लोगों को आसानी से भारत की नागरिकता मिल सकती है।

राजतिलक होते-होते बनवास हो जाता है

छलका पूर्व सीएम शिवराज का दर्द; लाडली बहनों पर यह बोले

सीहोर। मध्य प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी ने नई सरकार बनाई तो मुख्यमंत्री के चेहरे को भी बदल दिया। ऐसी उम्मीद लगाई जा रही थी कि राज्य में पार्टी अपने लोकप्रिय चेहरे शिवराज सिंह चौहान को ही कुर्सी सौंपेगी। लेकिन बीजेपी ने सबको चौंकाते हुए एमपी में मोहन यादव को अपना नया सीएम बनाया। अब शिवराज सिंह चौहान ने एक जनसभा में कहा कि कई बार राजतिलक होते-होते बनवास हो जाता है।

पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान सीहोर में मौजूद थे। यहां वो कई महिलाओं को संबोधित कर रहे थे। सीएम शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि लाडली बहनों की योजनाएं भी जारी रहेंगी और

भांजे-भांजियों के कल्याण में भी कोई कमी नहीं रहेगी। फिर चाहे वो गरीब हो या किसान हो। पूर्व सीएम ने यहां कहा, 'हमने लाडली बहनों के लिए जो कहा है वो करेंगे। सरकार भारतीय जनता पार्टी की है कोई कांग्रेस की सरकार थोड़े ही है और अपनी सरकार काम करेगी। किसानों के लिए जो वचन दिए हैं वो पूरे होंगे। प्रत्येक परिवार एक रोजगार और लाडली बहनों से जुड़े कामों को नई सरकार आगे बढ़ाएगी।'

इसके बाद शिवराज सिंह चौहान ने कहा, 'कही ना कही कोई बड़ा उद्देश्य होगा। कई बार राजतिलक होते-होते बनवास हो जाता है। लेकिन वो किसी ना किसी उद्देश्य पूर्ति के लिए होता है। चिंता मत करना मेरी जिंदगी आपके लिए है। जनता-जनार्धन के लिए है। बेटा-बेटियों और बहनों के लिए है। इस धरती पर इसीलिए आया हूं मैं कि आपकी आंखों में आंसू नहीं रहने दूंगा।'

पूर्व सीएम शिवराज ने कहा, 'मैं बहुत गंभीरता से कह रहा हूं। तुम्हें छोड़कर कभी नहीं जाऊंगा।' शिवराज ने भारी मन से कहा कि मुख्यमंत्री के पद तो आ जा सकते हैं, लेकिन मामा और भाई का पद कभी कोई नहीं छीन सकता। शिवराज सिंह ने केंद्र की ओर साफ इशारा करते हुए कह दिया कि मामा आपके बीच ही रहेगा, वही कुछ दिनों से मामा जहा भी जाते हैं, वहा महिलाए उनके गले लिपटकर रोने लगती है, ऐसा नजारा शाहगंज में भी देखने को मिला।

बता दें कि पहले भी शिवराज सिंह के कई बयान सामने आए थे। विधानसभा चुनाव के पहले उन्होंने कहा था, 'मुझे चुनाव लड़ने को कहा गया। चुनाव के बाद पूर्व सीएम ने कहा था कि मामा ओर भइया से बड़ा कोई पद नहीं। सीएम ने यह भी कहा था, 'मित्रो अब विदा तस रख दीनी चदरिया। सभी को राम राम।'

सार्वजनिक करना चाहिए जाति गणना का डेटा, बिहार सरकार को सुप्रीम कोर्ट का अहम आदेश



नई दिल्ली। जाति आधारित सर्वे के बाद बिहार सरकार ने ओबीसी के लिए आरक्षण बढ़ाने जैसे नीतिगत निर्णय लेना शुरू कर दिया है। इस बीच सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को इस मामले पर सुनवाई और कहा कि राज्य को डेटा सार्वजनिक करना चाहिए ताकि लोगों को चुनौती देने की अनुमति मिल सके। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने कहा कि मुख्य चिंता इस बात को लेकर है कि सरकार द्वारा एकत्र किए गए आंकड़ों को किस हद तक सार्वजनिक डोमेन में डाला जा सकता है ताकि इससे नागरिकों की निजता के अधिकार का उल्लंघन न हो। सर्वेक्षण की वैधता को चुनौती देने वाले याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वकील राजू रामचंद्रन ने अंतरिम आदेश की मांग करते हुए जोर दिया कि राज्य सर्वेक्षण के निष्कर्षों के आधार पर निर्णय लेने के लिए तेजी से आगे बढ़ रहा है। रामचंद्रन ने कहा, हम जनगणना रिपोर्ट को रिकॉर्ड पर रखने के बाद अंतरिम राहत के लिए बहस करना चाहते हैं। रिपोर्ट को लागू किया जा रहा है और आरक्षण बढ़ाया गया है। चूंकि चीजें तेजी से आगे बढ़ रही हैं हम अंतरिम राहत के लिए बहस करना चाहेंगे। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को बिहार सरकार से सवाल किया कि 'वह राज्य में कराए गए जातीय सर्वेक्षण के आंकड़े को किस हद तक रोक सकती है।'

शीर्ष अदालत ने बिहार में कराए गए

प्रदेश का सबसे बड़ा एलिवेटेड कॉरीडोर जबलपुर में बनेगा

महाकौशल क्षेत्र की तीव्र प्रगति होगी- मुख्यमंत्री डॉ. यादव

अयोध्या और हरिद्वार की तरह नर्मदा के घाटों का विकास होगा

जहां-जहां भगवान राम के चरण पड़े हैं, वे स्थान बनेंगे तीर्थ

आगामी 22 जनवरी को हर गांव और शहर में मनाएंगे दीपावली, मंदिर भी सजेंगे

वीरांगनाओं की जीवनियां पाठ्यक्रमों में पड़ाएंगे।

वीरांगना दुर्गावती के बलिदान के सम्मान में रखी गई जबलपुर में केबिनेट बैठक

भोपाल/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश के महाकौशल क्षेत्र में तीव्र प्रगति सुनिश्चित की जाएगी। संभाग के सभी जिलों में नए उद्योगों से लोगों को बड़ी संख्या में रोजगार प्राप्त होगा और खुशहाली आएगी। खाद्य प्रसंस्करण, दुग्ध उत्पादन और अन्य संबंधित गतिविधियों से नागरिकों को लाभान्वित किया जाएगा। करीब 800 करोड़ रूपए की लागत से एलिवेटेड कॉरीडोर विकसित होगा, जो प्रदेश का सबसे बड़ा कॉरीडोर होगा। महाकौशल क्षेत्र में जनसहयोग से विकास का कारवां आगे बड़ेगा। प्रगति के कार्य निरंतर चलेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आज जबलपुर में 409.53 करोड़ रूपये लागत के विकास कार्यों का भूमि पूजन एवं लोकार्पण कर रहे थे। इनमें 100.66 करोड़ रूपये के विकास कार्यों का भूमिपूजन और 308.87 करोड़ रूपये के विकास कार्यों का लोकार्पण शामिल है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वन ग्रामों की तकलीफें दूर की जाएंगी। आज बरगी डेम के प्रभावित 10 ग्राम के 1414 परिवारों को भू-अभिलेख के पट्टे भी प्रदान किए गए। जबलपुर में 63 एकड़ क्षेत्र में आई.टी. पार्क का निर्माण कार्य किया जाएगा, इसकी लागत 400 करोड़ रूपए है। इसके अलावा 65 करोड़ रूपए की लागत के गारमेंट और फैशन डिजाइन क्लस्टर का विकास होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अनेक हितग्राहियों को हितलाभ भी प्रदान किए। कार्यक्रम में 1414 परिवारों को भू-अधिकार के पट्टे प्रदान किए गए।

जबलपुर शहर का स्वरूप बदल देंगे विकास कार्य

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आज जबलपुर में कौशल विकास, चिकित्सा शिक्षा विभाग, नगरीय विकास एवं आवास विभागों के विकास कार्यों की शुरूआत की हैं। इन विकास कार्यों से जबलपुर शहर का स्वरूप बदल जाएगा। इन कार्यों में बरगी जिला जबलपुर में 03 ट्रेड आईटीआई का भवन निर्माण कार्य, एन.एस.सी.बी. मेडिकल कॉलेज जबलपुर में स्नातक प्रवेश क्षमता 150 से 250 सीटर उन्नयन, शारदा नगर पार्क मे रांझी वन विहार निर्माण कार्य (मुख्यमंत्री नगरीय क्षेत्र अधोसंरचना निर्माण योजना), रानी अवन्ती बाई वार्ड चग्गर फर्मा कॉलोनी एवं राजुल सिटी से स्वर्ण भूमि मुख्य मार्ग मे एम 30 सीमेंट सडक निर्माण, महाराजा अग्रसेन वार्ड अंतर्गत अहिंसा चौक से वासु डेरी होते हुए सायबर जंक्शन तक एम 30 सीसी रोड, संभाग क्र 14 अंतर्गत महाराजा अग्रसेन वार्ड गरबा स्कीम नं 5/14 में विभिन्न स्थानों पर एम 30 सीसी सड़क निर्माण कार्य समिति, 750 एमएम पाइप लाइन राजुल काम्प्लैक्स आगा चौक से 300 एमएम पाइपलाइन सर्वोदय नगर तक एवं विभिन्न स्थानों पर पाइपलाइनों का कार्य, जबलपुर स्मार्ट रोड फेस 1 (राइट टाउन रोड), जबलपुर स्मार्ट रोड फेस 2 (गोलबाजार रोड) और नेताजी सुभाष चन्द्र बोस मेडिकल महाविद्यालय जबलपुर में 85 पीजी सीट वृद्धि निर्माण कार्य शामिल हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नर्मदा के 17 घाटों के विकास कार्य भी होंगे। यह घाट अयोध्या और हरिद्वार की तर्ज पर बनेंगे। नर्मदा जी पूर्व से पश्चिम की तरफ बहती हैं। मध्यप्रदेश के नागरिक श्रद्धापूर्वक माँ नर्मदा की आरती करते हैं। घाटों के विकास के संबंध में विभिन्न सुझावों पर भी अमल किया जाएगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अपने संबोधन की शुरूआत नर्मदे हर और जय-जय श्री महाकाल के उद्घोष के साथ की। डॉ. यादव ने कहा कि जाबालि ॠषि की धरती जबलपुर देश का मध्य केन्द्र भी है। यह रानी दुर्गावती के शौर्य और पराक्रम का प्रमाण देने वाली धरती है। रानी दुर्गावती के बलिदान का सम्मान करते हुए जबलपुर में मंत्रिपरिषद की बैठक आयोजित की गई। यह क्षेत्र रानी अवंती बाई के बलिदान का भी गवाह है। साहसी भारतीय महिलाओं ने सदैव दुनिया के आगे साहस का उदाहरण प्रस्तुत किया है। रानी दुर्गावती ने अकबर जैसे शासक को युक्ति और बुद्धि से शिकस्त देने के निरंतर प्रयास किए। वे आखिरी सांस तक लड़ती रहीं। उन्होंने पराजय स्वीकार करने के स्थान पर स्वयं को कटार घोंपकर प्राणोत्सर्ग कर दिया। आजादी के अमृत काल में स्वाधीनता आंदोलन की अग्रदूत रानी दुर्गावती का आज सम्मानपूर्वक स्मरण किया जा रहा है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने रानी दुर्गावती स्मारक के लिए भूमिपूजन किया था। उन्होंने कहा कि रानी दुर्गावती अन्य वीरांगनाओं की जीवनी पाठ्यक्रम में शामिल की जाएगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश के मन में मोदी हैं और प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मन में मध्यप्रदेश है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने भारत को समूचे विश्व में ऊंचाइयों पर पहुँचा दिया है। वे मध्यप्रदेश की प्रगति के आकांक्षी हैं। उनका संकल्प है सुशासन के उच्च मापदंड स्थापित करते हुए कार्य किया जाए।

न्यूज गैलरी

परीक्षा देने निकला छात्र सड़क दुर्घटना में घायल

सिवनी/नवप्रदेश। मंगलवार को सुबह घर से परीक्षा देने पीजी कॉलेज सिवनी आ रहा एक छात्र सड़क दुर्घटना में घायल हो गया, घायल को समाजसेवी बसंत बघेल एवं उनके साथियों ने उपचार हेतु जिला चिकित्सालय पहुंचाया और परीक्षा केन्द्र में घटना की वस्तु स्थिति से अवगत कराया। प्राप्त जानकारी के अनुसार लखनवाड़ा थाना अंतर्गत ग्राम हथनापुर निवासी पुरूषोत्तम तिवारी के सुपुत्र यश उर्फ राम तिवारी आज सुबह परीक्षा देने सिवनी आ रहे थे। लखनवाड़ा सड़क खराब होने के कारण वे दूसरे लंबे रास्ते से होते हुये सिवनी आ रहे थे, तभी उसकी बाईक अनियंत्रित हो गई और वह घायल हो गया। घायल को तुरंत उपचारार्थ हेतु जिला चिकित्सालय पहुंचाया गया, साथ ही इस घटना से परीक्षा केन्द्र को अवगत कराया। उपचार के पश्चात छात्र परीक्षा देने देर से पहुंचा। क्षेत्रीय लोगों ने कहा कि जैतपुर कला से लखनवाड़ा मार्ग ठेकेदार की उदासीनता के कारण अधूरा पड़ा है, जबकि इस मार्ग के लिये

ग्रामीण पैदल यात्रा भी कर चुके है, लेकिन ठेकेदार इस मार्ग को शीघ्र बनाने में रूचि नहीं दिखा रहा है। लोगों ने मांग की है कि, इस मार्ग को शीघ्रता से पूर्ण कराया जावे, ताकि कोई और दुर्घटना का शिकार न हो सके।

घर-घर पहुंच अक्षत वितरण कर प्राण प्रतिष्ठा के लिए निमंत्रण दिया

बरघाट/नवप्रदेश। नगर के वार्ड क्रमांक 11 राजराजेश्वरी चौक में अक्षत वितरण संपर्क अभियान किया गया। जिसमें मातृ शक्तियों ने पूरे जोश के साथ घर-घर अक्षत का वितरण किया। इस अवसर पर श्रीमती सुनीता गणेश चंद भट्ट, श्रीमती अंजू सूर्यवंशी , वर्षा राहागडाले , जयश्री राहागडाले ,नेहा बोपचे , हेमलता गौतम , राधिका नाग,शीला हनवत,सविता गुप्ता, रशमी सूर्यवंशी, रूबी कुशवाहा, गोरी साहू, सकून बेलिया, ज्योति लखेरा, उर्मिला श्रीवास , ठाकुर मेडम, अवनी श्रीवास, भावेश सूर्यवशी, गोरांश ,चित्रांश ,केशू राहागडाले सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। भारतीय जनता पार्टी के मंडल उपाध्यक्ष एवं पूर्व महामंत्री सुजीत सूर्यवंशी एवं सांसद प्रतिनिधि सत्यांश भट्ट ने अक्षत वितरण में ग्रह संपर्क अभियान में अयोध्या स्थित श्री राम जन्मभूमि मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा हेतु घर-घर पहुँचकर स्थानीय जनों को अक्षत देकर निमंत्रण दिया।

सतना-चित्रकूट स्टेट हाइवे पर हादसा: ट्रक की टक्कर से बाइक सवार पति-पत्नी की मौत

सतना/नवप्रदेश। सतना- चित्रकूट स्टेट हाइवे पर हिरौंदी के पास हुए एक सड़क हादसे में बाइक सवार दंपति की मौत हो गई। उनकी बाइक को ट्रक ने टक्कर मार दी। हासिल जानकारी के मुताबिक, मझगवां थाना अंतर्गत हिरौंदी-दलेला मोड़ के पास बुधवार की दोपहर एक तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर लगने से बाइक सवार दीपक यादव पिता राजा यादव (23) निवासी ग्राम पाटिन थाना मारकुंडी यूपी और उसकी पत्नी खुशबू यादव (22) की मौत हो गई। दीपक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया जबकि खुशबू को पहले मझगवां और फिर सतना जिला अस्पताल ले जाया गया। उसकी सांसें जिला अस्पताल सतना में इलाज के दौरान थम गईं। बताया जाता है कि दीपक और खुशबू की शादी एक वर्ष पहले ही हुई थी। शादी के कुछ दिनों बाद दीपक मुंबई कमाने चला गया था।

शिवराज के नए बंगले का नाम मामा का घर

भोपाल/नवप्रदेश। पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल स्थित अपने नए बंगले का नाम बदलकर मामा का घर रख दिया है। उन्होंने बुधवार को 74 बंगले क्षेत्र में स्थित नए घर बी-8 पर मीडिया से चर्चा की। कहा- पूरा प्रदेश मेरा परिवार है। परिवार के रिश्ते दिल के रिश्ते होते हैं, आत्मा के रिश्ते होते हैं। यह पदों के साथ नहीं बदलते, इसलिए भाई और बहन, भांजे-भांजियों से मेरा प्यार का रिश्ता है। इस रिश्ते की डोर कभी टूटेगी नहीं, पर अपने भाई-बहन और भांजे-भांजियों की मैं यथाशक्ति सेवा करता रहूंगा। मैं जहां रहूंगा वह घर मामा का घर होगा, इसलिए मामा घर यहां है और जन सेवा का काम यहां चलता रहेगा। भाजपा द्वारा सौंपे जाने वाले कार्य को पूरी ताकत के साथ करता रहूंगा। सीहोर जिले के शाहगंज में एक कार्यक्रम में पूर्व सीएम चौहान ने कहा कि कोई बड़ा उद्देश्य होगा यार। कई बार राजतिलक होते-होते वनवास भी हो जाता है लेकिन वह किसी न किसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए होता है। ये चिंता मत करना। मेरी जिंदगी आपके लिए है, जनता-जनार्दन के लिए है, बेटा-बेटियों के लिए है, मेरी बहनों के लिए है। इस धरती पर इसलिए आया हूं मैं, तुम्हारी जिंदगी से दुख दर्द दूर करने, आंखों में आंसू नहीं रहने दूंगा, जिंदगी जितनी बेहतर बनेगी बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। दिन और रात उसके लिए काम करेंगे। अभी हमारा पता है, बी-8, 74 बंगला; उसका नाम हमने रख

राज्य स्तरीय युवा उत्सव का हुआ रंगारंग कार्यक्रम के साथ समापन

भोपाल/नवप्रदेश। रविन्द्र भवन सभागार में 27वें राज्य स्तरीय युवा उत्सव-2024 के अंतिम दिन रंगारंग प्रस्तुतियाँ युवा कलाकारों ने दी। युवा उत्सव में समूह लोकगीत, एकल लोकगीत, समूह नृत्य एवं एकल नृत्य प्रतियोगिता आयोजित हुई।

प्रतियोगिता के परिणाम

समूह लोकगीत में सागर संभाग प्रथम, इंदौर द्वितीय एवं ग्वालियर संभाग तृतीय स्थान पर रहे। एकल लोकगीत में भोपाल संभाग प्रथम, जबलपुर द्वितीय एवं ग्वालियर तृतीय स्थान पर रहे। एकल लोकनृत्य में उज्जैन संभाग प्रथम एवं रीवा द्वितीय स्थान पर रहे। समूह लोकनृत्य में इंदौर संभाग प्रथम, सागर द्वितीय एवं भोपाल संभाग तृतीय स्थान पर रहे। भाषण प्रतियोगिता में ग्वालियर संभाग प्रथम, रीवा द्वितीय एवं इंदौर संभाग ने तृतीय स्थान हासिल किया। कहानी लेखन में ग्वालियर संभाग प्रथम, सागर संभाग द्वितीय तथा उज्जैन तृतीय स्थान पर रहा। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में उज्जैन संभाग प्रथम, जबलपुर द्वितीय एवं सागर संभाग तृतीय स्थान पर रहा। फोटोग्राफी प्रतियोगिता में रीवा संभाग प्रथम, जबलपुर द्वितीय तथा उज्जैन संभाग तीसरे स्थान पर रहा।

उल्लेखनीय है कि दो दिवसीय राज्य स्तरीय युवा उत्सव अंतर्गत समूह लोकनृत्य एवं लोकगीत में प्रथम पुरस्कार 60 हजार रूपये है, द्वितीय 40 हजार एवं तृतीय पुरस्कार 20 हजार रूपये प्रदान किया गया। पुरस्कारों में प्रथम 10 प्रतिभागियों को 6-6 हजार, द्वितीय 10 को 4-4 हजार एवं तृतीय 10 को 2-2 हजार रूपये की पुरस्कार राशि से पुरस्कृत किया गया। इसी तरह एकल प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 10 हजार, द्वितीय पुरस्कार 6 हजार एवं तृतीय पुरस्कार 4 हजार रूपये दिये गये।

दिग्विजय बोले-राम लला की नई मूर्ति की जरूरत क्यों पड़ी

इंदौर में कहा- जिस मूर्ति को लेकर पूरा झगड़ा हुआ वो कहां है?

इंदौर/नवप्रदेश। पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने अयोध्या में स्थापित की जाने वाली राम लला की नई मूर्ति को लेकर सवाल उठाए हैं। उन्होंने बुधवार को इंदौर में पूछा, जिस मूर्ति को लेकर पूरा झगड़ा हुआ वो कहां है? नई मूर्ति कहां से आ रही है? नई मूर्ति की आवश्यकता क्यों पड़ी? 22 जनवरी को अयोध्या जाने के सवाल पर कहा, मुझे किसी निमंत्रण की जरूरत नहीं है। भगवान राम हमारे हृदय में बसे हैं। दिग्विजय विधानसभा चुनाव में हार के बाद वे पहली बार इंदौर आए। यहां कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर चर्चा की। विधानसभा चुनाव में हार के कारण भी जाने।

उन्होंने कहा, मतगणना वीवीपैट की पर्ची से ही की जानी चाहिए। हम यह कहां कह रहे हैं कि मतदान ईवीएम से नहीं कराएं। हम तो चाहते हैं कि वोटिंग के बाद वीवीपैट में गिरने वाली पर्ची लोगों के हाथ में दी जाए और एक अलग बॉक्स में उसे अपने हाथ से डालने का अधिकार दें। यह देश के 90 करोड़ मतदाताओं का अधिकार है। पेटी में डाली गई पर्चियों की काउंटिंग से चुनाव परिणाम घोषित किए जाएं। दिग्विजय सिंह ने आईआईटी दिल्ली के छात्र और पूर्व केंद्रीय मंत्री के बेटे द्वारा किए गए प्रयोग का हवाला देते हुए कहा- इस छात्र के पिता केंद्रीय मंत्री रह चुके हैं। उन्होंने प्रयोग किया है। हम जब बटन दबाते हैं तो दिखता तो वही चुनाव चिह्न है, लेकिन छपता कुछ और है। यानी कोई सॉफ्टवेयर इस प्रकार का बिल्कुल हो सकता है कि दिखे कुछ, छपे कुछ। उन्होंने आगे कहा, हमें वीवीपैट में कुछ मत दिखाइए, लेकिन जो पर्ची छपी है वो हमारे हाथ में दे दीजिए।

दिग्विजय सिंह ने कहा, ये देश के 90 करोड़ मतदाताओं का संवैधानिक अधिकार है। जिसे आप नहीं छीन सकते। वे (भाजपा) अब हमसे कहते हैं कि कांग्रेस तेलंगाना, कर्नाटक में कैसे जीत गई। यदि गुप्त रूप से चोरी करने वाला सारा माल ले जाएगा तो वो पकड़ा जाएगा।

राज्य मंत्री गौर ने कन्या छात्रावास का आकस्मिक निरीक्षण किया

छात्रावास परिसर में पौध-रोपण भी किया

भोपाल/नवप्रदेश। पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर ने आज जबलपुर प्रवास के दौरान गोकलपुर रांझी स्थित पोस्ट मैट्रिक कन्या छात्रावास का आकस्मिक निरीक्षण किया। राज्य मंत्री श्रीमती गौर ने छात्रावास की छात्राओं से अलग-अलग बात कर उनसे छात्रावास की व्यवस्थाओं और कठिनाइयों के बारे में जानकारी प्राप्त की।

राज्य मंत्री श्रीमती गौर को छात्राओं ने बताया कि उन्हें छात्रावास में सरकार द्वारा दी जा रही सभी सुविधाएँ प्राप्त हो रही हैं। छात्रावास की व्यवस्थाओं से वे संतुष्ट हैं। श्रीमती गौर ने छात्रावास के कमरों की साफ-सफाई, परिसर की साफ-सफाई, छात्रावास में दिये गये कंबल, गद्दे आदि का भी बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने छात्रावास के बाथरूम एवं टॉयलेट की सफाई व्यवस्था का भी निरीक्षण किया। राज्य मंत्री श्रीमती गौर ने छात्रावास प्रबंधन से कहा कि छात्रावास और छात्रावास परिसर में अच्छी सफाई व्यवस्था है। ऐसी व्यवस्था पर पर उन्होंने अधिकारियों की प्रशंसा की। उन्होंने मौके पर उपस्थित विभाग के अधिकारियों को छात्रावास में भारत के राष्टपति, प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री सहित सुप्रसिद्ध समाजसेवी श्रीमती सावित्रीबाई फुले की तस्वीर लगाने के निर्देश दिये। साथ ही छात्रों की मांग पर पेयजल के लिये एक वाटर कूलर भी लगाने के लिये कहा। राज्य मंत्री श्रीमती गौर ने छात्रावास परिसर में पौध-रोपण भी किया।

कार्यभार ग्रहण | कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री ने कार्यभार ग्रहण कर विभागीय योजनाओं की जानकारी ली

ओएनडीसी के जरिये मध्यप्रदेश के कारीगरों को सीधा लाभ दिलाएंगे: कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री जायसवाल

भोपाल/नवप्रदेश। कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री दिलीप जायसवाल ने आज मंत्रालय में अपने कक्ष में विधिवत पूजा-अर्चना कर कार्यभार ग्रहण किया। कार्यभार ग्रहण करने के पश्चात राज्यमंत्री श्री जायसवाल ने विभागीय अधिकारियों से परिचय प्राप्त किया और संचालित योजनाओं एवं विभागीय कार्यों की जानकारी ली। इस अवसर पर कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग के सचिव श्री ललित दाहिमा, आयुक्त रेशम श्री मदन नागरगोजे, आयुक्त हथकरघा, खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड एवं मध्यप्रदेश संत रविदास हस्तशिल्प विकास निगम की प्रबंध संचालक श्रीमती सूफिया फारूकी, कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग के अवर सचिव श्री जी.एस. आर्य सहित अन्य विभागीय अधिकारी व जन-प्रतिनिधि उपस्थित थे। इस अवसर पर कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री जायसवाल ने रेशम महासंघ के अध्यक्ष का भी कार्यभार ग्रहण किया। राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री जायसवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के स्वदेशी अपनाने की मंशा को आत्मसात् करते हुए हम प्रदेश के कारीगरों एवं कलाकारों को स्वावलंबी बनाने की दिशा में कार्य करेंगे और ÷प्रधानमंत्री विश्वकर्मा स्वरोजगार योजना÷ के तहत अधिक से अधिक हितग्राहियों को जोड़ने का प्रयास करेंगे। बजट का समुचित उपयोग कर कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग को नई ऊँचाइयों तक ले जाने के लिये संकल्पित होकर कार्य करेंगे।

विभागीय योजनाओं की जानकारी लेकर राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री जायसवाल ने कहा कि कुटीर एवं ग्रामोद्योग, ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीड़ होते हैं। इससे जरूरतमंदों को रोजगार मिलता है और उनका हुनर भी सामने आता है। इसी उद्देश्य से भारत सरकार ने सभी कारीगरों एवं कलाकारों को उनके उत्पाद एवं कला का अधिकतम मूल्य और लाभ में सीधा हिस्सा दिलाने के लिये ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स - ओएनडीसी (भारत का अपना अमेजन) नामक खुद का स्वदेशी ई-कॉमर्स प्लेटफार्म तैयार किया है। इस प्लेटफार्म के जरिये ग्रामीण कारीगरों को उनके उत्पादों की मार्केटिंग एवं क्रेताओं को सीधा विक्रय कर लाभ दिलाया जाएगा। यह कार्य एनएसई सिल्क इनक्यूबेटर द्वारा किया जाएगा। कारीगरों एवं कलाकारों के उत्पाद यूरोप, मध्य एशिया (मिडिल ईस्ट), अमेरिका और अन्य देशों को निर्यात किये जायेंगे। भारत सरकार के इस देशी ई-कामर्स प्लेटफार्म को सबसे पहले मध्यप्रदेश में लागू करने के नवोन्मेषी प्रयास किये जा रहे हैं। इससे प्रदेश के कारीगरों एवं कलाकारों के उत्पादों को उनके घर से एकत्रित कर उसे ओएनडीसी प्लेटफार्म पर प्रदर्शित किया जाएगा। क्रेता अपनी पसंद के अनुसार यह उत्पाद खरीद सकेंगे। इससे उस उत्पाद के कारीगर को अधिकतम मूल्य मिलेगा और शत-प्रतिशत लाभ उसके हिस्से में आयेगा।

राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री जायसवाल ने कहा कि %रेशम की खेती से किसानों की समृद्धि% सुनिश्चित करने के लिये कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग कटिबद्ध होकर प्रयास करेगा। इस लक्ष्य के तहत किसानों को उनके खेतों में रेशम की खेती कराकर उन्हें एक लाख रूपये प्रति एकड़ सालाना आय दिलाने के प्रयास किये जायेंगे।

राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री जायसवाल ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि विभागीय कार्यों एवं विपणन गतिविधियों में और गति लाई जाए और सकारात्मक व रचनात्मक सोच के साथ ÷हर हाथ को काम÷ दिलाने के लक्ष्य की पूर्ति के लिये हरसंभव प्रयास किए जाएं।

संपादकीय

आईएनडीआईए में पड़ने लगी है दरार

दो माह बाद होने जा रहे लोकसभा चुनाव के लिए जहां भाजपा ने अपनी चुनावी तैयारी शुरू कर दी है। वहीं नवगठित आईएनडीआईए अभी तक आपसी खींचतान में ही उलझा हुआ है। इस गठबंधन की चार बैठकें हो चुकी हैं। लेकिन अभी तक इस गठबंधन का नेता ही तय नहीं हुआ है। इस बीच गठबंधन की ओर से प्रधानमंत्री के चेहरे को लेकर भी मतभेद सामने आ रहे हैं। बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का नाम आगे जरूर बढ़ाया था। लेकिन उस पर अभी सहमति की मुहर नहीं लगी है और अब तो तृणमूल कांग्रेस की नेता ममता बनर्जी को ही गठबंधन की ओर से प्रधानमंत्री का चेहरा बनाने की मांग उठा रहे हैं। बिहार के मुख्यमंत्री और जदयू के नवनियुक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार गठबंधन में महत्व न मिलने से नाराज हैं। उनके साथ कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बातचीत की है और बिहार में सीटों के बंटवारे को लेकर चर्चा की है। दरअसल सीटों के बंटवारे को लेकर ही गठबंधन में दरारें पड़ रही हैं। दरअसल झगड़ा सीटों के बंटवारे को लेकर ही खड़ा हुआ है। अभी तक गठबंधन ने लोकसभा सीट के बंटवारे को कोई फार्मूला नहीं निकाला है। क्षेत्रीय पार्टियां अपने अपने राज्यों में अधिकतम सीटों पर चुनाव लड़ना चाहती है। कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के बीच नई दिल्ली और पंजाब की लोकसभा सीटों के बंटवारे को लेकर पेंच फसा हुआ है। आम आदमी पार्टी पंजाब में सभी सीटों पर चुनाव लड़ना चाहती हैं। अलबत्ता नई दिल्ली में वह कांग्रेस के साथ सीटों का बंटवारा करने के लिए तैयार है। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान पंजाब में कांग्रेस को एक भी सीट नहीं देना चाहते इसे लेकर ही भगवंत सिंह मान और कांग्रेस नेता नवजोद सिंह सिद्धू के बीच जुबानी जंग चल रही है। भगवंत सिंह मान ने तो कांग्रेस पर निशाना साधते हुए यहां तक कह दिया है कि पंजाब और दिल्ली में एक मां अपने बच्चे को अगर सबसे छोटी कहानी सुना सकती है तो वह होगी एक थी कांग्रेस इसके बाद कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने भगवंत सिंह मान पर यह टिप्पणी की है कि एक भोजपुरी फिल्म का नाम है। एक था जोकर पवन खेड़ा का कहना है कि आम आदमी पार्टी और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विचार काफी मिलते हैं। दोनों ही कांग्रेस मुक्त भारत को सपना देख रहे हैं। जो पूरा नहीं होगा और इन दोनों को ही मुंह की खानी पड़ेगी। कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के बीच चल रही इस जुबानी जंग से गठबंधन में दरार पड़ती नजर आ रही हैं। यदि गठबंधन में शामिल राजनीतिक पार्टियां किसी तरह एक दूसरे की टांग खीचती रही तो आईएनडीआईए को मजबूत बनाना मुश्किल हो जाएगा ऐसा भी हो सकता है कि लोकसभा चुनाव के पूर्व ही सांझे की हांडी चौराहे पर फूट जाये दरअसल सीटों का बंटवारा ही गठबंधन के सामने सबसे बड़ी चुनौती है। जब तक इसके लिए कोई फार्मूला तय नहीं हो जाता। तब तक गठबंधन में शामिल दलों के नेताओं के बीच इस तरह के मतभेद उभरते रहेंगे जो गठबंधन के लिए उचित नहीं है। आईएनडीआईए की अब जितनी भी बैठकें हुई हैं। उसमें सीटों के बंटवारे को लेकर कोई सार्थक चर्चा नहीं हो पाई है। हर बैठक में गठबंधन को मजबूत बनाने की बातें ही होती है और फिर सीटों के बंटवारे का मामला अगली बैठक के लिए टाल दिया जाता है। लोकसभा चुनाव के लिए अब सिर्फ दो माह का ही समय शेष रह गया है। ऐसे में यदि अभी तक गठबंधन सीटों के बंटवारे का फार्मूला तय नहीं कर पाया है तो निश्चित रूप से उसे इसका चुनाव में खामियाजा भुगतना पड़ सकता है। जब तक कोई फार्मूला तय नहीं होता। तब तक गठबंधन में शामिल दलों के नेताओं को अपनी जुबान पर लगाम रखनी चाहिए। उन्हें ऐसे बयान से परहेज करना चाहिए। जिससे उनके मतभेद उजागर होते हों और जुबानी जंग तेज होने की स्थिति बनती हो। यदि बयानवीर नेता इसी तरह की जुबानदराजी करते रहेंगे तो गठबंधन में पड़ी दरारें और बड़ी हो सकती हैं।

7 जनवरी राजिम जयंती बिसेस....

उत्कर्ष कुमार सोनबोइर

छत्तीसगढ़ अपन कला संसकिरीति अउ सहित्य म समूचा विस्व म अपन अलगेच ठउर बनाथे इंहा के मनखे मन ल तो कहे ही जाते कि छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया अउ ये कहे सुने वाले बातेच नोहे ये हरे घलो, इहां के जनलोक बड़ सिधवा अउ सेवा भाव रखइया हरे, वोकर संगे संग इहां भक्ति के घलो बड़ परताप हे।

माता सबरी, सिरिंगी रिसी, लोमस रिसी, तेलिन सती, माता भानेस्वरी, अउ गियान मारगी म बाबा गुरुघासीदास अउ धनी धरमदास साहब के बड़का नांव के सुरता आथे। अउ उहीच बड़का नांव में आथे दाई राजिम के जेखर नांव ल स्वयं भगवान बिस्नु ह अपन नांव के आघू लगाये ल लगिस अउ समूचा विस्व म परसिद्ध होगे भगवान राजिम लोचन या कभू कभू राजीव लोचन घलो, काबर की उंखर नयन ह कमल के सामान रहिन इही भाव ले उन ल राजीव अउ दाई राजिम के लोचन कहे ल लागिस।

फुलझर-घटारानी के मूलनिवासी लोमस रिसी आसरम के परमुख बताथे कि बड़ दिन के बात आये दक्सिन कौशल के पदमावतपुरी म धरमदास अउ सान्ति नांव के दंपति राहत रिहिस, उंखर एको झन वारिस नई राहे तब उहीचे के रिसी जेला लोगन बाबा देवता कहिथे, वोकर कर संतान परपति यग्य के गुहार लगाइस, रिसी के परताप ले भगवान बिस्नु म अपन भक्ति के आगाध परेम रखइया दाई राजिम के जनम 7 जनवरी के होइस। राजिम के भक्ति अउ सेवा भाव हर मनखे ल अपन डाहन खीच लेत रिहिस, हल्लू हल्लू समय बितगे अब राजिम के दाई ददा ल वोकर बिहाव के संसो होयेला लागिस, तब उमन बने असन दामाद अउ घर परिवार देख के राजिम के बिहाव अमरदास संग करदिन। उंखर परिवार तेल पेरे अउ बेचे के बुता करे, एक दिन राजिम ह घलो महानदी पार करके नवापारा तेल बेचे बर जात रिहिस, तभे वोकर गोड़ एक ठीक पथर म परिन अउ सब्बो तेल ह उहिच मेर गंवांगे, अउ वो पथर साक्सात बिस्नु के रहिस, तेल ह ऐसे गिरिस जइसे राजिम ह भगवान के तेल अभिसेक करे होही। राजिम बड़ संसो फिक्कर म पड़गे, तेल लेवइया मन वोकर बांट जोहत होही, वोकर घर म आज कइसे रोटी बनही? सब्बो तेल ह तो गवांगे। राजिम ह भगवान बिस्नु ले गोहार लगाइस, तभेच वो देखिस के तेल के मटका ह तो भरे राहे ये चमत्कार ल देख राजिम घलो अचरज रहिगे। घर जाके सबेच बात ल बने फरियार के बता डरिस अउ उमन ये निरनय लीन कि वो पथरा भगवान के रूप हे येला हमन अपन तेल घानी म बिराजबो। राजिम रोज संझा - बिहनिया लोचन भगवान के पूजा करथे अउ रोज घानी ले तेल पेरथे। वोकर घर अक्सय पातर कस मटका होये के बावजूद उमन रोज तेल पेर के तेल बेचे अउ ये मानव जगत ल बड़का सिक्सा दिन की करम ह ही पूजा आये।

कलचुरी वंस के राजा जगतपाल ल ये ग्यात होइस कि वोकर राज म भक्तिन राजिम के वास हे, अउ वोकर घर लोचन भगवान के मूरत हे जेला अपन मंदिर म बिराजित करना हे। फेर माता राजिम के मरज़ी बेगर वोला हिलाना घलो असंभव हे। राजिम बड़ सेवा भाव वाले रिहिन उमन लोक कल्यान बर भगवान लोचन ल राजा जगतपाल के मंदिर म बैठार दिन। अउ आज घलो रइपुर ले 45 कि.मी दूरिहा जिला गरियाबंद म भगवान बिस्नु राजिम लोचन के रूप म विराजमान हे।

छत्तीसगढ़ म पंचकोसी यातरा के बड़का महत्तम हे उहि म चंपेस्वर, फिंगेस्वर, ब्रह्मकेस्वर, कोपरेस्वर अउ संगे संग कुलेस्वर नाथ मंदिर राजिम घलो आथे। राजिम म भगवान सिवसंकर अउ बिस्नु दूनो एक दूसर के दरसन करत रहिथे। कहिथे कि भगवान राम ह दसरथ के अंतिम संस्कार

इहि तिरबेनी संगम म करे रहिन इहि पाए के राजिम म ये बड़का संस्कार घलो होथे। माघी पुन्नी ले महासिवरात्रि तक राजिम म पुन्नी मेला के आयोजन होथे वोकरे संगे संग राजिम म 7 जनवरी के माता राजिम के जयंती के बेरा म साहू समाज माता राजिम के बड़का उत्सव मनाथे, तैलिक कुल देवती होये के सेती राजिम माता के नांव भक्त माता करमा, दानवीर भामासाह, केसकाल के तेलिन सती, भानेश्वरी माता संग बड़ सम्मान से ले जाथे।

ओवैशी या कानून से ऊपर है ?

आचार्य विष्णु हरि

विश्वनाथ मंदिर और भगवान कृष्ण की जन्म भूमि को लेकर पहले से ही प्रसंग गर्म है। निषाद राज के किले में मस्जिद खडी कर दी गयी। इसके कारण पूरी निषाद जाति खिलाफमें खडी है। उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री संजय निषाद ने साफ तौर पर कहा है कि निषाद राज के किले से मस्जिद हटायी जानी चाहिए, नही तो इसके दुष्प्रणाम भयानक होगे। ऐसे अनेक प्रसंग है। फिर ओवैशी जैसे लोग हिन्दू-मुस्लिमों में खाई ही पैदा कर रहे हैं और गृह युद्ध की स्थिति पैदा कर रहे हैं।

सुप्रीम कोर्ट और सरकारों को ओवैशी के भडकाउ, शाब्दिक हिंसा से प्रेरित भाषणों पर रोक लगाने की जरूरत है। कानून सबके लिए एक समान है। इसलिए ओवैशी को भी कानून का पालन करने के लिए बाध्य किया जाना चाहिए। आज न कल ओवैशी के ऐसे भाषणों पर संज्ञान की जरूरत पडेगी ही, नही तो देश में अशांति फैलेगी, दंगे होंगे, सांप्रदायिक हिंसा होगी।

क्या असदुउद्दीन ओवैशी कानून से उपर है? क्या ओवैशी की भडकाउ और विषैला भाषण सुप्रीम कोर्ट के संज्ञान से परे है? सुप्रीम कोर्ट भी क्या ओवैशी के विषैले और विखंडनकारी भाषणों को शांतिप्रिय मानता है? क्या देश के लाखों बुद्धिजीवियों को ओवैशी के जहरीले भाषण परेशान नहीं करते हैं, अशांति के कारण नहीं लगते हैं, विखंडन के प्रर्याय नहीं लगते हैं? सरकारें भी ओवैशी के विखंडनकारी भाषणों पर संज्ञान क्यों नहीं लेती हैं, एफआईआर दर्ज कर उसे कानून का पाठ क्यों नहीं पढाती हैं? देश में अफवाह, अशांति और जहरीला वातावरण बनाने के लिए ओवैशी को खुला छोड़ देना क्या देश की एकता और अखंडता के लिए प्रतिकूल और हानिकारक नहीं है? ओवैशी को खुला छोड़ना, उसे दंडित नहीं करना और इसी प्रकार के अपराध में अन्यों को महीनों जेल में रखकर तडपाना और सड़ाना क्या समानता के अधिकार को लज्जित और शर्म से नहीं भर देता है ? क्या अदालतें, सरकारें, मीडिया और बुद्धिजीवी वर्ग भी अल्पसंख्यकवाद के किटाणुओं से ग्रसित और प्रभावित हैं? मुस्लिम से हिन्दू बने जीतेन्द्र नारायण त्यागी और अतिनरसिम्हानंद सरस्वती सहित अनेक हिन्दू संतों को भडकाउ भाषण देने के आरोप मे जेल में भेजा गया और महीनों रखा गया पर ओवैशी को ऐसे दर्जनों अपराधों की सजा क्यों नहीं मिल रही है? अदालतें और सरकारें ओवैशी पर मेहरबान क्यों हैं, क्या मुस्लिम होना उसके लिए रक्षा कवच है?

इस निमित असदुउद्दीन ओवैशी का अपराध क्या हैं, करतूत क्या है, शाब्दिक हिंसा और विषवमन क्या है? यह जानेंगे तो आपको भी आश्चर्य होगा। आश्चर्य क्यों होगा? इसलिए कि एक अनपढ और अज्ञानी नहीं बल्कि एक संसद के सदस्य के रूप में जिम्मेदार माने जाने वाले ओवैशी किस प्रकार से अपने कौम के युवकों को हिंसक बनाने, सांप्रदायिक बनाने और उन्हें एक धर्म के प्रति विषवमन करने के लिए प्रेरित करता है। वह भी कभी कभार नही बल्कि बार-बार ऐसा अपराध करता है। अभी-अभी उसने राममंदिर के खिलाफविषवमन किया है, शाब्दिक हिंसा फैलायी है, वह भी अप्रत्यक्ष नहीं बल्कि प्रत्यक्ष तौर पर, इतना नहीं बल्कि उसने इसे प्रचारित और प्रसारित भी किया है। उसने सीधे तौर पर मुस्लिम युवकों को राममंदिर के खिलाफउकसाया है, शक्ति प्रदर्शन यानी हिंसा के लिए ललकारा है। उसने कहा कि जहां पांच सौ साल से कुरान ए करीम का जिक्र किया उस मस्जिद को हमने खो दिया, हमसे लूट लिया गया, हमारे मजहबी अधिकारों का हनन कर दिया गया, उसने मुस्लिम नौजवानों से कहा कि हमने मस्जिद गंवा दिया, वहां अब क्या किया जा रहा है, आप देख रहे हैं, हमारे घावों पर नमक छिडका जा रहा है, हमें पीडा पहुंचायी जा रही है, वहां किस प्रकार के काम हो रहे हैं, देश के तीन-चार अन्य मस्जिदों के प्रति साजिश चल रही है, इनको निशाना बनाने का अर्थ हमारे गर्व और ताकत को समाप्त करना है, हमारे हौसले को पस्त करना है, हमारी एकता को तोड़ना है, इन सभी पर संज्ञान लेना है, हमें ताकत का प्रदर्शन करना है, इसके अलावा अन्य हिंसक बातें भी की है।

सुंप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद भी राममंदिर पर विवाद खड़ा करना और हिंसक वातावरण बनाने के लिए सक्रिय होना और अराजकता को फैलाना अस्वीकार है, अपराध का प्रतीक है, अशांति का प्रतीक है, देश की एकता और अखंडता के विरूद्ध भी है। सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में साफ तौर पर कहा कि यह फैसला अंतिम है, राममंदिर से जुड़े हुए किसी भी प्रश्न को न तो सुप्रीम कोर्ट और न ही अन्य किसी कोर्ट में सुनवाई हो सकती है बल्कि कोई याचिका सुनवाई की योग्य भी नहीं मानी जायेगी। इस तरह की लक्ष्मण रेखा खींचने के लिए सुप्रीम कोर्ट क्यों प्रेरित हुई थी? इसके पीछे कारण यह था कि देश में विधर्मी और अराजक तत्वों की अति सक्रियता और दुराग्रह तथा अफवाह की करतूत। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद भी पुर्नविचार याचिकाएं खूब दायर होती रहती हैं, उसमें विभिन्न प्रकार के प्रश्न घुसा दिये जाते हैं और अफवाह खडा कर दिया जाता है कि इस विन्दु पर गौर ही नही किया गया, अगर इस विन्दु पर गौर किया गया होता तो सुर्प्रीम कोर्ट का फैसला कुछ और ही होता? इस प्रकार सुपीम कोर्ट का समय जाया होता है। इसके अलावा यह प्रसंग आगे भी जारी रहता और फिर कभी भी अंतिम फैसला नहीं होता। इसलिए सुप्रीम कोर्ट ने लक्ष्मण रेखा खीची थी। इसके बावजूद कुछ याचिकाएं पहुंच गयी थी जिसे सुप्रीम कोर्ट ने तीखी टिप्पणी और अप्रत्यक्ष चेतावनी देकर खारीच कर दी थी। परमपरा और अनिवार्यता यह है कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले को अंतिम मान लिया जाता है, सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद विवाद खड़ा करना और इस पर टीका-टिप्पणी करना अवमानना का अपराध माना जाता है।

राम मंदिर का भव्य निर्माण से भारत का गर्व और विशालता पूरी दुनिया में चर्चा का विषय बना हुआ है। भारत को कभी सांप-सपेरे का देश समझने वाली दुनिया अब भारत को धार्मिक और विचार का भंडार और प्रेरक स्थान मान रही है। दुनिया भर के लोग अयोध्या को एक मोक्ष-मुक्ति की जगह के तौर पर देख रहे हैं, प्रतीक के तौर पर देख रहे हैं। मंदिर स्थापना के दिन लाखों लोग पहुंच रहे हैं। राममंदिर अब सिर्फ न धार्मिक आस्था का प्रतीक बन गया है बल्कि अर्थव्यवस्था का प्रतीक भी बन गया है।

अभी से ही पर्यटको की भीड लग रही है। एक उम्मीद है कि दुनिया से लाखों लोग प्रतिवर्ष अयोध्या दर्शन के लिए आयेंगे। आज की दुनिया में अर्थव्यवस्था का एक बहुत बडा आधार पर्यटन है, पर्यटन की कमाई से अर्थव्यवस्था गुलजार होती है। अर्थव्यवस्था मजबूत होगी तो उसका लाभ क्या सिर्फ हिन्दुओं को ही होगा? लाभ हिन्दू, मुस्लिम, ईसाई यानी सभी को है। इस सच्चाई को ओवैशी जैसे लोग समझ कर भी हिंसा फैलाने के लिए सक्रिय रहते हैं। जिस तरह से बाबरी मस्जिद को लेकर ओवैशी प्रश्न खडा कर रहे हैं, अफवाह फैला रहे हैं, शाब्दिक हिंसा फैला रहे हैं, मुस्लिम युवकों को हिंसा करने के लिए उकसा रहे हैं उसका प्रतिकूल असर पडेगा। क्रिया के विपरीत प्रतिक्रिया भी हो सकती है। सोशल मीडिया में इस पर प्रतिक्रियाएं भी खूब हो रही है, ओवैशी को सबक सिखाने की बात हो रही है, कहा यह जा रहा है कि ओवैशी कानून और सुप्रीम कोर्ट से उपर है क्या? उस पर नकेल नहीं डाला गया तो उसकी प्रतिक्रिया भी भयानक होगी। इसी तरह की प्रतिक्रियाएं भी विर्षली हो सकती है। प्रश्न यह भी खडा किया जा रहा है कि मंदिर के बगल में ही मस्जिद क्यों और किस लिए खडी की गयी है।

आज का इतिहास

नई दिल्ली(वार्ता)। 1725 लंदन में कॉली सिब्बेर के नाटक सीज़र इन मिस्र का प्रीमियर हुआ। 1762 ब्रिटेन ने स्पेन और नेपल्स के खिलाफसात साल के युद्ध में प्रवेश किया। 1798 प्रिंस ऑफवलाचिया के रूप में निवेश करने के बाद, कॉन्स्टेंटाइन हैंगर सिंहासन संभालने के लिए बुखारेस्ट पहुंचे। 1809 नेत्रहीनों के लिये ब्रेल लिपि का आविष्कार करने वाले प्रसिद्ध व्यक्ति लुई ब्रेल का जन्म हुआ। 1810 ऑस्ट्रेलियाई मुहर शिकारी फ्रेडरिक हॉसलबोरो ने सुबारटिक में कैम्पबेल द्वीप की खोज की। 1825 दो सिसिली के राजा फर्डिनेंड-I को उनके बेटे फ्रांसिस-I ने दो सिसिली का उत्तराधिकारी बना दिया। 1854 कैप्टन विलियम मैकडॉनल्ड ने मैकडॉनल्ड द्वीप की खोज की। 1883 लाइफपत्रिका को प्रथम बार लॉस एंजिल्स में प्रकाशित किया गया। 1884 फेबियन सोसायटी लंदन में स्थापित की गयी। 1885 डॉ. विलियम ने अपेन्डिक्स का पहला सफल ऑपरेशन किया। 1887 थॉमस स्टीवंस साइकिल से यात्रा करने वाला पहला आदमी था।1966 मॉस्को में भारत और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री आपस में मिले। 2016 भारत के 38 वें मुख्य न्यायाधीश एस.एच कपाड़िया का निधन हुआ।

आज का पंचांग

11	बुध-14 9	8
बृह 9	सूर्य-शुक्र-शनि	
15 राहु		13-15 चन्द्र-केतु
14 मंगल	4	6
3		5

सूर्योदय : 07:20, सूर्यास्त : 05:41, चन्द्रोदय : 24:05 ,चन्द्रास्त : 11:41,

अयन : उत्तरायणे (दक्षिणगोलीय)

ऋतु : शिशिर, शक सम्वत : 1945 (शोभकृत), विक्रम सम्वत : 2080 (पिंगल), मास : पौष, पक्ष : कृष्ण, तिथि : अष्टमी, नक्षत्र : हस्त, योग : अतिगण्ड, प्रथम करण : बव (19:48 तक), द्वितीय करण : बालव (पूर्ण रात्रि)

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

सर्वार्थसिद्धि योग : 14:46 से 31:14, रवियोग : 07:13 से 14:46, विजय मुहूर्त : 14:04 से 14:45, गोधूलि मुहूर्त : 17:26 से 17:54, सायाह्न सन्ध्या : 17:29 से 18:51, निशिता मुहूर्त : 23:54 से 24:49, राहुकाल : 13:30 से 15:00, राहुवास : दक्षिण-पश्चिम, यमगण्ड : 08:30 से 09:47, दुर्मुहूर्त : 12:01 से 12:42, होमाहुति : गुरु, दिशाशूल : उत्तर, नक्षत्र शूल : उत्तर (14:46 तक), अग्निवास : पृथ्वी, चन्द्र वास : दक्षिण, शिववास : श्मशान में (19:48 से गौरी के साथ)

शुभ यात्रा दिशा

दक्षिण-पूर्व (गुड़ अथवा दूध का सेवन कर यात्रा करें), आज जन्मे शिशुओं का नामकरण, नाम हस्त नक्षत्र के प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ चरण अनुसार क्रमशः (पू, ष, ण,ठ) नामाक्षर से रखना शास्त्रसम्मत है।

QUIZ TIME

1) ब्राजील के कहवा बाग क्या कहलाता है?

2) किस एयरलाइन ने हाल ही में ग्राहकों को फ्लाइट टिकट बुकिंग में मदद के लिए एआई चैटबॉट लांच किया है?

3) चकमा किस देश के शरणार्थी है?

4) हिन्दी की पहली कहानी कौन-सी है?

5) हिन्दी भाषा के लिए बाल साहित्य पुरस्कार 2023 से हाल ही में किसे सम्मानित किया गया है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) फजेंडा (2) इंडिगो (3) बांग्लादेश (4) इंदुमती (1900- किशोरीलाल गोस्वामी) (5) सूर्यनाथ सिंह

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेषः आज आप आस-पास बन रहे वातावरण से क्षुब्ध होकर एकांतवास करना पसंद करेंगे। परन्तु सांसारिक मोह अधिक रहने के कारण ज्यादा समय एक निर्णय पर नहीं टिक पाएंगे।

वृषः आज का दिन आपके लिए शुभ रहेगा। आज कार्यो को काफी सोच विचारने के बाद ही करेंगे।

मिथुनः आज के दिन की शुरुआत में किसी से विवाद हो सकता है जिस के कारण मध्यान तक मन अशांत रहेगा।

कर्कः आज आपका ध्यान कार्य क्षेत्र पर कम ही रहेगा फलस्वरूप लाभ की आशा भी छोड़नी पड़ेगी।

सिंहः आज दिन का पूर्वार्द्ध पहले की भांति शांति से व्यतीत करेंगे परन्तु इसके बाद का समय थोड़ा कष्टदायक रहने वाला है सभी महत्त्वपूर्ण कार्य आलस्य छोड़ जल्दी निपटाने का प्रयास करें।

कन्याः आज के दिन आप तन मन से एकदम चुस्त रहेंगे। मानसिक प्रसन्नता रहने से कार्यो को बेहतर ढंग से कर पाएंगे।

तुलाः आज के दिन सभी कार्यो में आशा के विपरीत फल रहेगा। विशेष कर धन सम्बंधित कार्य अनुभवी व्यक्ति की सलाह के बाद ही करें।

वृश्चिकः आज के दिन धन लाभ के अवसर मिलेंगे। कार्यो में गति आने एवं घर एवं कार्य क्षेत्र पर अव्यवस्था में सुधार होगा। भविष्य के प्रति निश्चिन्त रहेंगे।

धनुः आज का दिन आप आनंद से बितायेंगे। किसी मनोकामना अथवा बनाई योजना में सफलता मिलने की खुशी दिन भर रहेगी।

मकरः आज के दिन आप में परोपकार की भावना अधिक रहेगी। अपने कार्यो को छोड़ दुसरो के कार्य करने के कारण परेशानी होगी परन्तु मानसिक संतोष भी रहेगा।

कुंभः आज के दिन कार्यो में निरंतर मिल रही असफलता के कारण नकारात्मक विचार मन को परेशान करेंगे।

मीनः आज के दिन आप स्वार्थ सिद्धि के कारण आपसी मनमुटाव भुलाकर नए सिरे से कार्य करेंगे।

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य -293

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. भारत के वर्तमान वित्तमंत्री 6. हित, उपकार 7. असमान, पूर्वोत्तर का एक राज्य 8. किसी वस्तु व्यक्ति आदि के पहचान सूचक संबोधन का शब्द, संज्ञा 10. शवस्थल पर बनाया गया मकान, योग का अंतिम अंग, तपस्या 13. इंकार करना, ना कहना 14. पिता, क्लर्क, सम्मानीय व्यक्ति 15. आय पर लगने वाला टैक्स, इंकमटैक्स 16. प्रतिद्वंद्वी, प्रेमिका का दूसरा प्रेमी 17. परंपरा, रीति, रिवाज 20. रुप से युक्त, चिह्न, लक्षण, नाटक, एक साहित्यिक अलंकार 23. लोग, प्रजा 25. नामी, नामवर, प्रसिद्ध 27. संसार का स्वामी, बादशाह, सम्राट, ईश्वर 28. फैलाना, खिंचाव पैदा करना।

ऊपर से नीचे

1. मारना, प्रहार करना, आघात करना 2. मिथ्याअभिमान, आडंबर 3. विपत्ति, आफत 4. मालदार, धनवान, अमीर 5. ज्ञान प्राप्त करना, अनुमान लगाना, कल्पना करना 7. हक 9. विवश, लाचार 11. मानकंद, नापने का पैमाना 12. अपमानित और तिरस्कृत 17. संतान उत्पन्न करने की क्रिया, जन्म देने की क्रिया 18. लंबे कपड़े का गट्ठा, पशुओं को रखने की जगह 19. जलयान, वायुयान, जलपोत 21. आश्रय, सहारा 22. थोड़ा, जरा, तनिक 24. जुर्म, गुनाह 26. बाघ की तरह का धारीदार हिंसक एवं विशाल पशु।

1		2	3	4		■	■	5
	■	6			■	7		
8	9	■	■	10	11		■	
■		■	12	■	13			
14		■	15				■	■
■	16			■	■	■	17	18
19	■	■	20	21	22	■	23	
	■	24	■	25		26		■
27					■	28		

शब्द सामर्थ्य क्रमांक292का हल

भू	कं	प	■	फा	य	दा	■	स
प	■	ल	ला	ट	■	य	ती	म
ति	ल	क	■	क	न	क	■	झ
■	क्ष	■	■	■	रे	■	■	■
ग	ण	क	■	सं	श	य	■	सौ
ह	■	या	च	क	■	म	न्न	त
रा	क्ष	स	■	र	क्ष	क	■	न
■	त्रि	■	■	■	मि	■	■	■
शा	य	री	■	का	त	र	■	गो

न्यूज गैलरी

विधायक ने किया बीएड कॉलेज का निरीक्षण

कांकेर/नवप्रदेश। नूतन वर्ष 2024 के द्वितीय दिवस 2 जनवरी 2024 को कांकेर विधानसभा क्षेत्र के नव निर्वाचित विधायक आशाराम नेताम ने शा. शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय कांकेर का औचक निरीक्षण किया। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य डॉ. पूर्वा शर्मा सहित समस्त स्टाफ एवं प्रशिक्षार्थियों ने उन्हें बुके भेंट कर स्वागत किया। कांकेर के इस नवीन बीएड कॉलेज की स्थापना पर उन्होंने प्रसन्नता जाहिर करते हुए इसे पूरे सम्भाग की बड़ी उपलब्धि बताई। उन्होंने चर्चा के बाद पूरे महाविद्यालय का निरीक्षण किया तथा विभिन्न प्रकार की समस्याओं का शीघ्र निराकरण करने का आश्वासन भी दिया। डॉ. पूर्वा शर्मा ने उन्हें एक ज्ञापन भी सौंपा। विधायक ने प्रशिक्षार्थियों के अध्ययन कक्ष में जाकर उन्हें नववर्ष की शुभकामनाएं भी दी। विधायक के साथ भरत मटियारा, पूर्व अध्यक्ष मछुआ कल्याण बोर्ड छत्तीसगढ़, पार्षद जयंत अटभैया, गिरवर यादव, मने सिंह कावड़े, कन्हैया उसेंडी सहित प्रदीप कुमार कुलदीप उपस्थित थे।इस अवसर पर सहायक प्राध्यापक डॉ.कृष्णमूर्ति शर्मा, दिनेश साहू, रामरुद्र गिरि, डॉ.आस्था शर्मा, डेमिन साहू सहित समस्त कार्यालयीन स्टाफ उपस्थित था।

नेताम ने ली अधिकारियों की बैठक

कांकेर/नवप्रदेश। कांकेर विधानसभा क्षेत्र के विधायक आशाराम नेताम ने आज दोपहर को जिला स्तर के अधिकारियों की बैठक लेकर कहा कि उनके व सभी अधिकारियों के लिए आम जनता का हित सर्वोपरि है। शासन-प्रशासन ने जो दायित्व सौंपा है उसका ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करें। साथ ही यह भी सुनिश्चित करें कि कोई भी व्यक्ति मूलभूत सुविधाओं से वंचित न होने पाए। कलेक्टोरेट सभाकक्ष में विधायक नेताम ने अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि निर्माण कार्यों में किसी प्रकार की कोताही न बरती जाए और शासन द्वारा निर्धारित प्राथमिकता के अनुरूप ही वे अपनी जिम्मेदारियों को पूरी शिद्दत के साथ निभाएं। साथ ही यह भी कहा कि स्वास्थ्य, शिक्षा शुद्ध पेयजल की उपलब्धता स्वच्छता शिक्षा और किसानों की आय दुगनी करना उनकी पहली प्राथमिकता है। उन्होंने यह भी कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए जरूरी निर्माण कार्यों के लिए प्रस्ताव तैयार करें, जिससे कि आगामी बजट में उन्हें शामिल करने शासन स्तर पर प्रयास किया जा सके। इस दौरान विधायक ने उपस्थित अधिकारियों को ऊर्जा संरक्षण दिवस के अवसर पर ऊर्जा का अपव्यय रोकने, लोगों को जागरूक करने, पर्यावरण संरक्षण एवं पेड़ों को काटने से रोकने, वृक्षारोपण करने की शपथ भी दिलाई। इसके पहले नेताम ने सभी अधिकारियों से परिचय प्राप्त कर विभागों में संचालित योजनाओं का क्रियान्वयन बेहतर ढंग से करने की बात कही। इस अवसर पर कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला, डीएफओ आलोक बाजपेयी, अपर कलेक्टर एस.अहिरवार बीएस उइके जिला पंचायत सीईओ सुमित अग्रवाल, संयुक्त कलेक्टर मनीष मिश्रा एवं सुश्री आस्था राजपूत सहित सभी अनुभाग के अनुविभागीय अधिकारी व जिला स्तर के अधिकारीगण मौजूद थे।

क्रॉस फायरिंग में घायल और मारे गए आश्रितों को 7 लाख की मदद

बीजापुर/नवप्रदेश। राज्य शासन गृह विभाग द्वारा नक्सली पीड़ित व्यक्तियों की सुरक्षा एवं पुर्नवास के लिए स्वीकृत संशोधित कार्ययोजना आदेश के तहत अनुशंसा पश्चात् क्रास फायरिंग में गोली लगने से घायल/मृत्यु आम नागरिकों के आश्रित परिवारों में से श्रीमती मासे सोढ़ी को 7 लाख रूपये सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

डीएलसीसी की बैठक कल

नारायणपुर/नवप्रदेश। जिला स्तरीय परामर्शदात्री बैंकर्स कमेटी की बैठक जिला कार्यालय के सभाकक्ष में 5 जनवरी दिन शुक्रवार को समय अपरान्ह 3 बजे से जिला कार्यालय के सभाकक्ष में रखी गई है। सभी बैंको के सदस्य एवं शासकीय विभागीय अधिकारियों को उक्त बैठक में अनिवार्य रूप से समय पर उपस्थित होने कहा गया है। बैठक में जमा, अग्रिम अनुपात की समीक्षा, जिले सीडी रेसिया वर्तमान में 47.2 प्रतिशत है, जो आरबीआई के बेंच मार्क 60 प्रतिशत से कम है, इस पर विस्तृत चर्चा, किसान केडिट कार्ड प्रगति, विभिन्न शासकीय ऋण योजनाओं में प्रगति, वित्तीय समावेशन, जिले में बैंकिंग सेवाओं के विस्तार, राष्ट्रव्यापी सघन जागरूकता अभियान 2022 भारतीय रिजर्व बैंक ने लक्ष्य दिया है कि बैंक, बीसी के माध्यम से जिले के अंतिम व्यक्ति को डिजिटल बैंकिग, शिकायत, धोखाधड़ी की रोकथाम एवं बचाव संबंधी चर्चा, सभी बैंको को ग्राम पंचायत के अनुसार आबंटित सेवा क्षेत्र में बीसी खोलने, हमारी समर्पित एनजीओ द्वारा सभी बैंकों में प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना एवं प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के फार्म ग्रामीणों से एकत्रित कर बैंकों में दिये जाते पर कार्यवाही, दोहरी प्रमाणीकरण, समूह खाते बैंकों में नहीं खोले जा रहें है, बैंक लिंकेज प्रकरण में विलम्ब क्यो हो रहा है जैसे विशयों पर चर्चा किया जाएगा।

पदोन्नति के बाद संशोधन आदेश नहीं मिलने पर बीईओ ऑफिस में दी ज्वाइनिंग

कोंडागांव/नवप्रदेश। जिला कोंडागांव में शिक्षकों ने बीईओ ऑफिस में दी ज्वाइनिंग- पदोन्नति उपरांत संशोधन कराने वाले शिक्षकों का संशोधन 04-09-2023 को भूतपूर्व शिक्षामंत्री के द्वारा यह कहकर पूरे राज्य भर में संशोधन निरस्त कर दिया गया था कि संशोधन गलत तरीके से हुआ है। जिसके परिणामस्वरूप संशोधन कराने वाले शिक्षकों ने हाई कोर्ट का सहारा लिया जिसमें फैसला शिक्षक कर्मचारियों के हित में और पक्ष में 05-12-2023 को आया। संशोधन प्रक्रिया के लिए यह आरोप लगाया था कि शिक्षा विभाग के संयुक्त संचालक कार्यालय में काउंसिलिंग बगैर व पोस्टिंग उपरांत मनचाही जगह के लिए जमकर लेन देन किया गया था। इसके बाद शासन ने प्रदेश के पांचों जेडी को निलंबित कर दिया था। दोष सिद्ध न होने पर हाल में ही कोर्ट के आदेश पर सभी जेडी बहाल हो गए हैं। इधर सभी संभागों में शिक्षकों ने 5 दिसंबर 2023 के हाई कोर्ट के संशोधित शालाओं में ही पदस्थापना वाली फैसले के बावजूद आज पर्यंत शासन के ज्वाईनिंग आर्डर का न आना,कहीं न कहीं कोर्ट की अवमानना न हो,इसलिए संयुक्त संचालक बस्तर एवं डीईओ के मौखिक निर्देशानुसार विकासखंड कार्यालयों एवं संशोधित संस्थाओं में अपनी उपस्थिति दे दी है! पर इन शिक्षकों को बिना कोई कारण बताए विगत चार माह से

हिट एण्ड रन एक्ट में संशोधन करना काले कानून के समान : नितिन

कांकेर/नवप्रदेश। जिला वनोपज संघ के अध्यक्ष और कांग्रेस नेता नितिन पोटाई ने कहा कि मोदी सरकार ने तमाम जन विरोधी काले कानूनों को थोपने के क्रम में औपनिवेशिक युग के अपराधिक कानूनों का भारतीयकरण करने के आड़ में तीन नए अपराधिक कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य कानून पारित किए हैं जो दंड प्रक्रिया संहिता, दंड प्रक्रिया संहिता और साक्ष्य अधिनियम की जगह लेगें इस कानून के बनने से हिट एण्ड रन के मामलों में दोषी वाहन चालकों पर 7 लाख रुपए तक का जुर्माना करने और 10 साल तक की सजा का प्रावधान कर दिया है। इससे देश भर के ट्रक और बसे चालकों ने नए कानून के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए वाहनों के चक्के जाम कर दिये । ड्राइवरों की हड़ताल के कारण आम जनता की मुसीबतें बढ़ गई है। राज्यों में सब्जियों एवं फलों के दाम दो से तीन गुना बढ़ गये । पेट्रोल, डीजल मिलना बंद हो गया है सड़कों पर आवागमन ठप होने से इसका खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है।

श्री पोटाई ने कहा कि हिट एण्ड रन कानून बनाने के पीछे सरकार की अच्छी सोच हो लेकिन प्रस्तावित नए कानून में कई विसंगतियां हैं। जिस पर सरकार को पुनर्विचार करना चाहिए । श्री पोटाई ने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था में परिवहन क्षेत्र और ड्राइवरों का सबसे बड़ा योगदान रहता है। इस समय देश में पहले ही वाहन चालकों की कमी बनी हुई है। ऊपर से ऐसा काला कानून बन जाने के बाद दहशत में आ गए ट्रक चालक नौकरी छोड़ने का मजबूर हो रहे हैं। ऐसी स्थिति में परिवहन व्यवसाय चौपट हो सकता है, इसलिए सरकार को इस कानून की नए सिरे से समीक्षा करनी चाहिए। तथा इस विषय में तत्काल आल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस के पदाधिकारियों सहित अन्य संगठनों के साथ बातचीत कर समस्या का समाधान करना चाहिए।

गलती न होने पर सजा का प्रावधान-कांग्रेस नेता नितिन पोटाई ने कहा कि इस कानून के तहत कोई भी दुर्घटना होने पर वाहन चालक के खिलाफ 10 वर्ष की सजा और 7 लाख का जुर्माना तथा घायल व्यक्ति को उपचार पर ले जाने पर भी चालक को 5 वर्ष की सजा तथा जुर्माना का प्रावधान किया गया है । इतना ही नहीं दुर्घटना में चालक की लापरवाही या गलती न होने पर भी कानून के तहत उसकी लापरवाही या गलती समझी जायेगी। एम पोटाई ने कहा कि जिस दिन से भारत सरकार द्वारा संसद में इस कानून को स्वीकृत कराया गया है। उसी दिन से वाहन चालकों में घोर निराशा बनी हुई है। इस काले कानून के तहत ड्राइवरों का जीवन संकट में पड़ जायेगा क्योंकि किसी भी दुर्घटना में निर्दोष होते हुए भी उसे दोष सिद्ध कर दिया जाएगा ऐसे में परिवार में रोजी-रोटी का संकट पैदा हो जाएगा तथा वाहन चालक के परिवार सामने भूखे मरने की नौबत आयेगी।

इस काले कानून के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे वाहन चालकों एवं वाहन मालिकों को अपना समर्थन देते हुए नितिन पोटाई ने कहा कि औपनिवेशिक कानून बताकर जो नए कानून बना है। वह जन विरोधी और संविधान विरोधी होने के साथ चालकों का मूल अधिकारों का हनन भी है।

विकसित भारत संकल्प यात्रा का शहर में शिविर

- योजनाओं का लाभ लेने पहुंचे हितग्राही

बालोद/नवप्रदेश। सरदार पटेल मैदान में विकसित भारत संकल्प यात्रा का शिविर लगा। जहां आमजनता केंद्र सरकार की कई महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ लेने आवेदन फार्म भरा। कई लोग अपात्र की श्रेणी में आने की वजह जानने शिविर में पहुंचे। मैदान में सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक शिविर लगाया गया था। इसमें लोग योजनाओं के बारे में समझने, जानकारी लेने पहुंचे। शिविर में केन्द्र की योजनाओं हितग्राहियो को लाभांवित किया गया। कार्यक्रम स्थल को फ्री वाईफाई जोन बनाया गया। शिविर में क्विज प्रतियोगिता भी हुई। इसके अलावा एकल डांस एवं समूह डांस स्पर्धा भी हुई ।इसमें 300 से अधिक बच्चों ने भाग लिया। इसके लिए निर्णायकों की टीम भी बैठी थी। कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता यशवंत जैन, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राकेश यादव, नगर पालिका अध्यक्ष विकास चोपड़ा, पार्षद कमलेश सोनी, भाजपा युवा अमित चोपड़ा , भाजपा नेता सुरेश निर्मलकर, पार्षद रिक्षेद मोहन कलिहारी, योगराज भारती सहित अन्य नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे। नगर पालिका प्रशासन की टीम भी मौजूद रही। कार्यक्रम में पहुंचे पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राकेश यादव ने कहा कि विकसित भारत की कल्पना नरेन्द्र मोदी ने की निश्चित रूप से हम सबके लिए यह सौभाग्य की बात है। उन्होंने कहा कि इस शिविर में कोई भी पात्र हितग्राही सरकार की योजनाओं का लाभ पाने से न छूटे इसका विशेष ध्यान रखना होगा। कार्यक्रम में पहुंचे नगर पालिका अध्यक्ष विकास चोपड़ा ने कहा कि यह शिविर जनता से जुड़ा हुआ है। केंद्र सरकार की स्वच्छता अभियान में बालोद नगर पालिका टॉप टेन में जगह बनाया था। इसके चलते केंद्र सरकार से सम्मानित किया गया था। उन्होंने कहा कि सबका छत वाला मकान हों, नपा अध्यक्ष ने कहा कि तालाब के पार में बसे शहरवासियों को आवास योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। नियम में यह बताया जा रहा है कि तालाब के किनारे मकान होने के कारण से कच्चा मकान वालों को पीएम आवास योजना का लाभ नहीं मिलेगा, जिसके कारण कई पात्र हितग्राहियों का नाम अपात्र की श्रेणी में आ गया है। नपा अध्यक्ष विकास चोपड़ा ने कहा

सेवानिवृत्ति पर एएसआई मांझी और सिंह को दी विदाई

बलौदाबाजार - भाटापारा/नवप्रदेश। नए वर्ष के पहले दिन पुलिस कार्यालय सभाकक्ष बलौदाबाजार में सेवानिवृत्त सहायक उप निरीक्षक नान्हू राम मांझी एवं विष्णु नारायण सिंह का विदाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नान्हू राम मांझी पुलिस विभाग में 14 जून 1982 को जिला रायपुर में आरक्षक के पद पर भर्ती हुए थे। इसके बाद 21 नवंबर 2014 को सहायक उप निरीक्षक के पद पर पदोन्नत हुए हैं। पूर्व में वे थाना पुरानी बस्ती, सिविल लाइन, तेलीबांधा, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा में भाटापारा शहर, गिधपुरी, सिटी कोतवाली आदि थानों में पदस्थ रहे हैं। नान्हू राम मांझी 31 दिसंबर .2023 को सेवानिवृत्त हुए हैं।

विष्णु नारायण सिंह पुलिस विभाग में 11 दिसंबर 1980 को जिला रायपुर में आरक्षक के पद पर भर्ती हुए थे। 7जनवरी 2019 को सहायक उप निरीक्षक के पद पर पदोन्नत हुए हैं। पूर्व में वे विभिन्न थानों में पदस्थ रहे हैं। विष्णु नारायण सिंह 31 दिसंबर 2023 को सेवानिवृत्त हुए हैं।

इस मौके पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश यादव, राजेश श्रीवास्तव उप पुलिस अधीक्षक द्वारा नान्हू राम मांझी एवं विष्णु नारायण सिंह के उज्जवल भविष्य एवं स्वस्थ जीवन की कामना करते हुए उनका विभाग के प्रति किए गए उल्लेखनीय कार्यों की प्रशंसा की। इन्हें शाल एवं श्रीफल से सम्मानित

परिवहन संघ ने ट्रकों का फिटनेस बालोद में कराने की मांग की

बालोद/नवप्रदेश। बालोद जिले के ट्रक मालिकों द्वारा जिले के आरटीओ कार्यालय में वाहनों का फिटनेस कार्य कराने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से उम्मीद लगाए बैठे हैं। मुख्यमंत्री स्वयं परिवहन मंत्री भी हैं।

परिवहन संघ अध्यक्ष मनोज चांडक और छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स बालोद इकाई के अध्यक्ष राजू पटेल ने वाहन मालिकों को 7 बिन्दुओ पर राहत देने की मांग की है। रोड टैक्स में कटौती, सभी आरटीओ बैरियर बंद करने, फिटनेस के नाम पर अनावश्यक खर्च में कटौती, वार्षिक बीमा राशि में कटौती, सभी आरटीओ कार्यालय में लाइसेंस नवीनीकरण कार्य की सुविधा, आर टी वो कार्यालय में सभी जिले के पंजीकृत वाहनों का फिटनेस जांच कर प्रमाण पत्र देने और टोल टैक्स में कटौती किया जाना शामिल हैं। ट्रक परिवहन संघ द्वारा बालोद जिला के आर टी ओ कार्यालय में पुनः पंजीकृत वाहनों के फिटनेस कार्य प्रारंभ कराने की मांग की है। इसके साथ ही सात बिंदुओं पर भी संघ ने मांग की है। ट्रक परिवहन संघ अध्यक्ष मनोज चांडक ने बताया कि अभी बालोद के वाहन मालिक को इस कार्य के लिए दूसरे जिला के आर टी ओ कार्यालय पर निर्भर रहना पड़ रहा है। इससे वाहन मालिकों को भारी आर्थिक नुकसान के साथ अधिक समय भी लगता है। बालोद ट्रक मालिक संघ ने यह मांग पूर्व में भी की थी। कुछ समय के लिए चालू करते हैं फिर बिना कारण के बंद कर देते हैं। बालोद के आरटीओ कार्यालय में फिटनेस कार्य हो सकता है। इससे वाहन मालिकों को होने वाले नुकसान से बचाया जा सकता है।

लंबित आवेदनों का शीघ्र निराकरण करें-कलेक्टर

- विकसित भारत संकल्प यात्रा की समीक्षा की
- गणतंत्र दिवस के आयोजन के संबंध में दिए निर्देश

बेमेतरा/नवप्रदेश। कलेक्टर पीएस एल्मा ने आज संयुक्त जिला कार्यालय के दिशा-सभाकक्ष में सप्ताहिक समय-सीमा की बैठक ली। बैठक में उन्होंने विकसित भारत संकल्प यात्रा की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने कहा कि संकल्प यात्रा के तहत गांव में लगाए जा रहे शिविरों में पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ मिलना सुनिश्चित करें। उन्होंने अधिकारियों से कहा की शिविर के माध्यम से समस्त पात्र हितग्राहियों को योजना का लाभ दिलाएं व स्वास्थ्य व अन्य योजनाओं की जानकारी दी जाये। कलेक्टर ने कहा कि उज्ज्वला गैस के छूटे हुए हितग्राहियों का पंजीयन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि संकल्प यात्रा शिविरों में बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंच रहे हैं, इसलिए उनकी अन्य समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। विशेषकर बिजली, वन, खाद्य, स्वास्थ्य, कृषि, महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी शिविर में मौजूद रहकर समस्याओं का निराकरण करें।

गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय पर्व (गणतंत्र दिवस) 26 जनवरी को गरिमामय ढंग से मनाया जायेगा। गणतंत्र दिवस को सफलतापूर्वक पूर्ण करने के लिए जिला स्तरीय अधिकारियों का कार्य विभाजन किया जाएगा। मुख्य समारोह का आयोजन ऐतिहासिक बेसिक स्कूल मैदान बेमेतरा मे किया जायेगा। सरकारी भवनों में रोशनी की जाएगी। कार्यक्रम भव्य होगा इसलिए परेड व सांस्कृतिक कार्यक्रम भी अच्छे से होना हैं। इस बार गणतंत्र दिवस के समारोह में पूरी जनता को जोड़ने का प्रयास किया जायेगा। जिलाधीश ने कहा की कोविड-19 महामारी के परिप्रेक्ष्य में समारोह में विशेष सावधानी बरतने के साथ ही मास्क पहनना, सामाजिक दूरी आदि का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए। पूर्व के वर्षों की भांति इस वर्ष भी स्कूली बच्चों के कार्यक्रम तथा अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन करने के निर्देश भी दिए गए हैं। समारोह स्थल में रंगीन गुब्बारे भी व शांति का प्रतीक स्वेत कबूतर उड़ाए जायेंगे।

उन्होंने लंबित आवेदनों को सर्वोच्च प्राथमिकता देने को कहा तथा उनके विभाग के लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर द्वेय डा. अनिल वाजपेयी, सीएल मार्कण्डेय, संयुक्त कलेक्टर उमाशंकर बंदे, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सुश्री सुरुचि सिंह, विश्वास राव मस्के, भूपेंद्र जोशी, डिप्टी कलेक्टर धनराज मरकाम व चारों ब्लॉक के जनपद सीईओ सहित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

फोटो - कलेक्टर ने ली

मनरेगा में मजदूरी भुगतान अब आधार आधारित

- शंकाओं के समाधान के लिए जन मनरेगा एप बनेगी मददगार

बीजापुर/नवप्रदेश। मिनिस्ट्री आफ रूरल डेवलपमेंट भारत सरकार ने 1 जनवरी से महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत श्रमिकों के मजदूरी भुगतान आधार बेस्ड पेमेंट सिस्टम के आधार पर करना अनिवार्य कर दिया है। यह सिस्टम आधार कार्ड से बैंक का खाता लिंक के आधार पर कार्य करेगा। श्रमिकों को जिस बैंक में मनरेगा मजदूरी का भुगतान चाहिए होगा, उस बैंक में जाकर आधार नंबर को लिंक कराना होगा। उक्त जानकारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत रवि कुमार साहू ने दी। मनरेगा अंतर्गत जिले में वर्तमान में 50 हजार से अधिक मजदूरों के खाते आधार लिंक है, जो कि आधार भुगतान हेतु सक्षम है। जिले में वर्तमान में तकरीबन 7 हजार मजदूर प्रतिदिवस मनरेगा अंतर्गत मजदूरी कर रहे हैं। जिनका भुगतान आधार इनिबेल्ड पेमेंट सिस्टम के आधार पर किया जा रहा है।

जिला पंचायत सीईओ रवि साहू ने मनरेगा के जिला अधिकारियों की बैठक लेकर अधिक से अधिक मनरेगा मजदूरों के बैंक खाते से आधार लिंक कराने के निर्देश दिए। यह सिस्टम कैसे काम करता है इसकी जानकारी मनरेगा जाबकार्डधारी परिवारों को देने जागरूक और आवश्यक सहयोग करने को कहा। जन मनरेगा एप बनी मददगारः सहायक परियोजना अधिकारी मनीष सोनवानी ने बताया कि जन मनरेगा एक एप्लीकेशन है जिसे मोबाइल में इंस्टाल किया जा सकता है।

श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण देने घर-घर पहुंचे भक्त

दंतेवाड़ा/ बचेली/नवप्रदेश। श्री राम मंदिर तीर्थ स्थल से श्री राम लला के विराजने 22जनवरी 24 को होने वाले समारोह में सम्मिलित होने के लिए प्रत्येक भारतवासी को आमंत्रित करने पवित्र अक्षत कलश लाया गया है। जिसमें आमंत्रण पत्रक और प्रभु श्रीराम मंदिर की फोटो के साथ प्रत्येक नगरवासी भक्तों को 1 जनवरी 24 से 15 जनवरी 24 तक वितरण किया जाएगा। बचेली नगर में निमंत्रण देने के लिए नगर को चार खंडों में बांटा गया। इसके लिए चार बस्ती प्रमुख बनाए गए हैं। जो अन्य रामभक्त सदस्यों के साथ अक्षत,पान, सुपारी ,आमंत्रण पत्रक और प्रभु श्रीराम मंदिर अयोध्या धाम की फोटो सहित भक्तों को वितरित किया जा रहा। भक्त शंख एंव घंटा बजाते हुए लोगों के घरों में दस्तक दे रहे हैं। रामभक्तों ने 22 तारीख के दिन एक पौधा राम के नाम से भी लगाने का आह्वान किया है।

प्रथम पेज कर शेष

कांग्रेस, लेफ्ट ने महिलाओं ...

की विकास योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया था। उन्होंने कावारत्ती स्टेडियम में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा- लक्षद्वीप का क्षेत्रफ ल भले छोटा है, लेकिन इसका हृदय बहुत बड़ा है। मैं यहां मिल रहे प्यार और आशीर्वाद से अभिभूत हूं। मैं आप सभी का आभार व्यक्त करता हूं। पीएम ने कहा- 2020 में मैंने आपको गारंटी दी थी कि अगले 1000 दिनों के अंदर आपको तेज इंटरनेट की सुविधा मिलेगी। आज कोच्चि-लक्षद्वीप सबमरीन ऑप्टिकल फ इबर प्रोजेक्ट का उद्घाटन हुआ है। अब लक्षद्वीप में 100 गुना ज्यादा स्पीड से इंटरनेट मिलेगा। आज भारत विश्व समुद्री खाद्य बाजार में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। इससे लक्षद्वीप को काफी फायदा हो रहा है।

'इंडिया गठबंधन' के संयोजक ....

विपक्षी गठबंधन के दलों के बीच सीट शेयरिंग को लेकर बातचीत हुई है। इसके अलावा नीतीश कुमार को इंडिया गठबंधन का संयोजक बनाए जाने को लेकर भी इन नेताओं के बीच चर्चा हुई। सब कुछ ठीक रहा तो जल्द ही नीतीश को संयोजक बनाए जाने की घोषणा हो सकती है। यह अहम बैठक बिहार से जुड़ी कई सियासी अटकलों के बीच हुई है। क्या बिहार में बड़ा सियासी उलट फेर होने वाला है? क्या तेजस्वी यादव के खिलाफ ईडी कार्रवाई कर सकती है? क्या नीतीश कुमार इंडिया के संयोजक बनाए जा सकते हैं? 28 दिसंबर के बाद से ही सियासी गलियारों में ऐसी कई तरह की अटकलें लगाई जा रही हैं।

अडाणी-हिंडनबर्ग केस ....

चलता है किः सत्य की जीत हुई है। सत्यमेव जयते। मैं उन लोगों का आभारी हूं जो हमारे साथ खड़े रहे। भारत की ग्रोथ स्टोरी में हमारा योगदान जारी रहेगा। जय हिन्द।' पिछले साल 24 नवंबर को कोर्ट ने मामले की सुनवाई के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। सीजेआई ने कहा था- हमें अमेरिकी कंपनी हिंडनबर्ग की रिपोर्ट को तथ्यात्मक रूप से सही मानने की जरूरत नहीं है। हिंडनबर्ग यहां मौजूद नहीं है, हमने सेबी से जांच करने को कहा है। 24 जनवरी 2023 को हिंडनबर्ग रिसर्च ने अडाणी ग्रुप पर मनी लॉन्ड्रिंग से लेकर शेयर मैनिपुलेशन जैसे आरोप लगाए गए थे।

सीएम सोरेन के करीबियों ...

(कोलकाता), सिपाही अवधेश कुमार के घर भी छापेमारी हुई है। अभिषेक प्रसाद के आवास और साहेबगंज उपायुक्त के आवास समेत 12 ठिकानों पर तलाशी ली जा रही है। राजधानी रांची में रेड अरगोड़ा, रातू रोड सहित कई इलाकों में जारी है।

पीएम मोदी, सबका साथ, सबका

बीमारी को जड़ से समाप्त करने का महा अभियान छेड़ा गया है।राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि देश, प्रदेश नई-नई ऊंचाईयों को छुए इसके लिए विकसित भारत संकल्प के तहत विभिन्न आयामो को मूर्तरूप दिया जा रहा है।

15 जनवरी तक थानों की सीमाओं

और पुरस्कृत किया जायेगा। मुख्यमंत्री ने पुलिस विभाग में हाल ही में हुई पदोन्नतियों के संबंध में कहा कि पदोन्नति पाने से छूट गये पात्र और योग्य प्रमोटी पुलिस कर्मियों की भी पदोन्नति की जायेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि निर्धारित आवाज की सीमा के भीतर ही लाउडस्पीकर चलें। उन्होंने डीजे सहित अधिक आवाज करने वाले यंत्रों पर सख्ती से रोक लगाने के निर्देश दिये।

रानी अवंती बाई लोधी

के किसानों की आय में वृद्धि के लिए फसल उत्पादन, भण्डारण, प्रोसेसिंग, मार्केटिंग, उपार्जन, ब्राण्ड बिल्डिंग के साथ वैल्यू चेन विकसित करने के उद्देश्य से रानी दुर्गावती श्रीअन्न प्रोत्साहन योजना लागू की जा रही है। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा देश में एक नई मिलेट क्रांति का शुभारंभ किया है। उनकी पहल पर वर्ष 2023 को अंतर्राष्ट्रीय मिलेट वर्ष घोषित किया गया है। मंत्रि-परिषद द्वारा ग्वालियर व्यापार मेले को व्यापक स्वरूप देने और ऑटोमोबाइल सेक्टर में बिक्री को बढ़ावा देने के लिए मोटर साईकिल, मोटर कार तथा हल्के वाहनों के विक्रय पर नियमों के अधीन मोटरयान कर की दर पर 50त्न की छूट देने का निर्णय लिया गया है। इस निर्णय से ग्वालियर व्यापार मेले में व्यापार, पर्यटन एवं औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा।

प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए दिल्ली में एक और युथ हॉस्टल बनेगा

बच्चों के स्वस्थ तन-स्वस्थ मन के लिए आश्रम-छात्रावास परिसर में स्थापित होगा जिम

रायपुर/नवप्रदेश। आदिमजाति, अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक मंत्री श्री रामविचार नेताम ने आज अटल नगर, नवा रायपुर स्थित राष्ट्रीय ट्राइबल रिसर्च इंस्टिट्यूट सभा कक्ष में वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक लेकर विभागीय योजनाओ की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने बैठक में कहा कि आदिमजाति विकास के तहत ऐसा कार्य करें कि छत्तीसगढ़ की देश-दुनिया में एक अलग पहचान बने। आदिमजाति, अनुसूचितजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक समाज के सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक विकास के लिए संवेदन शीलता के सथ कार्य किया जाए। सभी आश्रम-छात्रवासों में स्वच्छता के साथ शिक्षा का वातावरण हो। शिक्षा के साथ-साथ खेल प्रतीभाओं को सामने लाने की दिशा में काम किया जाना चाहिए। उन्होंने छात्र-छात्राओं के स्वस्थ तन, स्वस्थ मन की दृष्टिकोण से आश्रम-छात्रवास परिसर में जिम स्थापित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। बैठक में सचिव श्री डी.डी.सिंह और संचालक श्रीमती शम्मी आबिदी सहित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। मंत्री श्री नेताम ने रिसर्च सेंटरऔर लाइब्रेरी का भी अवलोकन किया। लाइब्रेरी में संग्रहित आदिम जाति कला संस्कृति तथा परंपराओं पर आधारित किताबों के संग्रह से काफी प्रभावित हुए।

मंत्री श्री नेताम ने समीक्षा बैठक में कहा कि आश्रम छात्रवास के बच्चे भी आपके बच्चे की तरह है। उनके बेहतर भविष्य के लिए तत्परता के साथ कार्य किया जाना सुनिश्चित हो। उन्होंने विभाग द्वारा संचालित योजनाओं को पूरा करने के माध्यम से साथ नई परियोजनाओं के माध्यम से भी विभाग को उत्कृष्ट श्रेणी में लाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि विभाग में जो भी समस्याएं व परेशानी होगी, उन्हें मिल-जुलकर दूर किया जाएगा। विभाग के उद्देश्यों को पूरा करने के लिए राशि की कोई कमी नहीं होगी। राज्य सरकार द्वारा हरसंभव मदद कर इन वर्गों के बच्चों को आगे बढ़ाने की दिशा में काम किया जाएगा।

मंत्री श्री नेताम ने बैठक में कहा कि राज्य के छात्र-छात्राएं जो दिल्ली में स्थित युथ हॉस्टल में रहकर सिविल सर्विस की तैयारी कर रहे हैं। उसके लिए सीटों की संख्या में वृद्धि करने की दिशा में कार्ययोजना तैयार की जाए, उन्होंने कहा कि आवश्यकतानुरूप कोचिंग सेंटर के आसपास नई हॉस्टल बनाने पर भी कार्ययोजना तैयार किया जाए। उन्होंने बिलासपुर में सिविल सेवा प्रतियोगिता परीक्षा के लिए भी केन्द्र खोलने के निर्देश अधिकारियों को दिए। मंत्री श्री नेताम ने राज्य के संरक्षित जनजातियां बैगा, कमार, बिरहोर, पहाड़ी कोरवा, पण्डो, अबूझमाड़ के विकास के लिए भी ठोस कार्ययोजना बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि बस्तर और सरगुजा संभाग के विभिन्न क्षेत्रों के वन अधिकार पत्रों के संबंध में शिकायतें मिल रही है। सभी पात्र लोगों को वन अधिकार पत्र मिले, इसके लिए नियम प्रक्रियाओं की जानकारी संबंधित ब्रोशर और पॉम्प्लेट, जिला स्तर, ब्लॉक स्तर और ग्राम पंचायत स्तर पर वितरण व चस्पा किया जाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने इस मौके पर रिसर्च सेंटर परिसर में तैयार हो रहे ''द म्यूजियम मेमोरियम'' कैम्पस का पीपीटी प्रस्तुतिकरण के माध्यम से अवलोकन किया।

पैसे के लेन-देन को लेकर युवक से मारपीट

रायपुर/नवप्रदेश। दामाद पारा सिलतरा में उधार पैसे के लेन-देन को लेकर एक युवक ने दूसरे युवक से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर धरसींवा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार प्रार्थी मनीष साहू 20 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी संदीप बांधे ने उधार पैसे के लेन-देन को लेकर प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर धरसींवा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 506, 323 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

नव वर्ष पर ग्राहकों को बांटे पौधे

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर मार्ग पर स्थित मोहन ढाबा के संचालक द्वारा 1 तारीख को नववर्ष के अवसर पर सभी ग्राहकों को पौधा वितरण किया है और बताया गया कि नववर्ष पर उन्होंने अपने ढाबा परिसर में एक संगीत का भी कार्यक्रम रखा। था साथ ही बीती रात जितने भी लोग ढाबा में आ रहे थे उन सभी को उनके द्वारा एक पौधा वितरण कर पर्यावरण को प्रदूषण मुक्त करने का संदेश दिया जा रहा था। उन्होंने कहा कि हम भी इस बात का संकल्प लेते है कि पर्यावरण को प्रदूषण मुक्त करेंगे।

पुरानी रंजिश के चलते युवक को पीटा

रायपुर/नवप्रदेश। रावाभाठा स्थित शालीमार ट्रांसपोर्ट के पास दो युवकों ने एक युवक से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार शालीमार ट्रांसपोर्ट निवासी प्रार्थी मोहम्मद मुकीम साह 40 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी मोहम्मद अनस एवं गामा ने पुरानी रंजिश के चलते प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 506, 323, 34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

अवैध शराब के साथ युवक गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। माना पुलिस ने बनरसी नहर के पास दबिश देकर अवैध शराब के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 20 पाव देशी शराब जब्त किया है। जानकारी के अनुसार पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर बनरसी नहर के पास दबिश देकर आरोपी ईश्वर बंदे 24 वर्ष के पास से 20 पाव देशी शराब जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

सड़क किनारे खड़ी बाइक पार

रायपुर/नवप्रदेश। गणेश नगर रोड किनारे खम्हारडीह में खड़ी बाइक को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार प्रार्थी पुरुषोत्तम बाग 29 वर्ष पार्वती नगर कचना का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एचक्यू 7710 को गणेश नगर रोड किनारे खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत 10 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

गांजे की तस्करी, दो युवक गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। टिकरापारा पुलिस ने भाठागांव बस स्टेण्ड के पास गांजा के साथ दो युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 8 किलो 220 ग्राम गांजा जब्त किया है। जानकारी के अनुसार पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर भाठागांव बस स्टेण्ड के पास आरोपी खेती कुम्हार 29 वर्ष सहित एक अन्य को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से बैग में रखे 8 किलो 220 ग्राम गांजा जब्त किया है। जिसकी कीमत 80 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

चाकू लहराते युवक पकड़ाया

रायपुर/नवप्रदेश। टिकरापारा पुलिस ने नया बस स्टेण्ड भाठागांव के पास दबिश देकर चाकू लहराते एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है। जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली कि नया बस स्टेण्ड भाठागांव के पास एक युवक चाकू लेकर आम लोगों को डरा धमका रहा है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने आरोपी राजाराम साहू 19 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से चाकू जब्त किया है।

6 जुआरी चढ़े पुलिस के हत्थे

रायपुर/नवप्रदेश। टिकरापारा पुलिस ने कमल विहार के पास जुआ खेलते 6 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से ताशपत्ती सहित नकदी 52500 रुपए जब्त किया है। जानकारी के अनुसार टिकरापारा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कमल विहार सेक्टर 4 के पास दबिश देकर जुआ खेलते आरोपी मोनू शर्मा 46 वर्ष, मुनीर खान 63 वर्ष, सुनील रोचलानी 51 वर्ष, संजय थारवानी 48 वर्ष, कृष्णा तांडी 23 वर्ष व विनोद लालवानी 50 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन लोगों के पास से ताशपत्ती सहित नकदी 52500 रुपए जब्त किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

सूने मकान से नकदी सहित जेवर पार

रायपुर/नवप्रदेश। गौतम विहार देवपुरी स्थित सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने नकदी 12 हजार सहित सोने-चांदी के जेवर पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार प्रार्थी राजेश रंजन 57 वर्ष गौतम विहार देवपुरी का रहने वाला है। बताया जाता है कि अज्ञात चोर ने 28 दिसंबर से 30 दिसंबर के मध्य प्रार्थी के सूने मकान का ताला तोड़कर आलमारी में रखे नकदी 12 हजार रुपए सहित सोने-चांदी के जेवर पार कर दिया। चोरी गए जुमला कीमती करीब 90 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 457, 380 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

मुख्यमंत्री को शहीद की प्रतिमा अनावरण का दिया आमंत्रण

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से राज्य अतिथि गृह पहुना में शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी के पिता सुभाष त्रिपाठी ने सौजन्य मुलाकात की। मुलाकात के दौरान उन्होंने बताया कि शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी की प्रतिमा रायगढ़ में शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी मेमोरियल ट्रस्ट द्वारा कर्नल विप्लव त्रिपाठी स्टेडियम के सामने स्थापित की गई है। साथ ही स्मृति पट भी स्थापित की गई है। त्रिपाठी ने प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम में शामिल होने मुख्यमंत्री को निमंत्रित किया। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर कहा कि रायगढ़ जिले के वीर सपूत शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी ने देश की रक्षा के लिए अपना बलिदान दिया है। उनकी शहादत हमेशा हमारा मार्गदर्शन करेगी। उनकी प्रतिमा अनावरण के अवसर पर उपस्थित होना मेरे लिए गौरव की बात होगी। इस दौरान शहीद कर्नल त्रिपाठी के मामा राजेश पटनायक एवं गोकुल पटनायक भी मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि कर्नल त्रिपाठी ने वर्ष 2003 में कुमाऊं रेजीमेंट में कमीशन लिया था। वे सियाचिन, कुपवाड़ा, नौशेरा, कांगो, मथुरा, वेलिंगटन आदि विभिन्न पदस्थापना में कार्यरत रहे। 13 नवंबर 2021 को म्यांमार सीमा से लगे बिहांग में अलगाववादी समूहों द्वारा घात लगाकर किये गये हमले में अपने जवानों को बचाते हुए अंतिम गोली तक मुकाबला करते हुए अपनी पत्नी अनुजा एवं बेटे अबीर के साथ वीरगति को प्राप्त हुए।

मुख्यमंत्री ने भारत की प्रथम महिला शिक्षिका सावित्री बाई फुले की जयंती पर किया नमन

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने भारत की पहली महिला शिक्षिका एवं समाज सुधारक स्वर्गीय श्रीमती सावित्री बाई फुले की 03 जनवरी को जयंती पर उन्हें नमन किया है। श्री साय ने कहा कि सावित्री बाई फुले जी ने महिला शिक्षा के लिए लोगों को न सिर्फप्रेरित किया बल्कि कई महिलाओं को शिक्षा भी दी। छुआछूत विरोध, स्त्री अधिकारों की लड़ाई एवं शिक्षा के क्षेत्र में श्रीमती फुले का योगदान अविस्मरणीय है। स्त्री अधिकारों एवं शिक्षा के क्षेत्र में किये गए उनके उल्लेखनीय कार्य हमेशा याद किए जाएंगे।

खाद्य मंत्री दयालदास बघेल ने मंत्रालय में काम-काज संभाला

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता, संरक्षण मंत्री श्री दयालदास बघेल ने आज मंत्रालय में पूजा-अर्चना कर अपना कार्यभार संभाल लिया है। श्री बघेल ने विभागीय अधिकारियों से विभागीय काम-काज के संबंध में आवश्यक जानकारी ली। इस अवसर पर विभागीय सचिव श्री टोपेश्वर वर्मा सहित जनप्रतिनिधि एवं विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

हवा की दिशा में बदलाव के बीच ठंड में आई कमी

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश में मौसम का मिजाज एक बार फिर से बदल सकता है। उत्तर भारत के कई क्षेत्रों में जहां कड़ाके की ठंड का प्रकोप जारी है तो वहीं घने कोहरे की वजह से ट्रेनों के परिचालन तथा वाहनों की आवाजाही भी प्रभावित हो रही है।

इधर प्रदेश में पिछले 3-4 दिनों से मौसम में अचानक बदलाव आया है। कड़ाके की ठंड गायब हो गई है और आसमान में हल्के बादल छाने लगे हैं। मौसम विभाग के अनुसार राज्य के अधिकांश जिलों में इन दिनों ठंड में कमी दर्ज की जा रही है। हालांकि उत्तरी छत्तीसगढ़ में अभी भी अच्छी ठंड पड़ रही है। पहाड़ों व वनांचल क्षेत्रों में सुबह घना कोहरा छाने से लोगों की दिनचर्या भी प्रभावित हो रही है। मौसम विभाग के अनुसार अभी मौसम का मिजाज इसी तरह बना रह सकता है। हालांकि हवा की दिशा में फिर से परिवर्तन के साथ तापमान में गिरावट आने की पूरी संभावना बनी हुई है। यह संभवतः पहली बार है कि जनवरी माह की शुरूआत में ही ठंड का असर कम होना शुरू हो गया है। जबकि आमतौर पर छत्तीसगढ़ में दिसंबर और जनवरी माह में कड़ाके की ठंड पड़ती है।

22 जनवरी को छत्तीसगढ़ में ड्राई-डे

रायपुर/नवप्रदेश। 22 जनवरी को छत्तीसगढ़ में ड्राई-डे घोषित किया गया है। इस दिन अयोध्या के राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा होने वाली है। इसके चलते मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने ड्राई-डे की घोषणा की। इसके साथ ही 100 टन सब्जियां भी राम के ननिहाल छत्तीसगढ़ से अयोध्या भेजी जाएगी। इन सब्जियों से राम मंदिर में 22 जनवरी को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में भोग लगाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि, पूरे प्रदेश में शुष्क दिवस घोषित करने का फैसला सरकार ने लिया है। इस दिन पूरे प्रदेश में शराब की दुकानें बंद रहेंगी। साथ ही 22 जनवरी को दीपावली जैसा माहौल रहेगा। प्रगतिशील किसान संघ का प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री साय से मुलाकात करने पहुंचा था। उन्होंने किसानों के एक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री को आने का न्योता दिया साथ ही इस दौरान किसानों ने 100 टन सब्जियों को अयोध्या भेजने का प्रस्ताव भी रखा। इस प्रस्ताव का मुख्यमंत्री ने स्वागत किया। इससे पहले शनिवार को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भगवा ध्वज दिखाकर 11 ट्रकों को रवाना किया था। जिससे रामलला के मंदिर में होने वाले प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के चावल से भगवान राम को भोग लगेगा। इसके साथ ही देश भर से आने वाले राम भक्तों को प्रसाद का भी वितरण किया जाएगा।

महिला शिक्षिका की हत्या, पुलिस ने कातिल बेटे को किया गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर में महिला टीचर की हत्या मामले में पुलिस ने उसके बेटे को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बुधवार तड़के उसे रायपुर रेलवे स्टेशन से पकड़ा है। आरोपी दूसरे शहर भागने की फिराक में था। आरोपी बेटे ने पहले अपनी मां के सिर को जमीन पर पटका और फिर स्टील के गिलास से उनका चेहरा गोद दिया था। जानकारी के मुताबिक, डीडी नगर क्षेत्र में इंद्रप्रस्थ कॉलोनी के बी ब्लॉक निवासी पी.नीता राव (51) का शव उनके घर में सोमवार देर शाम मिला था। पुलिस को मौके पर शव के आसपास खून बिखरा मिला। वहीं घर के बाथरूम से आरोपी के पैरों के निशान और खून से सनी बनियान मिली थी। पुलिस पूछताछ में नागेश ने बताया कि उसका मां से पैसों को लेकर विवाद हुआ था। वह नशे के लिए रुपए मांग रहा था, लेकिन मां ने देने से इनकार कर दिया। इस पर आरोपी ने गुस्से में मां का मोबाइल तोड़ दिया और फर्श पर उनका सिर पटक-पटक कर जान ले ली। आरोपी ने पुलिस को बताया कि इसके बाद भी उसका गुस्सा शांत नहीं हुआ। वह किचन से स्टील का गिलास लेकर आया और उससे मां के चेहरे पर कई वार किए। हत्या के बाद उसने बाथरूम में नहाकर खुद को साफ किया, जिससे बाहर कोई शक न करे। इसके बाद मां की पर्स में रखे गहने और रुपए लेकर भाग निकला।

एसडीजी डिस्ट्रिक्ट प्रोग्रेस रिपोर्ट 2022 छत्तीसगढ़ का विमोचन आज

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा छत्तीसगढ़ शासन द्वारा राज्य योजना आयोग की समीक्षा तथा राज्य योजना आयोग द्वारा सतत् विकास लक्ष्य (एसडीजी) संबंधित तैयार की गई रिपोर्ट एसडीजी डिस्ट्रिक्ट प्रोग्रेस रिपोर्ट, 2022 छत्तीसगढ़ का विमोचन आज 4 जनवरी को योजना भवन, नवा रायपुर में आयोजित है। सीएम साय द्वारा राज्य योजना आयोग की प्रमुख उपलब्धियों एवं आगामी कार्ययोजना के संबंध में समीक्षा तथा एसडीजी डिस्ट्रिक्ट प्रोग्रेस रिपोर्ट 2022 छत्तीसगढ़ का विमोचन किया जाएगा। इस बैठक में मंत्री, योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी ओपी चौधरी भी उपस्थित रहेंगे। उल्लेखनीय है कि सतत् विकास लक्ष्य के जिला स्तर तक स्थानीयकरण एवं सतत् प्रभावी मॉनिटरिंग की सुनिश्चितता हेतु छत्तीसगढ़ राज्य योजना आयोग द्वारा तैयार किये गये छग डिस्ट्रिक्ट इंडिकेटर फ्रेमवर्क के आधार पर वर्ष 2021-22 के आकड़ों के आधार पर एसडीजी डिस्ट्रिक्ट प्रोग्रेस रिपोर्ट 2022 छत्तीसगढ़ तैयार की गई है। इससे पूर्व वर्ष 2020-21 के आकड़ों के आधार पर एसडीजी डिस्ट्रिक्ट प्रोग्रेस रिपोर्ट 2021 भी दिनांक 20 फरवरी 2023 जारी की जा चुकी है। रिपोर्ट में जिलो को उनके द्वारा अर्जित किये स्कोर व रैंकिंग प्रदाय की जाती है। रिपोर्ट में यह जिज्ञासा का विषय होगा कि विगत वर्ष की तुलना में जिलो की स्कोरिंग व रैंकिंग में किस प्रकार परिवर्तन हुआ है।

वन मंत्री केदार कश्यप ने पूजा-अर्चना कर लिया पदभार

रायपुर/नवप्रदेश। वन एवं जलवायु परिवर्तन, जल संसाधन, कौशल विकास एवं सहकारिता मंत्री केदार कश्यप ने आज बुधवार को मंत्रालय में विधिवत पूजा अर्चना कर पदभार ग्रहण किया। इस दौरान उनके परिवारजन और विभागीय अधिकारी मौजूद थे। मंत्री श्री कश्यप ने इस अवसर पर कहा कि माई दंतेश्वरी के आशीर्वाद से आज मैंने पदभार ग्रहण किया है। उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विकसित भारत' के संकल्प को साकार करने की दिशा में हमारा छत्तीसगढ़ आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में हमारा मंत्रालय छत्तीसगढ़ के वनवासी, आदिवासी सहित प्रदेश के सभी वर्गों का समुचित विकास करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। छत्तीसगढ़ के हमारे अन्नदाता किसान भाइयों, खेतिहर मजदूरों, महिलाओं, सभी नागरिकों की खुशहाली के लिए काम करने का हमने संकल्प लिया है। सरकार बनने के बाद पहले दिन से ही हमारी सरकार विकास के दिशा में कार्य कर रही है। हम सभी छत्तीसगढ़ को समृद्ध बनाने की दिशा में अपना शत-प्रतिशत योगदान देंगे। स्व. अटल जी के सपनों का छत्तीसगढ़ को संवारने के लिए, हम संकल्पित होकर काम करेंगे। केदार कश्यप वर्ष 2003 से 2018 तक स्कूल शिक्षा, आदिम जाति कल्याण विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी सहित कई विभागों के दायित्व संभाल चुके हैं।

लोकसभा चुनाव के लिए निर्वाचन आयोग की तैयारी शुरू

रायपुर/नवप्रदेश। भारत निर्वाचन आयोग ने प्रदेश में विधानसभा चुनाव होने के बाद अब 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव की तैयारी शुरू कर दी है। इसको लेकर चुनाव आयोग ने कार्यक्रम की घोषणा कर दी है। जिसमें 6 जनवरी से मतदाता सूची का पुनरीक्षण का कार्य शुरु होगा। यानी मतदाता सूची प्रारूप का प्रारंभिक प्रकाशन होगा। 1 जनवरी 2024 को 18 साल पूरे होने वाले मतदाता अपना नाम सूची में जुड़वा सकेंगे. जिसके बाद 6 से 22 जनवरी तक नाम जोड़ने, हटाने और संशोधित किए जाएंगे। वहीं 8 फरवरी को वोटर लिस्ट का फाइनल प्रकाशन किया जाएगा। राज्य में वर्तमान में कुल 2 करोड़ 3 लाख 93 हजार 160 मतदाता हैं। इनमें 1 करोड़ 2 लाख 56 हजार 865 महिला मतदाता और 1 करोड़ 1 लाख 35 हजार 543 पुरुष मतदाता शामिल हैं। इसके अलावा तृतीय लिंग समुदाय के मतदाताओं की कुल संख्या 752 है. छत्तीसगढ़ में 11 लोकसभा क्षेत्र हैं. वहीं, राज्य के 90 विधानसभा क्षेत्रों में कुल 24,109 मतदान केन्द्र हैं. 20,920 मतदान केन्द्र लोकेशन हैं, जिनमें 3227 शहरी व 17,693 ग्रामीण क्षेत्र में स्थित है.

ऑस्ट्रेलियाई महिलाओं का वनडे में सर्वोच्च स्कोर

मुंबई। वानखेड़े स्टेडियम में फोबे लीचफील्ड और कप्तान एलिसा हीली ने ओपनिंग विकेट के लिए 189 रन बनाए, जिससे ऑस्ट्रेलियाई महिलाओं ने भारत के खिलाफ अपना सर्वोच्च स्कोर 338/7 बनाया और फिर मेजबान टीम को 148 रन पर आउट कर तीसरा और अंतिम वनडे मैच 3-0 से क्लीन स्वीप करते हुए 190 रन से जीत लिया।

फोबे के स्टाइलिश 119 और हीली के शानदार 82 रनों ने ऑस्ट्रेलिया को 7 विकेट पर 338 रन के मजबूत स्कोर तक पहुंचाया और इस प्रारूप में भारत के खिलाफ सबसे बड़े स्कोर का एक नया रिकॉर्ड बनाया, जिसने 2018 में 7 विकेट पर 332 रन के पिछले रिकॉर्ड को तोड़ दिया।

जवाब में, स्कोरबोर्ड के दबाव के साथ-साथ जॉर्जिया वेयरहैम (3-23), एनाबेल सदरलैंड (2-9), अलाना किंग (2-21) और मेगन स्कट (2-23) की अच्छी गेंदबाजी के कारण भारतीय पारी आगे बढ़ने में विफल रही। मेजबान टीम 32.4 ओवर में 148 रन पर आउट हो गई, जो वनडे विश्व कप विजेताओं के लिए उनकी सबसे खराब हार में से एक थी। यास्तिका भाटिया (6) और स्मृति मंधाना (29) ने पहले विकेट के लिए 32 रन जोड़े, लेकिन ये दोनों जल्दी-जल्दी आउट हो गईं।

ऋचा घोष, जिन्होंने दूसरे वनडे में 96 रन बनाए और भारत तीन रन से हार गया, 19 रन बनाकर आउट हो गईं और भारत 57/3 पर सिमट गया।जेमिमा रोड्रिग्स (25) और दीप्ति शर्मा (नाबाद 25) ने स्कोर को आगे बढ़ाया, लेकिन छह बल्लेबाज दोहरे आंकड़े तक भी पहुंचने में नाकाम रहे, क्योंकि मेजबान टीम ने बल्ले से खराब प्रदर्शन किया। एनाबेल सदरलैंड ने 30वें ओवर में लगातार गेंदों पर दो विकेट लिए, जिससे भारत का स्कोर 135/9 हो गया।युवा सनसनी फोबे ने 125 गेंदों पर शानदार 119 रन बनाए, जो दूसरे मैच में उनकी पिछली 63 रनों की पारी के बिल्कुल विपरीत था। उनका दूसरा एकदिवसीय शतक सटीकता में एक मास्टरक्लास था, जिसमें 16 चौके और एक छक्का सहित कई चौके शामिल थे। हीली-लिचफील्ड साझेदारी ने 29 ओवरों के लिए शर्तों को निर्धारित किया, लगभग छह की रन-रेट बनाए रखी, क्योंकि ऑस्ट्रेलिया ने एक समय में कुल 350 का लक्ष्य रखा था।इस दौरे पर मेग लैनिंग से कप्तानी संभालते हुए हीली ने पूर्णकालिक कप्तान के रूप में अपने पहले अर्धशतक के साथ सकारात्मक शुरुआत की। उनकी 82 रन की पारी ने न केवल 2023 के खराब प्रदर्शन के बाद उनकी बल्लेबाजी फॉर्म को फिर से जीवंत कर दिया, बल्कि महिला वनडे में एक विकेटकीपर-कप्तान के लिए सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर के रूप में इतिहास में अपना नाम भी दर्ज करा लिया।हीली-लिचफील्ड की 189 रन की साझेदारी ने भी 2021 में दक्षिण अफ्रीकी महिला लिजेल ली और लॉरा वोल्वार्ड्ट की 169 रन की साझेदारी को पीछे छोड़ते हुए इतिहास रच दिया। गतिशील जोड़ी ने नवोदित बाएं हाथ के स्पिनर मन्नत कश्यप को निशाना बनाया, जिससे पारी की शुरुआत में ही उनका आत्मविश्वास टूट गया। हरफनमौला स्नेह राणा की जगह लेने वाले कश्यप को हीली और लीचफील्ड के आक्रमण का खामियाजा भुगतना पड़ा और उन्होंने अपने शुरुआती दो ओवरों में 23 रन दिए।

प्रीमियर लीग : सालाह के दो गोल से लिवरपूल ने न्यूकैसल को हराया

लिवरपूल। मोहम्मद सालाह के दो गोल की मदद से लिवरपूल न्यूकैसल यूनाइटेड पर 4-2 की रोमांचक जीत के साथ प्रीमियर लीग में तीन अंक के साथ शीर्ष पर पहुंच गया।सालाह ने दो गोल किये और कर्टिस जोन्स और कोडी गाकपो भी निशाने पर थे क्योंकि लिवरपूल ने एनफील्ड में रिकॉर्ड तोड़ जीत के साथ 2024 की शुरुआत की।

सालाह ने पहले हाफ में मैगपाईज़ के गोलकीपर मार्टिन डबरावका द्वारा बचाए गयी पेनल्टी को देखा था, दूसरे हाफ में मेहमान टीम ने अलेक्जेंडर इसाक और स्वेन बोटमैन के माध्यम से मुकाबले को जीवित रखा।इसके बाद मिस्र के फारवर्ड ने 49वें मिनट में खाली नेट पर टैप करके अपने 150वें लिवरपूल प्रीमियर लीग गोल के साथ मिस्ड पेनल्टी की भरपाई की। डबरावका और नुनेज़ के बीच लड़ाई जारी रही क्योंकि गोलकीपर ने उरुग्वे के खिलाड़ी को रोकने के लिए दो और बचाव किए और लिवरपूल के आगे बढ़ने के छह मिनट के भीतर, इसाक ने एनफील्ड को पीछे से दौड़कर बराबरी का गोल बनाकर चौंका दिया।लिवरपूल ने 74वें मिनट में फिर से बढ़त हासिल कर ली, जब जोन्स ने सालाह के साथ शुरू हुए एक बेहतरीन मूव को पूरा किया, जो डिओगो जोटा के पास गया, जिन्होंने 22 वर्षीय खिलाड़ी के लिए छह-यार्ड बॉक्स से गेंद को फिनिश करने के लिए क्रॉस दिया। चार मिनट बाद लिवरपूल ने अपना फायदा दोगुना कर दिया क्योंकि गाकपो ने सालाह के शानदार क्रॉस से गेंद को गोल के अंदर फेंक दिया। हालाँकि, न्यूकैसल ने हार मानने से इनकार कर दिया और जब बॉटमैन ने सीन लॉन्गस्टाफ के कार्नर से हेडर किया तो वे मुकाबले में वापस आ गए।गोल आते रहे जब लिवरपूल को एक और पेनल्टी दी गई क्योंकि जोटा को डबरावाका ने गिरा दिया था। अपना पहला प्रयास चूकने के बाद, सालाह ने फिर से कदम बढ़ाया और अफ़्रीका कप ऑफ़ नेशंस के लिए प्रस्थान करने से पहले अपने अंतिम मैच में एर्लिंग हालैंड की बराबरी करते हुए सीज़न का अपना 14वां प्रीमियर लीग गोल कर दिया।

असलम, मोहित ने अपने रक्षात्मक कौशल पर खुद काम किया है, पुनेरी के मुख्य कोच बीसी रमेश

नोएडा। पुनेरी पल्टन के मुख्य कोच बीसी रमेश ने प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) सीजन 10 में तेलुगु टाइटंस के खिलाफ मैच में टीम के रक्षात्मक कौशल में योगदान के लिए अपने शीर्ष रेडरों, कप्तान असलम इनामदार और मोहित गोयत की प्रशंसा की है।पुनेरी पलटन ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए सोमवार को नोएडा में तेलुगु टाइटंस पर 54-18 से जीत दर्ज की।

मैच के बारे में बात करते हुए पुनेरी पल्टन के मुख्य कोच बीसी रमेश ने कहा, हमने मैच की शुरुआत में धैर्यपूर्वक खेलने का फैसला किया। अगर हम बहुत आक्रामक होकर खेलते तो मैच करीबी हो सकता था। असलम ने मुझसे कहा कि हमें इसकी जरूरत नहीं है कि कोई भी जोखिम उठाएं और खिलाड़ी पूरे मैच के दौरान समझदारी से खेले। जबकि कप्तान असलम इनामदार और मोहित गोयत मुख्य रूप से अपनी रेडिंग क्षमताओं के लिए टीम में हैं, उन्होंने टाइटंस के खिलाफ पांच टैकल पॉइंट के साथ रक्षा इकाई में भी योगदान दिया। उनकी रक्षात्मक क्षमताओं के बारे में पूछे जाने पर, मुख्य कोच ने कहा, असलम और मोहित ने अपने दम पर रक्षकों के रूप में सुधार करने के प्रयास किए हैं। असलम ने मैच में दो या तीन बार पवन सहरावत को बोनस अंक लेने से रोका।पुणेरी पलटन इस समय आठ मैचों में सात जीत के साथ तालिका में शीर्ष पर है। इस सीज़न में टीम के जबरदस्त फॉर्म के बारे में बोलते हुए, कप्तान असलम इनामदार ने कहा, हमारी टीम मैट पर अच्छा समन्वय कर रही है। और डिफेंडर लगातार सफल टैकल कर रहे हैं। रेडर भी रक्षा इकाई का समर्थन कर रहे हैं और हमारे शिविर के भीतर आत्मविश्वास ऊंचा है। हमारा टीम संयोजन हमारे लिए अच्छा काम कर रहा है।इनामदार ने आगे कहा, हम आने वाले मैचों में भी इसी तरह खेलना जारी रखेंगे। हर मैच हमारे लिए एक चुनौती है। हम किसी भी टीम को हल्के में नहीं ले सकते। हम अपना सर्वश्रेष्ठ देते रहेंगे और अपने लक्ष्य हासिल करेंगे। अंत।पुणेरी पलटन का अगला मुकाबला यूपी योद्धाज से बुधवार को नोएडा में होगा।

डेविड वॉर्नर की बेशकीमती चीज हुई चोरी, सोशल मीडिया पर हुए भावुक



नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज डेविड वॉर्नर की 'बैगी ग्रीन कैप' चोरी हो गई है। वॉर्नर ने इसकी जानकारी सोशल मीडिया पर दी है। उन्होंने इमोशनल अपील करते हुए कहा कि जिस किसी के पास उनका कैप हो वो प्लीज उसे लौटा दे।

अनुभवी सलामी बल्लेबाज, जो सिडनी क्रिकेट ग्राउंड में पाकिस्तान के खिलाफ आगामी तीसरे टेस्ट में अपने 12 साल के टेस्ट करियर की समाप्ति की तैयारी कर रहे हैं। उन्होंने एक इंस्टाग्राम वीडियो में अपनी परेशानी व्यक्त की। वॉर्नर को देखकर यह अंदाजा लगाया जा सकता है कि यह 'बैगी ग्रीन कैप' उनके लिए कितनी खास है।

डेविड वॉर्नर ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम पेज पर एक वीडियो शेयर किया जिसमें उन्होंने बताया कि पाकिस्तान के खिलाफ तीसरे टेस्ट मैच से पहले उनकी बैगी ग्रीन कैप खो गई है। उन्होंने कहा है कि मेलबर्न से सिडनी आते हुए यह कैप चोरी हुई है। वॉर्नर के मुताबिक उन्होंने टीम होटल और एयरलाइंस का सीसीटीवी कैमरा भी जांच लिया लेकिन इसका कोई फायदा नहीं हुआ।डेविड वॉर्नर 3 जनवरी से पाकिस्तान के खिलाफ एससीजी में अपना अंतिम टेस्ट मैच खेलेंगे और इस प्रारूप में ऑस्ट्रेलिया के लिए पांचवें सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी के रूप में संन्यास लेंगे।टेस्ट क्रिकेट में 44.58 की औसत से अपने 8,695 रनों में से 37 वर्षीय खिलाड़ी ने अपने घरेलू मैदान पर 49.56 की औसत से 793 रन बनाए हैं, जिसमें चार शतक शामिल हैं। दो बार के क्रिकेट विश्व कप विजेता ने सोमवार को घोषणा की कि वह वनडे क्रिकेट से भी संन्यास ले लेंगे। बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज ने वनडे में 45.30 की औसत और 97.26 की स्ट्राइक रेट से 6,932 रन बनाए हैं।

बिजनेस

डॉलर के मुकाबले चार पैसे चढ़ा रुपया

नई दिल्ली। क्रूड ऑयल की कीमतों में आई नरमी ने आज रुपया को बढ़त हासिल करने में मदद किया है। बुधवार के कारोबारी सत्र में डॉलर के मुकाबले रुपया 4 पैसे बढ़कर 83.28 पर पहुंच गया। यह बढ़त रुपया को निचले स्तर से उठाने में मदद करेगा। विदेशी मुद्रा व्यापारियों के अनुसार शेयर बाजार में नकारात्मक रुख के बीच भारतीय मुद्रा दबाव में रही।

आज इंटरबैंक विदेशी मुद्रा में भारतीय करेंसी 83.30 पर खुली और शुरुआती कारोबार में ग्रीनबैक के मुकाबले 83.28 पर पहुंच गई। यह पिछले बंद से 4 पैसे की वृद्धि दर्ज करती है। बीते दिन को रुपया डॉलर के मुकाबले 83.32 पर बंद हुई। इस बीच, डॉलर सूचकांक जो 6 करेंसी की मजबूती को दर्शाता है। डॉलर 0.11 प्रतिशत कम होकर 102.08 पर कारोबार कर रहा था।

वैश्विक तेल मूल्य बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड 0.03 प्रतिशत गिरकर 75.87 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। आज बीएसई सेंसेक्स 350.43 अंक या 0.49 प्रतिशत की गिरावट के साथ 71,542.05 पर कारोबार कर रहा था। व्यापक एनएसई निफ्टी 87.10 अंक या 0.4 प्रतिशत गिरकर 21,578.70 पर आ गया। एक्सचेंज डेटा के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) मंगलवार को 1,602.16 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे।

वित्त वर्ष 2023 में मीशो का घाटा कम होकर 1,675 करोड़ रुपए हुआ

नई दिल्ली। घरेलू सोशल कॉमर्स प्लेटफॉर्म मीशो ने वित्त वर्ष 2023 में अपना घाटा 49 प्रतिशत कम करके 1,675 करोड़ रुपये कर दिया है, जो वित्त वर्ष 22 में 3,251 करोड़ रुपये था।

रिपोर्ट के अनुसार, परिचालन से कंपनी का राजस्व वित्त वर्ष 2013 में 77 प्रतिशत बढ़कर 5,735 करोड़ रुपये हो गया, जो वित्त वर्ष 2012 में 3,232 करोड़ रुपये था। वित्त वर्ष 2013 में हमारे प्रदर्शन ने हमें उन महत्वाकांक्षी लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद की जो हमने अपने लिए निर्धारित किए थे। मीशो ने एक बयान में कहा, हम अपने उपयोगकर्ता आधार की जरूरतों और प्राथमिकताओं को ध्यान में रखते हुए खोज-आधारित उत्पाद इंटरफ़ेस अपनाने वाले पहले मूवर्स में से थे, इनमें से अधिकांश ऑनलाइन शॉपिंग में नए हैं। सॉफ्टबैंक समर्थित कंपनी ने कम ग्राहक अधिग्रहण लागत और सर्वर और बुनियादी ढांचे के घटकों पर कम खर्च के कारण यह वृद्धि हासिल की। वित्त वर्ष 24 की पहली छमाही में, मीशो का परिचालन से राजस्व 3,521 करोड़ रुपये था और 141 करोड़ रुपये का घाटा हुआ था।

कंपनी के अनुसार, केवल इन

एएसबीए सुविधा के लिए एचडीएफसी बैंक सेकंडरी मार्केट में स्पोंसर और डेस्टिनेशन बैंक के रूप में कर रहा है काम

सेबी ने 1 जनवरी, 2024 को दी है इसकी अनुमति

मुंबई । 01 जनवरी, 2024 से भारतीय स्टॉक एक्सचेंज बाजार में ÷सेकेंडरी मार्केट में ब्लॉक्ड अमाउंट द्वारा समर्थित ट्रेडिंग÷ की अनुमति दी गई जिसमे एनएसई और बीएसई के कैश और इक्विटी डेरिवेटिव्स सेगमेंट में क्लियरिंग और सेटलमेंट बैंक एचडीएफसी बैंक ने एक स्पॉन्सर एंड डेस्टिनेशन बैंक के रूप में काम शुरू किया है।

सेबी और स्टॉक एक्सचेंजों ने 1 जनवरी 2024 से सेकंडरी मार्केट के लिए कैश सेगमेंट में ब्लॉक मैकेनिज्म के माध्यम से वैकल्पिक आधार पर ट्रेडिंग की अनुमति दी है। यह प्राइमरी मार्केट में एएसबीए की तर्ज पर है, जहां निवेशक के फंड उनके बचत खाते में ही रहेंगे और आवश्यक राशि को ब्लॉक कर दिया जाएगा, जबकि निवेशक को ट्रेडिंग करने के लिए राशि को पहले ही ब्रोकर के खाते में ट्रांसफर करने की आवश्यकता नहीं होगी।

बैंक अपने सिस्टम को एक्सचेंजों और संबंधित क्लियरिंग कॉर्पोरेशन के साथ एकीकृत करके सेबी की इस नई पहल का समर्थन कर रहा है। यह सिस्टम एकीकरण निवेशक सत्यापन, ब्लॉक क्रिएशन, रिलीज़, रिवोक, क्रियान्वयन और आखिर में रिकोंसिएलिएशन और रिपोर्टिंग की सुविधा देता है। यूपीआई समर्थित तकनीकी समाधान, ब्लॉक/फंड्स रिलीज़ निवेशकों को आसानी से मार्जिन और सेटलमेंट ऑब्लिगेशन को पूरा करने में मदद करता है।

देश में इलेक्ट्रॉनिक सामान का उत्पादन होगा 115 अरब, मोबाइल का 50 अरब डॉलर

नई दिल्ली। देश में वित्त वर्ष 2023-24 में इलेक्ट्रॉनिक सामानों का कुल उत्पादन 115 अरब डॉलर तक पहुंचने की संभावना है। इसमें सबसे ज्यादा योगदान मोबाइल फोन (50 अरब डॉलर से अधिक) का होगा। सेल्युलर एंड इलेक्ट्रॉनिक्स एसोसिएशन (आईसीईए) रविवार को यह अनुमान जारी किया। वित्त वर्ष के पहले नौ महीने में अप्रैल से दिसंबर तक देश ने इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण में 100 अरब डॉलर का आंकड़ा पार कर लिया है। इसमें मोबाइल फोन विनिर्माण का 44 अरब डॉलर का बड़ा योगदान है।

गहन विनिर्माण और स्थानीयकरण पर मजबूत फोकस के साथ मोबाइल फोन उद्योग पीसीबीए, चार्जर, बैटरी पैक, केबल आदि में लगभग आत्मनिर्भरता की स्थिति हासिल करने में सक्षम रहा है। देश अन्य वैल्यू चेन वस्तुओं के स्थानीयकरण की ओर भी बढ़ रहा है और मैकेनिक्स, डाई कट पार्ट्स, कैमरा मॉड्यूल, डिस्प्ले असेंबली आदि के स्थानीयकरण में पर्याप्त निवेश किया गया है।

आईसीईए के अध्यक्ष पंकज मोहिन्द्रू ने कहा, हमारा ध्यान मुख्य रूप से दुनिया के लिए विनिर्माण पर होना चाहिए कोई भी अर्थव्यवस्था या क्षेत्र अपने देश के लिए एक विशाल निर्यात आधार बनाए बिना महान नहीं बन सकता है। उन्होंने कहा, यह सही समय है कि मोबाइल फोन विनिर्माण क्षेत्र के उत्कृष्ट प्रदर्शन को भारतीय इलेक्ट्रॉनिक्स सिस्टम डिजाइन और विनिर्माण (ईएसडीएम) उद्योग के अन्य क्षेत्रों जैसे आईटी हार्डवेयर, वियरेबल्स एंड हियरेबल्स, इलेक्ट्रॉनिक घटकों आदि में दोहराया जाना चाहिए। सरकार ने 2025-26 तक 300 अरब डॉलर का इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण हासिल करने का लक्ष्य रखा है, जिसमें 100 अरब डॉलर निर्यात से आने की उम्मीद है। इसमें अकेले मोबाइल फोन के निर्यात में 50 अरब डॉलर से अधिक का योगदान होने का अनुमान है। आईसीईए ने कहा, भविष्य भी आशाजनक है। कुल 17 हजार करोड़ रुपये के पूंजीगत परिव्यय और वैल्यू चेन विकास पर स्पष्ट फोकस के साथ आईटी हार्डवेयर के लिए पीएलआई 2.0 निश्चित रूप से प्रभावशाली परिणाम देगा।

अपराध की दुनिया का नया दास्तां बयां करने वाली छत्तीसगढ़ी एवं हिन्दी फ़िल्म ' गैंग्स ऑफ रायपुर ' के नाम की घोषणा हुई

रायपुर। ट्राइबल वॉरियर प्रोडक्शन एवं के. एस. के. वर्क्स की प्रस्तुति आगामी हिंदी एवं छत्तीसगढ़ी में बनने वाली फ़िल्म ÷ गैंग्स ऑफ़ रायपुर÷ का आज स्थानीय लोकायन भवन में प्रसिद्ध निर्माता निर्देशक सतीश जैन , अलक राय , अमित जैन के मुख्य आतिथ्य एवं पत्रकार बंधुओ के बीच में फ़िल्म के नाम (टाइटल) की घोषणा की गई।

फ़िल्म के निर्माता साजिद खान एवं निर्देशक के. शिव कुमार नें संयुक्त रूप से बताया कि ÷गैंग्स ऑफरायपुर÷ एक काल्पनिक क्राईम ड्रामा है, जो की रायपुर शहर में हो रहे तमाम अपराधो से प्रेरित है, जिसका नाटकीय रूपांतरण इस फ़िल्म में दिखाई देगा । उन्होंने बताया कि यह फ़िल्म संभवतः 2024 की गर्मियो में देश एवं प्रदेश के सिनेमाघरो,मल्टीप्लेस में एक साथ रिलीज़ होगी। फ़िल्म के निर्देशक के.शिव कुमार व निर्माता साजिद खान(फ़िल्म निर्माण) में डेब्यू करेंगे । छत्तीसगढ़ सिनेमा इंडस्ट्री में और मेकर्स को फुल गारंटी भी देंगे की फ़िल्म में दर्शको को भरपूर बेहतरीन ड्रामा, एक्शन, इमोशन, कॉमेडी और रोमान्स के जरिये अपने चहेते दर्शको के लिए बेहतर मनोरंजक फ़िल्म बनाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि इस कहानी के रिर्सच में डायरेक्टर के. शिव कुमार व उनकी टीम 2021 से जुटी रही । उनके टीम मेम्बर्स में विनोद कुमार केमरामेन चेन्नई से है, जो कि तमिल सिनेमा में कई सालो से काम कर रहें है, और मयंक रैकवार एक कुशल एडिटर है, जो की मुम्बई के एक नामी प्रोडॅक्शन हॉउस में हॉलीवुड की कुछ फिल्मों के लिए (विएफअक्स) व एडिटिंग का काम कर चुके हैं । इस फ़िल्म के कलाकारों के लिए ऑडिशन 15 से 18 जनवरी को मोर माटी ऑफिस में 12 बजे से शाम 4 बजे के बीच रखा गया है 7 पहली बार छालीवुड की गालियों में गैंगवार होते देख दर्शक रोमांच से भर जायेंगे, जहां गूंजेगी गोलियों की तड़तड़ाहट, चलेगा धाय-धाय, अपराध की दुनिया का काला सच होगा उजागर, अपराधी और पुलिस के बीच चलेगा शह और मात का खेल, बुराई का होगा अंत, जीतेगा सच, अब होगा अंतिम फैसला। यह सब होगा छत्तीसगढ़ी, हिंदी फ़िल्म 'गैंग्स ऑफरायपुर' में।

फिल्म उरू पेरू भैरवकोना की रिलीज तारीख से उठा पर्दा

तेलुगु अभिनेता संदीप किशन का अगला उद्यम, माइकल को मिली जबरदस्त प्रतिक्रिया के बाद, ऊरु पेरू भैरवकोना है। वीआई आनंद द्वारा निर्देशित इस फिल्म ने हाल ही में काफी चर्चा बटोरी है, जिससे अभिनेता फिर से सुर्खियों में आ गए हैं।एक महत्वपूर्ण खुलासे में, फिल्म के निर्माताओं ने आधिकारिक तौर पर इसकी रिलीज की तारीख की घोषणा कर दी है। उरू पेरू भैरवकोना 9 फरवरी, 2024 को सिनेमाघरों में प्रदर्शित होने के लिए पूरी तरह तैयार है। उत्साह को बढ़ाने के लिए, एक आकर्षक और गहन पोस्टर का अनावरण किया गया है, जो फिल्म के सार को दर्शाता है। दिलचस्प बात यह है कि यह फिल्म सिद्धू जोनलागड्डा की टिल्लू स्क्वायर के साथ प्रतिस्पर्धा करने के लिए तैयार है, क्योंकि दोनों एक ही तारीख पर रिलीज होने वाली हैं।इस सिनेमाई पेशकश में मुख्य भूमिका वर्षा बोलम्मा द्वारा कुशलतापूर्वक निभाई गई है, जिसमें काव्या थापर, हर्षा चेमुडु, राजशेखर अनिंगी, वेनेला किशोर और कुशी रवि जैसे प्रतिभाशाली कलाकार शामिल हैं। हस्या मूवीज़ बैनर के तहत रेज़ेश डांडा द्वारा निर्मित, ऊरु पेरू भैरवकोना गर्व से खुद को एके एंटरटेनमेंट्स के साथ जोड़ता है और शेखर चंद्रा द्वारा रचित एक संगीत स्कोर का दावा करता है।

न्यूज गैलरी

सिवनी पुलिस विभाग मे हुए 5 उपनिरीक्षको के प्रमोशन,एसपी ने लगाए सितारे

सिवनी/नवप्रदेश। सिवनी जिले में उपनिरीक्षक पद पर पदस्त 5 पुलिस कर्मचारियों की पदोन्नति हुई है। जिन्हे निरीक्षक पद पर प्रमोशन मिला है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सिवनी पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार सिंह एवं अति. पुलिस अधीक्षक जी. डी. शर्मा द्वारा पुलिस मुख्यालय पी.एच.क्यू भोपाल द्वारा जारी उपनिरीक्षक से निरीक्षक (कार्यवाहक) प्रमोशन सूची अनुसार जिले मे पदस्थ 05 उपनिरीक्षको को जिला मुख्यालय कार्यालय मे निरीक्षक पद पर पदभार ग्रहण कराया गया। जहां जिला सिवनी में पदस्थ उपनिरीक्षक रोहित कुमार काकोडिया, उपनिरीक्षक संतोष कुमार धुर्वे, उपनिरीक्षक नंद किशोर धुर्वे, उपनिरीक्षक आशीष कुमार जैतवार एवं उपनिरीक्षक रोशनी नरें को पुलिस अधीक्षक सिवनी के कार्यालय मे एसपी राकेश कुमार सिंह एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जी. डी. शर्मा द्वारा निरीक्षक पद पर पदभार ग्रहण कराते हुए स्टार लगाए गए। साथ ही उपनिरीक्षको से निरीक्षक पद पर प्रमोट हुये सभी को भविष्य के लिये शुभकामनाऐ दी गई। तथा बेहतर कार्य करने की उम्मीद जताई।

रोमांचक मैच में जीतकर जबलपुर पहुची सेमीफाइनल में

केवलारी/नवप्रदेश। एकलव्य स्पोर्ट्स एकेडमी केवलारी के तत्वाधान में चल रहे अंतर्राज्यीय क्रिकेट महोत्सव के पांचवे दिन दूसरे क्वाटर फाइनल मैच स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के शाखा प्रबंधक श्री संदीप त्रिपाठी के मुख्य आतिथ्य में एवम श्री प्रशांत तिवारी (सभापति नगरपंचायत),आलोक अग्रवाल ,राजू ठाकुर ,दिनेश राय ,के विशिष्ट आतिथ्य में नरसिंगपुर एवं के के जबलपुर के बीच खेला गया। जिसमें पहले जबलपुर ने बल्लेबाजी करते हुए के के जबलपुर ने निर्धारित 20 ओवर में 216 रन का विशाल स्कोर बनाया।शानदार बल्लेबाजी करते हुए कनिष्क दुबे 75 रनों की पारी खेली।जवाब में नरसिंगपुर की टीम विशेष के आक्रामक 87 राण की बदौलत लक्छ के करीब पहुचकर मैच में रोमांच ला दिया।ओर जबलपुर मैच 14 रानो से जीत गई।अपने श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए कनिष्क को मेन ऑफ द मैच दिया गया। प्रतियोगिता का प्रथम सेमीफाइनल कल दोपहर 12 बजे से के के जबलपुर एवम नागपुर के बीच खेला जाएगा। एकलव्य स्पोर्ट्स एकेडमी केवलारी के अध्यक्ष श्री अमित तिवारी,उपाध्यक्ष श्री बाबा भाई सचिव श्री नितिन बघेल सहसचिव श्री अभय अग्रवाल, कोषाध्यक्ष श्री निर्मल सिंह बघेल ने आम जनों से इस आयोजन को सहयोग कर सफल बनाने की अपील की है।

3 महीने से बंधक बनाकर करवा रहे थे मजदूरी

सिवनी/नवप्रदेश। सिवनी जिले के छपारा थाना अंतर्गत कुछ लोग मजदूरी करने गए हुए थे। जिन्हें बंधक बनाकर काम लिया जा रहा था। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार छपारा थाना में आवेदक संदेश पंद्राम पिता दुखराम पंद्राम निवासी ग्राम रायगढ़ थाना क्षेत्र छपारा ने एक लिखित आवेदन थाने में दिया था। जिसमे उल्लेख किया था की उसके पिता माता व बहन सहित ग्राम कमकासुर के करीब 10 लोगों को मजदूरी करने कहकर अपने साथ ग्राम लोवडी थाना मल्हारपेट जिला सतारा पुणे महाराष्ट्र राज्य ले जाकर उन्हें करीबन तीन माह से बंधक बनाकर मजदूरी करवाई जा रही है। जिसके पैसे भी नहीं दे रहे हैं। जिससे वे परेशान है।

छपारा पुलिस ने 10 बंधक मजदूरों को सुरक्षित छुड़वाया

इस आवेदन पर पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस टीम तैयार कर निर्देशित करने पर सहायक उप निरीक्षक नियाज खान, प्रधान आरक्षक देवी सिंह मजदूरों के परिजनों के साथ ग्राम लोवडी थाना मल्हारपेट जिला सातारा पुणे महाराष्ट्र पहुंचे। और स्थानीय पुलिस की मदद से बंधक बनाए गए दुखमान पिता फततु सिंह, पप्पू पिता हीरामन यादव, ओम प्रकाश पिता सीजकुमार, श्रीमती सुकरती बाई पति सुमेरा, सुक्को बाई पति अकबर कुमरे, रामकुमार पिता झनक सिंह, कल्लो बाई पति अनीस कुमरे, ग्यारसीवती पति पप्पू यादव, छाया पिता दुखमान और गंगा दुलारी पिता दुखमान को मुक्त कराकर थाना छपारा लाया गया। सभी मजदूरों को परिजनों के सुपर्द कर दिया गया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी सौरभ पटेल, सहायक उप निरीक्षक नियाज खान, प्रधान आरक्षक देवी सिंह राजपूत अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे। बताया जा रहा है कि क्षेत्र से मजदूरी के लिए बड़ी संख्या में लोगों का पलायन अन्य प्रदेशों की ओर हर वर्ष होता है। और उनकी माली हालत का फायदा उठाकर उन्हें बंधक मजदूर बनकर कार्य करवाया जाता है। कुछ माह पूर्व भी क्षेत्र से मजदूरी करने महाराष्ट्र गए एक दर्जन लोगों को इसी प्रकार से बंधक मजदूर बनाकर मारपीट कर वहां रखा गया था। जिसे छपारा पुलिस के द्वारा परिजनों की शिकायत पर विशेष दल ने पहुंचकर उन्हें छुड़वाकर वापस गांव पहुंचाया था।

दो दिवसीय राज्य स्तरीय कराते प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

सिवनी/नवप्रदेश। सिवनी में जिला कराते संघ एवं ट्रेडिशनल एंड स्पोर्ट्स शोतोकान कराते डू इंडिया के तत्वावधान में स्थानीय अग्रवाल धर्मशाला सिवनी में दो दिवस राज्य स्तरीय कराते चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। जो रात्रि तक आयोजित हुई। शिहांन ओमकार कश्यप मुख्य कराते मास्टर ने बताया कि इस चैंपियनशिप में 350 खिलाडिड़ों में भाग लिया। इस प्रतियोगिता में प्रदेश के कई जिलों से खिलाड़ियों ने कुमिते,फाइट, काता,वैपन्स सहित मार्शल आर्ट्स की कई विधाओं का प्रदर्शन किया। वहीं बताया कि बालिकाओं के लिए मार्शल आर्ट आत्मरक्षा की सबसे बेहतरीन कला है।खिलाड़ियों को कराते के निरंतर अभ्यास से होने वाले लाभ को भी बताया। विशेष तौर पर छात्राओं, महिलाओं के साथ आये दिन होने वाली घटनाओं को मुहतोड़ जवाब देने के लिए कराटे को बेहतर बताया। सिवनी लगातार 40 वर्षों से छात्र-छात्राओं एवं महिलाओं व नवयुवकों को जिला कराते संघ सिवनी के माध्यम से आत्मरक्षा मार्शल आर्ट प्रशिक्षण दिया जा रहा है। स्थानीय खिलाड़ियों के आगे बड़ने के प्रयास इस प्रतियोगिता के माध्यम से किया जाता है। इस चैंपियनशिप के समापन कार्यक्रम में मुख्य अथिति डॉ.

मध्यभारत का पहला सुनियोजित शहर बनेगा जबलपुर - मुख्यमंत्री डॉ.यादव

रोजगार आधारित उद्योग लगाने के लिए स्थानीय उद्योगपतियों को मिलेगा अवसर

पिछले तीन माहों में 9 सेक्टरों में 9567 करोड़ रूपये का हुआ निवेश, 19 हजार से अधिक को मिला रोजगार

अब जिला स्तर भी होगी इन्वेस्टर्स मीट

भोपाल/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि जिलों और विधानसभा क्षेत्रों में उपलब्ध संसाधनों के आधार पर रोजगार आधारित औद्योगिक इकाइयों की स्थापना के लिए पांच वर्षीय रोडमेप तैयार किया जाएगा। साथ ही प्रदेश और जिलों के उद्योगपतियों की जिला स्तर पर इन्वेस्टर समिट आयोजित की जायेगी। उन्होंने कहा कि अभी भी कई सेक्टर ऐसे है जहां निवेश और रोजगार के असीमित अवसर है। उन सेक्टरों पर फोकस किया जाएगा। उन्होने स्थानीय उद्योगपतियों को प्रोत्साहित किया जायेगा। मुख्यकमंत्री डॉ. यादव ने आज जबलपुर में आयोजित विकास कार्यो की समीक्षा बैठक में यह निर्देश दिये। उन्होंने जनजातीय जिलों बालाघाट, मंडला और डिंडोरी की वनीय परिस्थितियों को देखते हुए कहा कि उद्योगों के लिए जहां बिजली की समस्या है वहां के लिए एक अलग योजना और कार्यक्रम बनाया जायेगा। इन क्षेत्रों में वहां की जलवायु और परिस्थितियों को देखते हुए पशुपालन और पर्यटन जैसे क्षेत्रों को बड़ावा दिया जायेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इन जिलों में माइनिंग और डेयरी व्यवसाय पर फोकस करने को कहा।

विगत तीन वर्षों में हुआ महाकौशल क्षेत्र में निवेश

प्रमुख सचिव उद्योग श्री संजय शुक्ला ने पिछले तीन माहों में महाकौशल क्षेत्र के औद्योगिक क्षेत्र में आये व्यापक बदलाव की जानकारी दी । उन्होंने बताया कि महाकौशल में 9 सेक्टरों में सीमेंट, टेक्सटाइल, लोहा एवं इस्पात, कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण, एथेनॉल, इंजीनियरिंग, एफएमसीजी और निर्माण सामग्री में बदलाव आया है। तीन महीनों में 9567 करोड़ रुपये का निवेश हुआ है जबकि 19हजार 716लोगों के लिए नए रोजगार सृजित हुए है।

महाकौशल में प्रस्तावित नई परियोजनाएं

राज्य शासन के उद्योग विभाग द्वारा महाकौशल क्षेत्र में आगामी नवीन परियोजनाओं की तैयारी की गई है। इनमें सिहोरा में 1379 एकड़ क्षेत्र में प्रमुख अधोसंरचना (ट्रंक इंफ्रास्ट्रक्चर) कार्य प्रस्तावित है। इसकी अनुमानित लागत 240 करोड़ रुपये है। इसी तरह औद्योगिक क्षेत्र बुरकलखापा सिवनी में 11 करोड़ रुपये की लागत के कार्य, ग्राम सिमरा एवं कैलवारा खुर्द, कटनी के रहती में ही लगभग 400 एकड़ में कटनी से 20 किमी. दूर व स्टेट हाईवे से 3 किमी. और हरदुआ रेलवे स्टेशन से 1 किमी दूरी पर स्थापित करने की योजना है।

महाकौशल में निर्माणाधीन परियोजनायें और नवीन औद्योगिक क्षेत्र

औद्योगिक क्षेत्र उमरिया डंगरिया, जिला जबलपुर का विस्तार 60.5 एकड़ में किया जा रहा है। इंडस्ट्रियल पार्क नरसिंहपुर-दो का विकास, औद्योगिक क्षेत्र टिकरिया कटनी का विकास 7.72 करोड़ रुपये से किया जा रहा है। औद्योगिक क्षेत्र हरगड़ में 19.22 करोड़ रुपये की लागत से किया जा रहा है। साथ ही औद्योगिक विकास केंद्र मनेरी मंडला में 45.36 करोड़ से डिस्ट्रीब्यूशन पाईप लाइन का कार्य चल रहा है। औद्योगिक विकास केंद्र मनेरी मंडला में भी 19.56 करोड़ की लागत से विस्तार कार्य किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने जबलपुर नगर विकास की नई अवधारणा को सराहा

विकास कार्यो की समीक्षा बैठक में जबलपुर कलेक्टर सौरभ कुमार सुमन ने मध्य भारत के सुनियोजित शहर निर्माण की रूपरेखा प्रस्तुत की। जिसमें नमामि देवी नर्मदे परियोजना को विशेष रूप से रेखांकित किया गया है। उन्होंने कहा कि इसमें स्थानीय 18 घाटों को एक दूसरे से ऐसे कनेक्ट किया जाएगा। इससे पर्यटन के अवसर बनेंगे। इन सभी घाटों पर 15 से 20 मिनट में सुगमता से आवागमन किया जा सकेगा। इसी में आरोग्य धाम ग्राम भी विकसित होगा। इसके अलावा 15 वें वित्त आयोग के ईनक्यूबेशन ऑफ 8 न्यू सिटीज के तहत जबलपुर में टेक्सटाइल एवं लॉजिस्टिक क्लस्टर का प्रस्ताव भारत शासन को प्रेषित किया गया है। इसकी कुल लागत 3727.16 करोड़ रुपये है। इस योजना का कुल क्षेत्र 332 हेक्टेयर प्रस्तावित है। इसमें पूर्व से जबलपुर के गारमेंट व्यवसाय का विस्तार करने के लिए जबलपुर टेक्सटाइल एवं लॉजिस्टिक क्लस्टर प्रस्तावित किया गया है। जो पर्यावरण को ध्यान में रखतें हुए नेट जीरो डिस्चार्ज एवं ग्रीन प्रौद्योगिकी का समावेश शामिल है। साथ ही पब्लिक प्रायवेट पार्टनरशिप के माध्यम से होटल, अस्पताल, स्कूल, मॉल, लॉजिस्टिक पार्क, हाइराइज एवं अन्य रहवासी इमारतों का निर्माण किया जाएगा। प्रस्तावित क्लस्टर से 50 हजार लोगों को प्रत्यक्ष रूप से तथा 20 हजार लोगों को अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार सृजन की संभावना बताई गई है। वहीं ग्लोबल स्किल पार्क का निर्माण राज्य शासन के सहयोग से किये जाने की जानकारी दी गई।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जबलपुर कलेक्टर द्वारा नगर विकास की प्रस्तुत की गई अवधारणा की सराहना की।

बैठक में पंचायत एवं ग्रामीण विकास एवं श्रम मंत्री श्री प्रहलाद पटेल, लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह, परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री श्री राव उदय प्रताप सिंह, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके, केन्द्रीय इस्पात एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री फग्गन सिंह कुलस्ते, खजुराहो सांसद एवं प्रदेश भाजपा अध्यक्ष श्री बी डी शर्मा, संभाग के सभी जिलों के सांसद व विधायकगण, महापौर, सहित मुख्य सचिव श्रीमती वीरा राणा, जबलपुर संभाग के प्रभारी अपर मुख्य सचिव श्री विनोद कुमार और ए डी जी पी श्री चंचल शेखर, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव श्री राघवेन्द्र सिंह, आयुक्त जनसंपर्क श्री संदीप यादव संभागायुक्त श्री अभय वर्मा एडीजीपी श्री उमेश जोगा, आईजी बालाघाट श्री संजय कुमार और जिलों के कलेक्टर्स, पुलिस अधीक्षक और जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी उपस्थड़ित थे।

केरवा नदी में डूबने से भोपाल के युवक की मौत

डॉग को बचाने 10 फीट गहरे पानी में कूदा; 2 युवतियों के साथ घूमने गया था

भोपाल/नवप्रदेश। भोपाल की केरवा नदी में डूबने से एक युवक की मौत हो गई। घटना बुधवार सुबह करीब 10.30 बजे की है। वह 2 युवतियों के साथ घूमने गया था। नदी पार करते वक्त उनके साथ गया डॉग बहने लगा। जिसे बचाने वह पानी में कूद गया। उसके पीछे दोनों युवतियों ने भी छलांग लगा दी। कुछ देर बाद युवतियां जैसे-तैसे किनारे पर पहुंच गई। डॉग भी पानी से बाहर निकल आया। लेकिन, युवक नहीं निकला तो डायल 100 को सूचना दी गई। मौके पर पहुंचे गोताखोरों ने 10 फीट गहरे पानी में 3 घंटे सर्चिंग के बाद शव बाहर निकाला। जब शव बाहर निकाला गया तो उसके चेहरे पर जख्म के निशान थे। बताया जा रहा है कि ये पत्थर से टकराने या झाड़ियों में फंसने की वजह से हुए होंगे। रातीबड़ थाने के ASI अंतराम यादव ने बताया कि 23 वर्षीय सरल निगम पिता सुधीर निगम एमएसीटी कॉलेज (मौलाना आजाद कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी) में एमटेक का छात्र था। इसी वर्ष वह पास आउट हुआ था। वह भोपाल के चूना भट्टी स्थित सागर गार्डन कॉलोनी में रहता था।

भोपाल/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जबलपुर में केबिनेट बैठक के पूर्व भगवान श्री गणेश जी की पूजा अर्चना की।

फैसला — सीएम डॉ. मोहन यादव बोले- मैं खुद मजदूर का बेटा, ऐसी भाषा वाले बर्दाश्त नहीं

औकात बताने वाले कलेक्टर को हटाया

शाजापुर/नवप्रदेश। शाजापुर कलेक्टर किशोर कन्याल को राज्य सरकार ने हटा दिया है। उनकी जगह नरसिंहपुर कलेक्टर ऋजु बाफना को शाजापुर भेजा है। बस-ट्रक ड्राइवरों की हड़ताल के दौरान मंगलवार को एक बैठक में कन्याल और ड्राइवर्स के बीच गहमा-गहमी हो गई थी। उन्होंने ड्राइवर से कहा था कि समझ क्या रखा है? क्या करोगे तुम, तुम्हारी औकात क्या है?

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार सुबह किशोर कन्याल को हटाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा, मनुष्यता के नाते ऐसी भाषा हमारी सरकार में बर्दाश्त नहीं है। मैं खुद मजदूर परिवार का बेटा हूं। अधिकारी भाषा और व्यवहार का ध्यान रखें। जो अधिकारी ऐसी भाषा बोलते हैं, उन्हें मैदान में रहने का अधिकार नहीं है।

पूरा घटनाक्रम जान लीजिए

किशोर कन्याल ड्राइवर्स एसोसिएशन के सदस्यों से कह रहे थे कि कोई कानून को अपने हाथ में नहीं लेगा। इसी दौरान एक ड्राइवर ने कलेक्टर को कहा- अच्छे से बोलो। यह सुनकर कन्याल भड़क गए और कहा- गलत क्या है। समझ क्या रखा है? क्या करोगे तुम, तुम्हारी औकात क्या है? इसके बाद ड्राइवर ने कहा- यही तो हमारी लड़ाई है, हमारी कोई औकात नहीं है। इसके बाद कलेक्टर ने कहा- लड़ाई ऐसे नहीं होती है। कृपया कोई भी कानून अपने हाथ में न ले। आपकी सारी बातों को सुनने के लिए ही यहां बुलाया गया है। कलेक्टर के नाराजगी जताने पर ड्राइवर ने माफी मांग ली थी।

किशोर कन्याल ने बाद में सफाई भी दी

किशोर कन्याल ने अपनी सफाई में कहा था, मेरा उद्देश्य किसी को ठेस पहुंचना नहीं था। जिले में किसी को भी कानून व्यवस्था तोड़ने नहीं दिया जाएगा। आमजन की सुरक्षा की जिम्मेदारी हमारी है और किसी भी स्थिति में कानून व्यवस्था की स्थिति निर्मित नहीं होने देंगे। कानून तोड़ने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करेंगे। बाद में कन्याल ने माफी भी मांग ली थी।

नौ महीने ही कलेक्टर रहे कन्याल

किशोर कन्याल राज्य प्रशासनिक सेवा से नौकरी में आए हैं। उनको 2013 में आईएएस अवार्ड हुआ है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक यशवंत धोटे द्वारा हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित एवं फ्लैट नंबर 402 , कौशल्या विहार , नेपियर टाउन , 482001 से प्रकाशित, मो. 6262188999 (न्याय क्षेत्र जबलपुर) ।